@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 29 जून 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 221 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## तमिलनाडु विधानसभा ने सर्वसम्मति से नीट प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, 28 जून। तमिलनाडु विधानसभा ने एक बार फिर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा से छूट देने का आग्रह किया। इसके साथ ही प्लस टू परीक्षा के अंकों के आधार पर छात्रों को मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने की अनुमति देने की मांग की। भाजपा की सहयोगी पीएमके ने मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन किया। सीएम स्टालिन ने सदन में कहा कि यह परीक्षा भेदभावपूर्ण थी। इसमें ग्रामीण और गरीब छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। अन्नाद्रमुक नेता और पूर्व सीएम एडप्पादी पलानीस्वामी ने द्रमुक पर नीट (ह्श्वश्वञ्ज) को खत्म करने के लिए कम प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया, तीसरी बार विधानसभा में प्रस्ताव लाने का क्या मतलब है? अन्नाद्रमुक नेता ने कहा, यह द्रमुक सरकार का राजनीतिक ड्रामा है। लोग पर ऐसे राजनीतिक हथकंडों पर विश्वास नहीं करते हैं। विधानसभा में भाजपा नेता नैनार नागेंद्रन ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, नीट की जरूरत है। नीट के खिलाफ विधानसभा का प्रस्ताव अस्वीकार्य है। हम वॉक आउट कर रहे हैं। नागेंद्रन के साथ अन्य भाजपा नेताओं ने भी वॉक आउट किया। सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि गरीब और ग्रामीण छात्रों के लिए चिकित्सा शिक्षा को पहुंच के बाहर करने के अलावा नीट ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को भी प्रभावित करेगा।

# भारी बारिश से दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 की छत गिरी, एक की मौत

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 28 जून। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर बारिश की वजह से छत गिरने से वहां मौजूद कई कारें दब गईं। हादसे में छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक शख्स की मौत हो गई है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची है। रेस्क्यू का काम शुरू कर दिया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है और चेक-इन काउंटर बंद कर दिए गए हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचे हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा पूरी तरीके से जांच के बाद ही कल से टर्मिनल वन को शुरू किया जाएगा। सरकार की तरफ से मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का एलान किया है। वहीं, घायलों को तीन लाख रुपये मदद देने की घोषणा की गई है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा, भारी बारिश के कारण एयरपोर्ट के बाहर छतरी का एक हिस्सा ढह गया है। हम इस दुखद घटना में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं, चार लोग घायल भी हुए हैं। इसलिए हम अभी उनका ख्याल रख रहे हैं। हमने तुरंत आपातकालीन



प्रतिक्रिया दल, अग्नि सुरक्षा दल और ष्ट्रढ्ढस्न, ह्ष्ठत्रन्न की टीमों को भेजा। सभी लोग मौके पर मौजूद थे और उन्होंने पूरी तरह से निरीक्षण किया है ताकि कोई और हताहत न हो। इसलिए अभी स्थिति नियंत्रण में है। टर्मिनल बिल्डिंग के बाकी हिस्से को बंद कर दिया गया है और हर चीज की पूरी तरह से जांच की जा रही है ताकि यहां कोई और अप्रिय घटना न हो दिल्ली एयरपोर्ट हादसे को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस और भाजपा ने एक दूसरे पर हमला बोला है। कांग्रेस ने एयरपोर्ट की छत गिरने को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। जबकि सरकार ने भी पलटवार कर कहा है कि इसका निर्माण यूपीए सरकार में हुआ था। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि जिस जगह हादसा हुआ, वो 2009 में बना था। कांग्रेस ने दिल्ली हवाईअड्डे की छत गिरने की घटना को लेकर शुक्रवार को मोदी सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हादसे के लिए भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही मोदी सरकार के पिछले 10 साल में घटिया इंफ्रास्ट्रक्चर के ताश के पत्तों की तरह ढहने के लिए जिम्मेदार है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मार्च में प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया था, आज उसकी छत ढह गई जिसमें एक कैब ड्राइवर की दुखद मृत्यु हो गई। तीन महीने पहले प्रधानमंत्री जी ने जिस जबलपुर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था, उसकी भी छत ढह गई। अयोध्या में निर्माण कार्यों के खस्ताहाल पर पूरा देश दुखी है। यह भाजपा का चंदा लो और धंधा दो का भ्रष्टाचारी मॉडल है जिससे अब पर्दा उठ चुका है। सवाल यह है कि प्रधान उद्घाटन मंत्री जी क्या इन घटिया निर्माण कार्यों और इस भ्रष्टाचारी मॉडल की जिम्मेदारी लेंगे? दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा गिरने से छह लोग घायल हो गए। मलबा कई कारों और टैक्सियों के ऊपर गिरा। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि छत की शीट के अलावा, सपोर्ट बीम भी ढह गई, जिससे टर्मिनल के पिक-अप और ड्रॉप क्षेत्र में खड़ी कारों को नुकसान पहुंचा। क्षतिग्रस्त वाहनों में कोई और न फंसा हो, ये सुनिश्चित करने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि छह में से एक को कार से बचाया गया, जिस पर लोहे की बीम गिरी थी। सुबह करीब साढ़े पांच बजे डीएफएस को घटना के बारे में कॉल मिलने के बाद तीन दमकल गाड़ियों को हवाईअड्डे पर भेजा गया।

# संसद में चर्चा नहीं करने दी गई, ये दुर्भाग्यपूर्ण: राहुल गांधी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 28 जून। लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नीट मामले को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट मामले में चर्चा की मांग की। इस बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीट का मुद्दा उठाने पर राहुल गांधी का माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, मामला शांत न होता देख लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के पर राहुल गाांधी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है जो देश में लाखों परिवारों को परेशान कर रहा है। राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें आज संसद में नीट परीक्षा और पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा करने की अनुमति नहीं दी गई। यह एक गंभीर चिंता का विषय है जो पूरे भारत में लाखों परिवारों को परेशान कर रहा है। राहुल ने कहा, हम प्रधानमंत्री से इस मुद्दे पर बहस करने और छात्रों को वह सम्मान देने का आग्रह करते हैं जिसके वे हकदार हैं। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी को समझाया कि पीठासीन अध्यक्ष के पास कोई बटन नहीं होता जिससे माइक बंद किया जाता है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा था कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आप इन मुद्दों को उठा सकते हैं। हालांकि, विपक्ष इस मांग पर अड़ा रहा कि सदन में पहले नीट पर चर्चा होनी चाहिए। मामला शांत न होता देख सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। केवल लोकसभा में ही नहीं बल्कि राज्यसभा में भी नीट मामले को लेकर चर्चा की मांग करने पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का माइक बंद कर दिया। कांग्रेस ने इसे तानाशाही करार दिया। कांग्रेस ने एक पोस्ट में कहा कि जहां एक ओर नरेंद्र मोदी नीट पर कुछ नहीं बोल रहे, उस वक्त विपक्ष के नेता राहुल गांधी, युवाओं की आवाज सदन में उठा रहे हैं, लेकिन ऐसे गंभीर मुद्दे पर माइक बंद करने जैसी ओछी हरकत करके युवाओं की आवाज को दबाने की साजिश रची जा रही है।



## पुलिस प्रमुख अमितेश के बचाव में आए उपमुख्यमंत्री फडणवीस

मुंबई, 28 जून। पुणे पोर्श कांड अभी भी सुर्खियों में बना हुआ है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा को बताया कि पोर्श हादसे की जांच में पुणे पुलिस प्रमुख अमितेश कुमार की सक्रिय भूमिका थी। ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। फडणवीस ने अटेंशन प्रस्ताव के जरिए उठाए गए इस हाई प्रोफाइल मामले पर चर्चा के दौरान यह बात कही। बहस के दौरान विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने पुणे पुलिस आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। वहीं, रुपये देकर मामले को दबाने की कोशिश करने की बात को स्वीकार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, इसकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हमें यह देखना होगा कि कानूनों को और मजबूत कैसे किया जा सकता है। मामला गंभीर है, लेकिन पुणे पुलिस को बदनाम करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मामले में कार्रवाई की है। दोषी पुलिस अधिकारियों को दंडित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने हादसे की जांच में सक्रिय भुमिका निभाई है। ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है, जिससे उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाए। दुर्घटना 19 मई को सुबह करीब 2.15 बजे हुई थी। 17 वर्षीय किशोर अपने दोस्तों के साथ पुणे के दो पब में 12वीं कक्षा के परिणाम का जश्न मनाने बाद वापस लौट रहा था। तभी उसने कल्याणी नगर इलाके में दो 24 वर्षीय आईटी पेशेवरों को टक्कर मार दी। वह 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से 2.5 करोड़ रुपये की पोर्श चला रहा था। बाइक चला रहे अनीश अवधिया और पीछे बैठे अश्विनी कोष्टा की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## खरगे के सदन के वेल में जाने से नाराज हुए सभापति जगदीप धनखड़

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 28 जून। राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नीट मामले को लेकर हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने नीट मामले पर चर्चा की मांग की। इस बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीट का मुद्दा उठाने पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, नीट मामले पर चर्चा को लेकर हंगामे के बीच खरगे सभापति जगदीप धनखड़ के वेल में आ गए। इसपर सभापति धनखड़ नाराज हो गए और उन्होंने इस हरकत को भारतीय संसद के इतिहास में कलंकित दिन बताया। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने खरगे की इस हरकत की निंदा की। उन्होंने कहा, आज भारतीय संसद के इतिहास में ऐसा कलंकित दिन है कि विपक्ष के नेता खुद वेल में आ गए हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। मैं दुखी हूं, स्तब्ध हूं। भारतीय संसदीय परंपरा इस हद तक गिर जाएगी कि



विपक्ष के नेता वेल में आ जाएंगे, उपनेता वेल में आ जाएंगे। हालांकि, नीट मामले को लेकर हंगामे के बीच धनखड़ ने रास्यसभा को स्थगित कर दिया। राज्यसभा के स्थगित होने पर मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मैंने सदन में 10 मिनट तक हाथ ऊपर करके रखा लेकिन चेयरमैन ने मेरी तरफ नहीं देखा। उन्होंने जानबूझकर मुझे नजरअंदाज करके मेरा अपमान किया। उनका ध्यान खींचने के लिए मैं अंदर(वेल में) गया। केवल राज्यसभा में ही नहीं लोकसभा में भी नीट मामले को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट मामले पर चर्चा की मांग की।

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया ने सीएम योगी को लिखा पत्र

लखनऊ, 28 जून। यूपी में ओबीसी समाज की नियुक्ति को लेकर एनडीए में ही सवाल उठने लगे हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा कि ओबीसी अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की साक्षात्कार वाली नियुक्तियों में ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को यह कहकर छांट दिया जाता है कि वह योग्य नहीं हैं और बाद में इन पदों को अनारक्षित घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आप भी सहमत होंगे कि अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति से आने वाले अभ्यर्थी भी इन परीक्षाओं में न्यूनतम अर्हता की परीक्षा अपनी योग्यता के आधार पर ही पास करते हैं और अपनी योग्यता के आधार पर ही इन साक्षात्कार आधारित परीक्षाओं के लिए अर्ह पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया भले ही कई बार में पूरी हो लेकिन हर हाल में सीटें उन्हीं वर्गों से भरी जाएं जिनके लिए आरक्षित की गई हों न कि योग्य नहीं होने की बात कहकर सीटों को अनारक्षित कर दिया जाए।

## सुधांशु त्रिवेदी ने नेहरू को लेकर कांग्रेस को सुनाई खरीखोटी

नई दिल्ली, 28 जून। संसद के दोनों सदनों में शुक्रवार को एक ही मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ने नीट-यूजी परीक्षा में हुई धांधली पर सदन में सबसे पहले चर्चा करने की मांग की। मामला शांत न होता देख लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा में भी यही मुद्दा सुनाई दिया। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने चुनाव नतीजों का जिक्र करते हुए विपक्ष को जमकर सुनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तीन चुनाव के बाद भी तीन अंकों में नहीं पहुंच पाई। फिर भी इतनी खुश है। इसके पीछे वह मानसिकता है, जिसमें फेल होने वाला बच्चा यदि थर्ड डिविजन से भी पास हो जाए तो बहुत खुश होता है। सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा, तीसरी बार में भी तीन डिजिट में न आ पाने वाले लोग आखिर जश्न क्यों मना रहे थे। इसकी वजह यह थी कि लगातार फेल होने वाला बच्चा यदि ग्रेस मार्क्स से पास हो जाए तो बहुत खुशी होती है। वहीं हमेशा डिस्टिंक्शन पाने वाले को यदि फर्स्ट डिविजन मिले, तब भी वह दुखी होता है। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा, पहले के दौर में डिविजन पता चलती थी और रिजल्ट में उसे रोमन नंबर में लिखा जाता था। मेरे मोहल्ले में एक बार एक बच्चा फर्स्ट डिविजन से पास हुआ और दूसरा थर्ड से। फर्स्ट डिविजन से पास होने वाला दुखी था क्योंकि उसे मेरिट की उम्मीद थी। वहीं थर्ड डिविजन वाला बहुत खुश था। उससे लोगों ने पूछा कि ऐसा क्या है कि खुश हो। इस पर थर्ड डिविजन वाले ने कहा कि मेरा भी डिविजन फर्स्ट है और उसके साथ दो बॉडीगार्ड भी मिले हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि बीते 40 सालों से कांग्रेस को 240 सीटें नहीं मिल पाई हैं। सिर्फ नरसिम्हा राव जी को 232 सीटें चुनाव में मिली थीं।

# नीट मामले पर सरकार ने सीबीआई जांच का सही फैसला किया: पूर्व पीएम देवेगौड़ा

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 28 जून। नीट के मुद्दे पर संसद से लेकर सड़क तक हंगामा जारी है। राज्यसभा में भी आज नीट पेपर लीक को लेकर विपक्षी सांसदों ने सरकार को घेरने की कोशिश की। इस दौरान सदन में काफी हो-हल्ला हुआ। जिस पर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने विपक्ष से अपील की कि वे सदन को सुचारू रूप से चलने दें और सरकार तब तक जिम्मेदारी तय नहीं कर सकती, जब तक इस मामले में जांच पूरी नहीं हो जाती। राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। इस दौरान सांसदों ने नारेबाजी की और सदन के वेल तक चले गए। इस पर पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि नीट में अनियमितता से लाखों छात्र प्रभावित हुए हैं। मैं इस मामले में किसी का पक्ष नहीं लेना चाहता। सरकार ने सही फैसला (सीबीआई को जांच सौंपकर) किया है। उन्होंने कहा कि अभी जांच चल रही है और जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक सरकार इस मामले में किसी की जिम्मेदारी तय नहीं कर सकती है। इसलिए विपक्षी सांसदों को सदन को चलने देना चाहिए। हालांकि देवेगौड़ा की अपील के बावजूद विपक्षी सांसद नहीं माने तो इस पर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष देवेगौड़ा जैसे वयोवृद्ध नेता की बात भी नहीं सुन रहा है। नीट में हुई अनियमितताओं के मुद्दे पर नियम 267 के तहत सभापति जगदीप धनखड़ को कुल 22 नोटिस मिले थे जिनमें नियत कामकाज स्थगित कर इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की गई थी। अपनी मांग को लेकर विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र की बैठक को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार पेपर लीक की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने यह भी कहा है कि सरकार परीक्षाओं से जुड़ी संस्थाओं, उनके कामकाज के तरीके में व्यापक सुधार की दिशा में काम कर रही है। धनखड़ ने कहा कि चूंकि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज ही आरंभ होनी है, लिहाजा सदस्य इस मौके का लाभ उठाकर नीट से जुड़ी चिंताओं पर अपनी बात रख सकते हैं। यह कहते सभापति ने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए, जिसके बाद विपक्षी सदस्यों का हंगामा और शोरगुल और भी तेज हो गया।



## नीट को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू करें: ममता बनर्जी

नई दिल्ली, 28 जून। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नीट के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र में ममता बनर्जी ने नीट को समाप्त करने की मांग की है। बंगाल सीएम ने लिखा है कि नीट को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू की जाए। उल्लेखनीय है कि पुरानी व्यवस्था के अंतर्गत



राज्य सरकारों द्वारा नीट परीक्षा का आयोजन कराया जाता था। पत्र में ममता बनर्जी ने लिखा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक होने, परीक्षा कराने वाले अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने, छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने आदि के गंभीर आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों पर तुरंत ध्यान देने और पूरी निष्पक्षता से जांच कराने की जरूरत है। इन घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ऐसी घटनाएं न सिर्फ देश में मेडिकल परीक्षा की गुणवत्ता से समझौता हैं बल्कि इसका देश में स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। ममता बनर्जी ने मांग की कि नीट की पुरानी व्यवस्था लागू की जाए, जिसके तहत राज्य सरकार परीक्षा कराएं। उन्होंने लिखा कि साल 2017 से पहले राज्यों को मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए अपनी प्रवेश परीक्षाएं कराने की मंजूरी थी और केंद्र सरकार भी प्रवेश परीक्षा कराती थी। यह व्यवस्था आराम से काम कर रही थी और इसमें ज्यादा परेशानी भी नहीं थी। राज्य सरकार आमतौर पर हर डॉक्टर पर करीब 50 लाख रुपये खर्च करती है, ऐसे में राज्य सरकार को ही मेडिकल छात्रों को चुनने की आजादी मिलनी चाहिए। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पूरी नीट परीक्षा को केंद्रीकृत कर दिया है और बिना राज्य सरकारों की संलिप्तता के मेडिकल कोर्सों में होने वाले एडमिशन पर अपना पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य और संघीय ढांचे का उल्लंघन है। बंगाल सीएम ने ये भी आरोप लगाया कि मौजूदा सिस्टम की वजह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है और इससे सिर्फ अमीरों को फायदा मिला है और गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि एनटीए द्वारा आयोजित कराई गई नीट परीक्षा को लेकर धांधली के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि नीट का पेपर लीक हुआ है और इस मामले में कुछ गिरफ्तारियां भी हुई हैं। सीबीआई नीट पेपर लीक की जांच कर रही है।

# जेल से निकलने के बाद हेमंत का हमला, मेरे खिलाफ रची गई साजिश

**नरेश मल्होत्रा**

रांची, 28 जून। झारखंड में कथित जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में जेल में बंद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिल गई है। वहीं हेमंत सोरेन ने दावा किया कि उन्हें धनशोधन मामले में गलत तरीके से फंसाया गया और उन्हें करीब पांच महीने जेल में बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वो इस बात से चिंतित हैं कि देश में किस तरह से राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की आवाज दबाई जा रही है। वहीं जेल से हेमंत सोरेन की रिहाई के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री और जेएमएम गठबंधन के कई नेताओं ने रांची में हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। बिरसा मुंडा जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, कि मुझे गलत तरीके से फंसाया गया। मेरे खिलाफ साजिश रची गई और मुझे पांच महीने जेल में बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं हेमंत सोरेन ने आगे कहा, मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं। न्यायालय ने अपना आदेश सुनाया और मैं जमानत पर बाहर हूं। लेकिन न्यायिक प्रक्रिया लंबी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा, मैंने जो काम शुरू किया है, जो युद्ध मैंने छेड़ा है, उसे पूरा करूंगा। वहीं झारखंड के मौजूदा मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने इसे सत्य की जीत करार दिया है। मामले में हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 13 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोशल मीडिया ङ्क पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने लिखा, सत्य परेशान हो सकता हैं, पराजित नहीं। इसके साथ ही चंपई सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा सत्यमेव जयते!। वहीं झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत देने के हाई कोर्ट के फैसले की जमकर सराहना की है। झारखंड सरकार में मंत्री और हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन ने मामले में कहा कि हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। न्याय की जीत हुई, मैं हाई कोर्ट को धन्यवाद देता हूं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और मंत्री हफीजुल हसन ने एक्स पर लिखा, सत्य कभी पराजित नही हो सकता। मैं हाई कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करता हूं। इस फैसले ने तानाशाही ताकतों की तरफ से बनाए गए महल को भी ध्वस्त कर दिया है। वहीं हेमंत सोरेन की रिहाई पर खुशी जाहिर करते हुए झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रसिद्ध हिंदी गीत का हिस्सा - हंसते हंसते कट जाए रास्ते, जिंदगी यूं ही चलती रहे सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है।



## बंगलादेश के सांसद अनार की हत्या के सभी सात आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**ढाका।** बंगलादेश की सत्तारूढ़ अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में शामिल सभी सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने हवाले से यह जानकारी दी गयी। अतिरिक्त आयुक्त, डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) हारुनोर रशीद ने कहा, हालांकि, अपराध का वास्तविक उद्देश्य अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, राशिद ने यहां मीडिया को बताया कि पिछले महीने कोलकाता में अवामी लीग के सांसद की जघन्य हत्या के मकसद को निर्णायक रूप से स्थापित करने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा,जैसे ही हमें सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की खबर मिली, हमने मास्टरमाइंड शिमुल भुइयां को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, हमने तनवीर और सिलिस्टी रहमान को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अदालत में धारा 164 के तहत बयान दिया है।

## जापान के होन्शू के पूर्वी तट भूकंप के हल्के झटके

**टोक्यो** । जापान के होन्शू के पूर्वी तट पर शुक्रवार को तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार तड़के 01:46 बजे महसूस किये गये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 10.0 किलोमीटर की गहराई में 37.55 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.22 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

## अफगानिस्तान में बाढ़ से सात लोगों की मौत

**बामियान।** अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में भारी बारिश और अचानक आयी बाढ़ के कारण सात लोगों की मौत हो गयी और 10 लोग लापता हो गये। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल सबौर सिघानी ने रात यह



जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर रात बामियान प्रांत में याकावलांग जिले के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक आपदा आयी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के शवों या जीवित बचे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ ने कई घरों और कृषि भूमि को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसी तरह, मंगलवार को उत्तरी बदख्शां प्रांत के यमगन जिले में अचानक आई बाढ़ से 40 मकान और 300 एकड़ से अधिक कृषि भूमि नष्ट हो गयी।

## माउंट फ़ूजी के आरोहण के दौरान चार पर्वतारोहियों की मौत

**एजेंसी**

**टोक्यो।** जापान में माउंट फ़ूजी पर्वत के एक बड़े गड्ढे (क्रेटर) के पास तीन पर्वतारोही मृत पाये गये, जबकि एक का रास्ते में स्वास्थ्य बिगड़ गया और बाद में अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गयी।

**शिज़ुओका प्रान्त के पुलिस विभाग ने यह जानकारी दी**

पुलिस ने बताया कि जापान की सबसे ऊंची चोटी के शिज़ुओका प्रांत की तरफ वाले हिस्से पर मृत पाए गए तीन व्यक्ति एक-दूसरे से दूर स्थित थे, जिससे संकेत मिलता है कि वे अलग-अलग पहाड़ पर चढ़ रहे होंगे। स्थानीय पुलिस मृतकों की पहचान की पुष्टि करने और उनके मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिये जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि पेशेवर पर्वतारोही कीता कुराकामी बुधवार की सुबह उस समय बेहोश हो गए जब वह लगभग 3,000 मीटर की ऊंचाई पर पहाड़ के यामानाशी प्रान्त के हिस्से की ओर योशिदा ट्रेल पर चढ़ रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें पहाड़ के पास अचेतावस्था में पाया और अस्पताल ले गये। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि वह हृदय रोग से पीड़ित थे।

यामानाशी प्रांत से माउंट फ़ूजी पर सबसे लोकप्रिय ट्रेल योशिदा ट्रेल के लिए इस साल का आधिकारिक आरोहण का मौसम अगले सोमवार से शुरू होने वाला है, जबकि शिज़ुओका प्रीफेक्चर की ओर से तीन ट्रेल्स 10 जुलाई को खुलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि आरोहण के मौसम से पहले पहाड़ पर चढ़ना खतरनाक है और आधिकारिक मौसम शुरू होने तक लोगों से माउंट फ़ूजी पर न जाने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि 2013 में यूनेस्को द्वारा विश्व सांस्कृतिक विरासत स्थल नामित, माउंट फ़ूजी एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

# गूगल ट्रांसलेट में रूस में बोली जाने वाली दस से अधिक भाषाओं सहित 110 भाषाएँ हुई शामिल

**एजेंसी**

**मॉस्को।** अमेरिकी तकनीकी दिग्गज गूगल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल से अपनी अनुवाद सेवा 'गूगल ट्रांसलेट' में 110 नयी भाषाओं को जोड़ा है, जिनमें रूस में बोली जाने वाली 10 से अधिक भाषाएं भी शामिल हैं।

कंपनी ने एक बयान में सह जानकारी दी और कहा, हम अपने द्वारा समर्थित विभिन्न भाषाओं का विस्तार करने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। पीएएलएम दो बड़े भाषा मॉडल की बदौलत हम गूगल अनुवाद में 110 नई भाषाएं ला रहे हैं, जो हमारा अब तक का सबसे बड़ा विस्तार है।कंपनी ने कहा कि जोड़ी गई भाषाओं में यूरोप, एशिया, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाएँ शामिल हैं। पुर्तगाली, पंजाबी (शाहमुखी) जो पाकिस्तान में सबसे अधिक बोली जाती है और बर्बर भाषा तमाज़ाइट



(अमाज़ी) सहित कई अन्य भाषाएं अब अनुवाद सेवा में प्रस्तुत की जाती हैं। भाषाओं की विस्तारित सूची में रूस में बोली जाने वाली 10 से अधिक भाषाएँ शामिल हैं, जिनमें अब्खाज़, अवार, बश्किर, बुरात, चेचन, चुवाश, क्रीमियन तातार, कोमी, मीडो-ईस्टर्न मारी, ओस्सेटिक, तुवन, उदमुर्ट और याकूत शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि कैंटोनीज़ से लेकर क्यू एक्ची तक ये नई भाषाएँ 61.4 करोड़ से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिससे दुनिया की लगभग आठ प्रतिशत आबादी के लिए अनुवाद के अवसर खुलते हैं। दस करोड़ से अधिक वक्ताओं के साथ कुछ प्रमुख विश्व भाषाएँ हैं। बयान में कहा गया है कि इस विस्तार के साथ दुनिया की 1,000 सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं का समर्थन करने के लिए एआई मॉडल विकसित करने का एक अभियान गूगल ने लॉन्च किया है।

बयान में कहा गया है कि फिलहाल गूगल एआई क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। कंपनी नई सर्च जेनरेटिव एक्सपीरियंस पहल पर काम कर रही है, जो कंपनी के सर्च इंजन की प्रभावशीलता में सुधार के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एक अन्य परियोजना गूगल बार्ड है जो प्रसिद्ध चैटजीपीटी का एक चैटबॉट एनालॉग है। कंपनी ने कहा कि गूगल अपने सर्च इंजन के साथ अल्फाबेट होल्डिंग कंपनी का हिस्सा है। इसमें एंड्रॉइड और यूट्यूब, वेरिली लाइफ साइंसेज, केलिको, साइडवॉक लैब्स, नेस्ट, गूगल वेंचर्स, कैपिटलजी और एक्स भी शामिल हैं।

## चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने किया दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को निष्कासित, भ्रष्टाचार का लगा आरोप

**एजेंसी**

**बीजिंग ।** चीन ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि इन दिनों चीन और अमेरिका के बीच ताइवान को लेकर तनाव भी बढ़ गया है। बृहस्पतिवार को दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को निष्कासित कर दिया गया। दोनों पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और पूर्ववर्ती वेई फेंगहे हैं। इन दोनों को पार्टी अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के लिए निष्कासित किया गया है।

लगभग दो महीने तक सार्वजनिक रूप से गायब के बाद ली शांगफू को अक्तूबर 2023 में हटा दिया गया था। चीन प्रशासन के अनुसार इस मामले को सैन्य अभियोजन को भेजा गया है, जिस पर मुकदमा शुरू हो सकता ह, जिसमें उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने समीक्षा बैठक की। चीनी सरकार के अनुसार फैसला सुनाया गया कि ली अपने मूल मिशन के साथ विश्वासघात किया है, तथा अपनी पार्टी भावना और सिद्धांतों को खो दिया।

**ली पर आरोप**

चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू पर आरोप है कि उन्होंने सैन्य उपकरणों के क्षेत्र में राजनीतिक वातावरण और औद्योगिक लोकाचार को दूषित किया है। यही नहीं उन पर पार्टी के उद्देश्य, राष्ट्रीय रक्षा और सशस्त्र बलों के निर्माण को नुकसा पहुंचाने का आरोप है। उन पर रिश्वत लेने का भी आरोप लगा है। अपने पद का लाभ उठाने और दूसरों के लिए लाभा प्राप्त करने के लिए रकम लेने और अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए दूसरों को पैसे देने का संदेह भी है। वेई का मामला सैन्य अभियोजन में भेजा गया है।

## पश्चिमी तट पर सड़क किनारे बम विस्फोट में इजराइली सैनिक की मौत, 16 घायल

**एजेंसी**

**यरुशलम ।** सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में एक छापे के दौरान सड़क किनारे बम विस्फोट में एक इजरायली सैनिक मारा गया और 16 अन्य घायल हो गए।फिलिस्तीनी आधिकारिक



समाचार एजेंसी WAFA ने बताया कि बड़ी इजरायली सेना ने जेनिन में एक फार्मेसी और निजी घरों पर छापा मारा, जिसमें एक फिलिस्तीनी युवक घायल हो गया।सेना ने कहा कि रात भर की छापेमारी के दौरान, जिसका उद्देश्य आतंकवादी संदिग्धों को पकड़ना था, सैनिकों ने लगभग डेढ़ मीटर जमीन के नीचे दफन सड़क किनारे बमों को कुचल दिया। विस्फोट में कई सैनिक घायल हो गए। जैसे ही घायलों की सहायता के लिए और अधिक बल पहुंचे, एक और बम फट गया, जिसमें हारुव टोही इकाई के स्नाइपर टीम कमांडर 22 वर्षीय एलन सैकगीउ की मौत हो गई। सोलह और सैनिकों को अलग-अलग गंभीरता की चोटें आईं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

# जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई डिबेट, एक दूसरे को 'झूठा' सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया

**एजेंसी**

**अटलांटा।** राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान अर्थव्यवस्था, सीमा, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को झूठा और अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया। रात को बाइडेन और ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर निजी हमले किये। बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को ''मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति'' करार दिया।

डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडेन ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, ''मैं हाल में 'डी-डे' के लिए फ्रांस में था और मैंने उन सभी नायकों के बारे में बात की जिन्होंने जान न्यौछावर की। मैं द्वितीय विश्व युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए नायकों के कब्रिस्तान में



गया, जहां उन्होंने (ट्रंप) जाने से इनकार कर दिया था।'' तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 के दौरे के दौरान इस कब्रिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। उम्र के मामले में 81 वर्षीय बाइडन ने याद दिलाया कि 78 वर्षीय ट्रंप उनसे केवल तीन साल छोटे हैं।

न्यूयॉर्क में एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले में ट्रंप को दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए बाइडेन ने उन्हें ''अपराधी'' कहा था, जिस पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने बाइडेन को ''अपराधी'' कहा। ट्रंप ने बाइडन के बेटे हंटर बाइडेन को बंदूक खरीद से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, ''जब वह एक दोषी अपराधी के बारे में बात करते हैं, तो उनका बेटा (हंटर बाइडेन) एक बहुत ही उच्च स्तर का अपराधी है।

दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बहस के दौरान बाइडेन ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि उन्हें नहीं पता कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। बाइडेन ने कहा, ''उन्हें (ट्रंप) बिल्कुल भी पता नहीं है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। मैंने इतनी मूर्खता कभी नहीं सुनी। यह वह व्यक्ति हैं जो नाटो से बाहर निकलना चाहते हैं।'' ट्रंप ने राष्ट्रपति बाइडेन की आव्रजन नीतियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इससे देश असुरक्षित हो गया है।

## चांद से जुटाए नमूनों का अध्ययन करने के लिए चीन ने सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया

**एजेंसी**

**बैंकॉक।** चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ।

अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया, 'अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है। उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष



सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।' वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

चीन हालांकि अन्य देशों के वैज्ञानिकों के साथ फिर भी सहयोग कर सकता है। चांग ई-6 अभियान में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, फ्रांस, इटली और पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर काम किया है। चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के अंतरराष्ट्रीय सहयोग कार्यालय के निदेशक लियू युनफेंग ने बताया, 'चीन सभी देशों के वैज्ञानिकों का अन्वेषण में स्वागत करता है और उनके साथ जानकारियां साझा करेगा।

## ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग :इब्राहिम रईसी की हवाई हादसे में मौत के बाद हो रहा चुनाव

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं। देश भर में 58,000 से अधिक पोलिंग बूथ पर सुबह 8 बजे वोटिंग शुरू हो गई है। चुनाव में 6 करोड़ से अधिक वोटर हैं जो पिछले महीने इब्राहिम रईसी की विमान हादसे में हुई मौत के बाद नए राष्ट्रपति का फैसला करेंगे।राष्ट्रपति चुनाव में 6 प्रत्याशी रेस में थे मगर वोटिंग से कुछ घंटे पहले 2 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। ईरानी मीडिया के मुताबिक रूढ़िवादी नेता नहीं चाहते कि कट्टरपंथी नेताओं का वोट बंटे जिससे उदारवादी नेताओं को फायदा हो।

**एकजुटता दिखा रहे रिवॉल्यूशनरी फोर्स के नेता**

उपराष्ट्रपति आमिर हुसैन काजीजादेह हाशमी ने अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि रिवॉल्यूशनरी फोर्स की एकता बनाए रखने के लिए उन्होंने ये कदम उठाया है। काजीजादेह हाशमी ने उम्मीद जताई कि रेस में शामिल अन्य उम्मीदवार, मोहम्मद बाकर कालीबाफ, सईद जलीली और अली रजा जकानी रिवॉल्यूशनरी फोर्स को मजबूत करने के लिए चुनाव से पहले आम सहमति पर पहुंच जाएंगे।

**तेहरान के मेयर भी पीछे हटे**

उपराष्ट्रपति काजीजादेह हाशमी की अपील के कुछ घंटे बाद तेहरान के मेयर अली रजा जकानी ने पीछे हटने का फैसला किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी घोषणा की।

जकानी 2021 में भी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की दावेदारी मजबूत करने के लिए पीछे हट गए थे। जकानी ने रेस में शामिल अन्य दो कट्टरपंथी उम्मीदवारों से एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति पद की रेस में अब चार उम्मीदवार हैं जिनमें से 2 रिवोल्यूशनरी फोर्स से जुड़े नहीं हैं। दो प्रमुख लोगों की दावेदारी छोड़ने के बाद संभव है कि सईद जलीली और कलीबाफ में से कोई एक ही आखिरी रेस में बचे।

चुनाव के नियमों के मुताबिक जो भी प्रत्याशी होते हैं उनके आवेदन को ईरान की गार्जियन काउंसिल देखती है। उनकी मंजूरी मिलने के बाद ही कोई भी प्रत्याशी चुनाव में खड़ा हो सकता है। इस बार के चुनाव में राष्ट्रपति बनने के लिए 80 लोगों ने आवेदन दिया था। हालांकि गार्जियन काउंसिल ने सिर्फ 6 को चुनाव लड़ने के लायक पाया। पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को भी गार्जियन काउंसिल ने चुनाव लड़ने की मंजूरी नहीं दी। तीन बार संसद के स्पीकर रह चुके अली लारीजानी ने भी राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए आवेदन दिया था लेकिन उन्हें भी आखिरी लिस्ट में शामिल नहीं किया गया।

# स्टेला असांजे ने विकिलीक्स संस्थापक जूलियन की रिहाई के लिए ऑस्ट्रेलियाई सांसदों का जताया आभार

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** विकिलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे की पत्नी स्टेला असांजे ने ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन जाकर उनके पति को रिहा कराने का अभियान चलाने वाले कई सांसदों का आभार व्यक्त किया। असांजे का अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया लौटने पर किए गए स्वागत को लेकर सांसदों के बीच मतभेद हैं। स्टेला असांजे ने कहा, जूलियन बहुत खुश हैं और ऑस्ट्रेलियाई लोगों, संसद सदस्यों और सरकार तथा विपक्ष के भी आभारी हैं जो उनकी रिहाई के लिए आवाज उठाने के वास्ते एक साथ आएं। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में 14 साल की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है। उन्होंने जुर्म स्वीकार करने के बाद बुधवार को ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद से सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। 'ब्रिंग जूलियन असांजे होम पार्लियामेंट्री ग्रुप' अभियान की शुरुआत 2019 में कुछ सांसदों ने की थी और बाद में 47 सांसदों ने इसे समर्थन दिया था। सांसदों के बीच इस पर आम सहमति बढ़ी थी कि 2010 में इराक तथा



अफगानिस्तान में अमेरिका के युद्ध से जुड़े लगभग पांच लाख दस्तावेजों को लीक करने को लेकर विकिलीक्स पर मुकदमा काफी लंबे वक्त से चल रहा है।

असांजे को लंदन की जेल से रिहा कराकर उत्तर मारियाना द्वीप तक ले जाने के कूटनीतिक कदम का श्रेय ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को दिया गया है। असांजे ने उत्तर मारियाना द्वीप जाकर ही अमेरिकी आरोपों को स्वीकार किया था। अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए समझौते के तहत असांजे को अपने गंभीर जुर्म को स्वीकार करना था और बदले में उन्हें अमेरिकी जेल में समय बिताए बिना अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया लौटने की अनुमति दी गयी है। न्यायाधीश ने उन्हें पांच साल की सजा सुनाई। असांजे ब्रिटेन में इतनी सजा काट चुके हैं। वहीं, विपक्षी सांसदों की दलील है कि अल्बनीज ने असांजे के कैनबरा पहुंचने पर उन्हें फोन करके ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा साझेदार अमेरिका के साथ संबंध खराब होने का खतरा मोल लिया है। विदेश मामलों पर विपक्ष के प्रवक्ता साइमन बर्मिंघम ने कहा, ''एंथनी अल्बनीज को उसी दिन जूलियन असांजे का देश में स्वागत करने की आवश्यकता नहीं थी जिस दिन उन्होंने जासूसी के आरोप स्वीकार किए हैं।'' बहरहाल, स्टेला असांजे ने दलील दी कि उनके पति पर कभी आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए थे।उन्होंने कहा, ''उन्होंने पत्रकारिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जुर्म स्वीकार किया है। यह मामला पत्रकारिता, मानक पत्रकारिता, समाचार एकत्रित करने तथा प्रकाशित करने की गतिविधि का अपराधीकरण करता है।'' दक्षिण अफ्रीका में जन्मी वकील स्टेला ने 2022 में जेल में असांजे से शादी की थी। उन्होंने अपने पति के भविष्य के करियर के बारे में कुछ संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा, ''वह (असांजे) हर दिन महासागर में तैराकी करने की सोच रहे हैं। अच्छे बिस्तर पर सोने, अच्छा खाना खाने और अपनी आजादी का जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं।

# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू करने की कोशिश : राज्य मंत्री समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**माले।** मालदीव की पर्यावरण राज्य मंत्री फातिमाथ शमनाज को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्पेनिश न्यूज एजेंसी श्रस्नश्र के मुताबिक,फातिमाथ के अलावा 2 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने सभी को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है।

हालांकि, मालदीव की सरकार की तरफ से अब तक इस मामले में कोई बयान नहीं दिया गया है। इससे पहले पुलिस ने फातिमाथ के घर की तलाशी ली थी। इस दौरान वहां से काला जादू से जुड़ा काफी सामान बरामद हुआ था। फातिमाथ राष्ट्रपति कार्यालय में काम करने वाले मंत्री एडम रामीज की पत्नी हैं।

**राष्ट्रपति के आधिकारिक घर में राज्य मंत्री थीं फातिमाथ**

फातिमाथ इससे पहले भी राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ माले की सिटी काउंसिल की सदस्य रह चुकी हैं। तब मुइज्जू राजधानी माले के मेयर थे। पिछले साल उनके राष्ट्रपति बनने के बाद फातिमाथ ने भी काउंसिल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह राष्ट्रपति के आधिकारिक



निवास मुलिआज की राज्य मंत्री बन गई। बाद में उन्हें ट्रांसफर कर पर्यावरण मंत्रालय में शिफ्ट कर दिया गया। मालदीव में काले जादू को फंदिता या सिहुरु नाम से जाना जाता है। इस्लाम कानून में इसे गंभीर अपराध कहा गया है। हालांकि, इसके बावजूद मालदीव में बड़ी संख्या में लोग काला जादू करते हैं। पिछले महीने पुलिस ने मुइज्जू की पार्टी के एक नेता पर काला जादू करने के मामले में 60 साल के बुजुर्ग को गिरफ्तार किया था।

**पिछले 2 राष्ट्रपति चुनावों में भी नतीजे बदलने के लिए काला जादू का इस्तेमाल हुआ**

अगस्त 2018 में मालदीव के कुल्हुधुफुशी द्वीप पर 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन पर आरोप था कि सितंबर 2018 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की जीत के लिए ये काला जादू कर रहे थे। दिसंबर 2015 में मालदीव के इस्लामिक मंत्रालय ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर चेतावनी दी थी कि काला जादू समाज में बड़े पैमाने पर फैल रहा है और जनता को ऐसी प्रथाओं से दूर रहने की जरूरत है। इससे पहले 2013 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने के लिए भी काले जादू का इस्तेमाल किया गया था। इसके लिए एक शापित नारियल और काले जादू वाली गुड़िया को पोलिंग स्टेशन पर रखा गया था।

## 'इडाहो राज्य में महिलाओं को आपात स्थिति में होगी गर्भपात की इजाजत '

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने एक चौंकाने वाले फैसले में इडाहो के कड़े गर्भपात प्रतिबंध से जुड़ी अपील को खारिज किया। गर्भपात अधिकार समर्थकों के लिए इस फैसले को एक जीत माना जा रहा है।

# ब्रिटेन में 4 जुलाई को वोटिंग :सर्वे में सुनक की पार्टी को 117, लेबर पार्टी को 425 सीटें; सुनक की पार्टी का सफाया तय

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का जल्द चुनाव का दांव फेल होता दिख रहा है। एक सप्ताह बाद 4 जुलाई को होने वाली वोटिंग से पहले अधिकांश सर्वे में कंजरवेटिव पार्टी के सफाए की भविष्यवाणी कर रहे हैं। द इकोनोमिस्ट के सर्वे में सुनक की पार्टी को सबसे ज्यादा 117 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, सावंता-गार्जियन के सर्वे में दावा किया गया है कि कंजरवेटिव पार्टी 53 सीटों पर ही सिमट सकती है। जो 2019 के चुनाव की 365 सीटों की तुलना में बेहद कम है। वहीं, 650 सीटों वाले सदन में कीर स्टारमर की लेबर पार्टी को सबसे कम 425 और अधिकतम 516 सीटें मिलने का अनुमान है। 7 सर्वे के औसत में भी सुनक को 95 और स्टारमर को 453 सीटें मिलती दिख रही है। सावंता के सर्वे में दावा किया गया कि इस चुनाव में पीएम सुनक खुद अपनी ही सीट हारने वाले हैं। सर्वे में दावा किया गया है कि पीएम सुनक खुद अपनी रिकमोंड सीट (यॉर्कशायर) भी हार सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो वे ब्रिटेन के पहले पीएम होंगे, जिनके साथ ऐसा होगा। वहीं, पूर्व मंत्री लॉर्ड गोल्डस्मिथ ने आरोप लगाया कि सुनक संभावित हार के बाद अमेरिका शिफ्ट हो जाएंगे। हालांकि, कंजरवेटिव पार्टी और पीएम सुनक ने खंडन किया है। ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर के बीच अहम टीवी डिबेट हुई।

**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री सैम पित्रोदा को दोबारा ओवरसीज़ कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी।श्री वेणुगोपाल ने बयान में कहा कि श्री पित्रोदा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गयी है। गौरतलब है कि श्री पित्रोदा ने इस वर्ष मई में चुनाव के दौरान अपने एक बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था।

## रेल यात्रा वृत्तांत पर अखिल भारतीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव और हिंदी के प्रति रूचि को प्रोत्साहित करने तथा रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना प्रारम्भ की है। योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण ''रेल यात्रा वृत्तांत'' विषय पर न्यूनतम 3000 से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध टाइप कराकर दो प्रतियों में आगामी 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), काफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नयी दिल्ली-110002 पर भेज सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए प्रथम पुरस्कार 10000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 8000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 6000 रुपये तथा चार-चार हजार रुपये के पांच प्रेरणा पुरस्कार घोषित किये हैं।

## धामी ने बिरला से की भेंट,दूसरे कार्यकाल की दी बधाई

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नयी दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भेंट कर उन्हें लोकसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरे कार्यकाल की बधाई व शुभकामनाएँ दीं। श्री धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री बिरला के अनुभव का लाभ सदन व सांसदों को मिलेगा एवं उनके कुशल नेतृत्व में सदन की कार्यवाही व्यवस्थित व सुगम रूप से संचालित होगी और हमारे देश का महान लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा।

## बाल रंग महोत्सव में बच्चों ने सामाजिक बुराइयों को किया उजागर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बाल रंगमंच की संस्था सेंटर आफ थियेटर आर्ट एंड चाइल्ड डवलपमेंट - उड़ान के बाल रंग महोत्सव में बच्चों ने नाटकों के मंचन से सामाजिक बुराइयों और समस्याओं को उजागर किया है।उड़ान ने यहां बताया कि महोत्सव में प्रख्यात रंगकर्मी संजय टुटेजा के दिशा निर्देशन और संयोजन में छह नाटकों का मंचन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बच्चों की प्रतिभा देख दर्शक गदगद हो गये और नाटकों के मंचन के काफी देर बाद तक अपनी कुर्सियों पर जमे रहे।

## संसद सत्र में रणनीति बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक

**नइ दिल्ली।** सांसद सत्र के दौरान विपक्षी इंडिया गठबंधन की रणनीति को लेकर गठबंधन के घटकों के संसदीय दल के नेताओं की आज यहां बैठक हुई जिसमें संसद सत्र के लिए रणनीति बनाने पर विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई बैठक में घटक के लगभग सभी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और तय किया गया कि गठबंधन के सभी दल एकजुटता के साथ और मजबूती से संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे और जनहित के मुद्दों को सदन में उठाएंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में इंडिया जनबंधन में शामिल सभी दलों के फ्लोर लीडर्स की बैठक में सम्मिलित हुआ। हम सभी एकजुटता के साथ सदन में जनता के मुद्दों एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## रोगाणुरोधी चुनौती से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता: पाल

**नई दिल्ली।** नीति आयोग में स्वास्थ्य सदस्य डॉ. विनोद पॉल ने कहा है कि जूनोसिस- रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर), खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों के मुद्दे आपस में जुड़े हुए हैं और मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए एक व्यापक और बहु आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। डॉ. पाल ने यहां 'वन हेल्थ' पहल के लिए कानूनी पर्यावरण मूल्यांकन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप, भारत ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध के कारण उत्पन्न मुद्दों के समाधान के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना - द्वितीय तैयार करना शुरू की है। इसके लिए वन हेल्थ मिशन की अवधारणा बनाई है और जलवायु परिवर्तन के व्यापक मुद्दों पर काम किया जा रहा है।

# आईजीआई हवाई अड्डा के टर्मिनल 1 की छत गिरने से छह लोग घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तेज हवाओं और बरसात के कारण दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 के प्रस्थान गेट के बाहर ड्रॉपिंग एरिया में छत का एक हिस्सा आज सुबह ढह जाने से कम से कम 06 लोग घायल हो गए और काफी संख्या में वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू सुबह करीब 09 बजे टर्मिनल 1 पर घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना एवं नुकसान की जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार सुबह मौसम खराब था। बरसात के साथ तेज़ हवा चल रही थी, तभी करीब छह बजे ड्रॉपिंग एरिया में छत को संभालने के लिए लगाया गया लोहे का एक विशाल खंभा एवं छत का कुछ हिस्सा, यात्रियों को छोड़ने आयीं कई गाड़ियों पर अचानक गिर गया जिससे कुछ टैक्सी चालक और अन्य लोग घायल हो गए।

घटना के बाद हवाई अड्डे पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली हवाई अड्डा लिमिटेड ने



टर्मिनल 1 पर उड़ानों को रद्द कर दिया। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारियों से बात की और एक्स पर सुबह 07 बजे अपनी पोस्ट में लिखा, ÷टी1 दिल्ली हवाई अड्डे पर छत गिरने की घटना की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं। प्रथम उत्तरदाता साइट पर काम कर रहे हैं। साथ ही एयरलाइंस को टी1 पर सभी प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। बचाव कार्य अभी भी जारी है।

दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 और टर्मिनल 3 पर स्थिति सामान्य है और उड़ानों का संचालन नियत समय पर हो रहा है। इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान जारी करके कहा कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 को संरचनात्मक क्षति के कारण इंडिगो उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। इसके कारण दिल्ली में उड़ानों को रद्द कर दिया गया है क्योंकि यात्री टर्मिनल में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। टर्मिनल के अंदर पहले से ही मौजूद यात्री अपनी नियोजित उड़ानों में सवार हो सकेंगे, लेकिन दिन में बाद की उड़ानों वाले यात्रियों को उनकी यात्रा के विकल्प की पेशकश की जाएगी। एयरलाइन ने कहा कि इस अनियोजित स्थिति के कारण पूरे नेटवर्क में परिचालन भी प्रभावित हुआ है। इसलिए यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की पुष्टि कर लें।

इंडिगो ने यात्री सूचना एवं सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0124 6173838 या 0124 4973838 भी जारी किये हैं।

# मोदी नीट मुद्दे पर संसद में कराएं चर्चा : राहुल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में हुई धांधली लाखों बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में इस पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए। श्री गांधी ने सदन की कार्यवाही से पूर्व यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पड़ताल की जानी चाहिए लेकिन इस मुद्दे की विभिन्न पक्षों पर संसद में व्यापक स्तर पर चर्चा करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कल सभी विपक्षी दल के फ्लोर लीडर्स की बैठक हुई और सभी के साथ यह सहमति बनी कि सदन में नीट के मुद्दे पर चर्चा हो। श्री गांधी ने कहा मैं प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि यह युवाओं का मुद्दा है और इस पर उचित तरीके से चर्चा होनी चाहिए। आप भी चर्चा में शामिल हों, क्योंकि यह युवाओं का मामला है। संसद से यह संदेश जाना चाहिए कि हिंदुस्तान की सरकार और विपक्ष मिलकर छात्रों के बारे में बात कर रहे हैं।

# संसद में कांग्रेस ने दिया स्थगन प्रस्ताव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आज स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव विजय वसंत ने पेश किया है जबकि राज्यसभा में रंजीता रंजन और नासिर हुसैन की तरफ से प्रस्ताव पेश किया गया है।श्री बसंत ने कहा है कि आज 28 जून को संसद में पहले से सारे कार्यक्रम स्थगित कर नीट तथा पेपर लीक मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए।

श्री हुसैन ने दिए इस नोटिस में नियम 267 के तहत मांग की है कि सदन में सभी कामकाज रोक कर पहले राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट परीक्षा के मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए। नीट परीक्षा को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार से इस दिशा में सख्त कदम उठाने की मांग कर रही है। सरकार ने इस परीक्षा को रद्द करने की भी



घोषणा की है। पार्टी का कहना है कि नीट में बड़ा घोटाला हुआ है और दोषियों को सजा दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि सदन की शुक्रवार के लिए जारी विधायी काम काज की सूची में केवल राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने एनटीए के प्रमुख को बदलने के साथ ही पेपर लीक सभी मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि पेपर लीक के मामलों में संलग्न किसी भी दोषी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने परीक्षाओं की पारदर्शिता और पेपर लीक की समस्या से निपटने के लिए राजनीति से ऊपर उठकर विचार करने और उपाय खोजने की अपील की है। सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा अभी बाकी है।

# उपराज्यपाल के द्वारा डीडीसीडी को भंग करने का फैसला अवैध: आप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसीडी) को भंग कर इसके तीनों सदस्यों को हटाने के आदेश पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अवैध और असंवैधानिक करार दिया है।

दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आज कहा कि उपराज्यपाल द्वारा डीडीसीडी को भंग करने का निर्णय तुच्छ राजनीति का उदाहरण है। यह सर्वविदित है कि देश भर में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के सभी आयोगों, समितियों और बोर्डों में अक्सर बिना किसी औपचारिक टेस्ट या साक्षात्कार के जरिए राजनीतिक नियुक्तियां होती हैं। इसमें भाजपा शासित राज्य भी शामिल हैं। यह एक लंबे समय से चली आ रही प्रथा है। महिला आयोग,



एससी/एसटी आयोग और अल्पसंख्यक आयोग जैसे विभिन्न पब्लिक कमीशन इसी प्रथा के उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि यह भी बेहद दुर्भाग्यपूण है कि विनय कुमार सक्सेना की बतौर दिल्ली के उपराज्यपाल नियुक्ति भी बिना किसी विज्ञापन, टेस्ट या साक्षात्कार के की गई एक राजनीतिक नियुक्ति ही है। अगर दिल्ली के उपराज्यपाल पद की नियुक्ति के लिए कोई सार्वजनिक विज्ञापन जारी किया गया है, तो उन्हें देश के सामने सार्वजनिक करना चाहिए।

डीडीसीडी दिल्ली के मुख्यमंत्री के अधीन आता है और इसके सदस्यों पर कार्रवाई करने का अधिकार केवल मुख्यमंत्री के पास है। डीडीसीडी को भंग करने के पीछे उपराज्यपाल का एकमात्र उद्देश्य दिल्ली सरकार के सभी कार्यों को रोकना है।

# भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही के कारण घटिया इंफ्रास्ट्रक्चर ढहा : खडगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर छत गिरने की घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि भ्रष्टाचार तथा और आपराधिक लापरवाही के कारण घटिया इंफ्रास्ट्रक्चर ढह गया। श्री खडगे ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर कहा, दल्ली एयरपोर्ट त्रासदी के पीड़ितों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं। उन्होंने एक भ्रष्ट, अयोग्य और स्वार्थी सरकार का खामियाजा भुगता है। भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही के कारण मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में घटिया इंफ्रास्ट्रक्चर ताश के पत्तों की तरह ढह गया है। उन्होंने मोदी सरकार की ओर से अत्यधिक प्रचारित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को भी सूचीबद्ध किया और कहा , दिल्ली एयरपोर्ट (टी1) की छत गिरना, जबलपुर एयरपोर्ट की छत गिरना, अयोध्या की नई सड़कों की खस्ता हालत, राम मंदिर लीकेज, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक रोड में दरारें, 2023 और 2024 में बिहार में 13 नये पुलों का गिरना, प्रगति मैदान सुरंग का डूबना, गुजरात में मोरबी पुल का गिरना, ... कुछ ऐसे उदाहरण हैं जो मोदी जी और भाजपा के 'विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे' बनाने के बड़े-बड़े दावों की पोल खोलते हैं।

# जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा : आप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा की ओर से केंद्रीय जाँच एजेंसियों के हो रहे दुरुपयोग के ख़िलाफ़ पार्टी 29 जून को देशव्यापी प्रदर्शन किया जायेगा।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक के नेतृत्व में हुई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि देश भर में ''आप'' के कार्यकर्ता केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। भाजपा को जब लगा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने वाली है, तभी उसने अपनी सीबीआई को आगे कर दिया।

डॉ. पाठक ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सभी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। सीबीआई ने पिछले दो सालों तक श्री केजरीवाल को तथाकथित शराब घोटाला मामले में आरोपी नहीं बनाया था लेकिन जब भाजपा को लगा कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने वाली है, तो इन्होंने सीबीआई को आगे कर दिया। इनका मकसद किसी केस की जांच करना नहीं है और न ही इन्हें कानून से कोई लेना-देना है। भाजपा चाहती है कि किसी भी तरह से अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा जाए और आम आदमी पार्टी को खत्म किया जाएउन्होंने कहा कि



पार्टी के सभी सांसदों, विधायकों, पार्षदों व पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इसमें 29 जून को देश भर में विशाल विरोध-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा के लिए प्रकोष्ठ गठित

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उच्चतम निर्माण मानकों, लागत प्रभावोत्पादकता और



समय पर काम पूरा करने को सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट-डीपीआर प्रकोष्ठ की स्थापना की है। मंत्रालय के अनुसार यह प्रकोष्ठ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के यहां स्थित मुख्यालय में स्थापित किया गया है जो परियोजनाओं के लिए डीपीआर की निगरानी करेगा। प्रकोष्ठ डीपीआर की समीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता लाने में भी मदद करेगा।

# तीनों नये आपराधिक कानूनों को एक जुलाई से लागू करने की तैयारी पूरी

**नई दिल्ली।** देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से पिछली लोकसभा में पारित तीनों नये आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को आगामी एक जुलाई से लागू किये जाने की तैयारी कर ली गयी है। इन विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद गत 25 दिसम्बर को अधिसूचित किया गया था। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं। राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता पैदा करने के मामले में पूरी तरह तैयार हैं। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कानूनों का उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्ट करना, किसी भी पुलिस थाने पर प्राथमिकी यानी जीरो एफआईआर दर्ज करना, प्राथमिकी की निःशुल्क प्रति देना, गिरफ़्तारी होने पर सूचना देने का अधिकार, गिरफ्तारी की जानकारी प्रदर्शित करना, फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी, त्वरित जांच, पीड़ितों को मामले की प्रगति का अपडेट देना, पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार, इलेक्ट्रॉनिक समन, पीड़िता के महिला मजिस्ट्रेट द्वारा बयान, पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज उपलब?ध कराना, न्यायालय में सीमित स्थगन, गवाह सुरक्षा योजना, जेंडर समावेश,सभी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में होना, बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, विशेष परिस्थितियों में पुलिस थाने जाने से छूट, जेंडर-न्यूट्रल अपराध, सामुदायिक सेवा, अपराधों के लिए अपराध की गंभीरता के अनुरूप जुर्माना, सरलीकृत कानूनी प्रक्रियाएं एवं तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान शामिल हैं। सरकार ने इन तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस कर्मियों, जेल कर्मियों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फॉरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी पक्षों के बीच विभिन्न पहल शुरू की है ता?कि तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक जागरूकता फैले और इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

**Name Change**
I Deepak Chabra s/o Mahesh Chander Chabra R/o D4 Gitanjali Enclave Malviya Nagar Delhi 1100 17 have changed my name to Deepak Chhabra for all future purposes.

**Lost & Found**
Original DDA NOC for electricity and water connection of C-2/91-B, Keshavpuram, Delhi have been misplaced. May be returned if found. 9718487076

**Name Change**
I, Kunal Kumar S/o Rajat Kumar Sharma R/o WZ-572Q, WZ-Block, Naraina, South West Delhi, Delhi-110028 Have Changed My Name To Kunal Kumar Sharma For All Future Purpose.

**Name Change**
I, NEETU W/O CHANDER PRAKASH R/O A-1/15-B, KESHAV PURAM, NORTH WEST DELHI, DELHI-110035 HAVE CHANGED MY NAME TO NEETU VANVARI FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**Name Change**
I, NO-15210352F Rank-HAV Name-RAMAVTAR SINGH S/o KRISHAN SINGH R/o VPO-BUHANA, DISTT-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333502 have changed my minor son's name from SUBHAM SINGH to SHUBHAM SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 28/06/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, RAJAN KUMAR KAPOOR S/O KRISHAN KUMAR KAPOOR residing at H NO-22/G-2, BLOCK-B, DILSHAD GARDEN, SHAHDARA, DELHI110095 have changed my name to RAJAN KAPOOR all future purposes

**Name Change**
I, Mukesh Rajoriya S/o-Budh Sain R/O 4/7/B Rama vihar block -C Modh Pur Majri,Rama vihar North West Delhi -110082 have changed my name from Mukesh Rajoriya to Mukesh for all future purposes.

**Name Change**
I, Rita Rajoriya w/o- Mukesh R/o 4/7/b Rama Vihar Block -C Modh Pur Majri,Rama vihar North West Delhi -110081 have changed my name from Rita Rajoriya to Reeta for all future purposes.

**Name Change**
I, BALA BAI mother of No. JC462095F Rank-SUB, Name-BHUJANG CHINGALI R/o VPO-SAMBRA, TEH & DIST-BELAGAVI, (KARNATAKA)-591124 have changed my date of birth from 26/02/1957 to 14/06/1953 for all future purpose. Vide affidavit No IN-DL07707217226635Wdated 27.06.2024 before Public Notary Delhi.

**Name Change**
I, Nonita Malik Datta W/o Abhishek Datta R/o AIRLINES Apartment, H.No-401, Plot No-5, Sector-23, Dwarka, Raj Nagar-II, South West, Delhi-110077, Have Changed My Name To Nonita Malik For All Purpose.

**Name Change**
I, AARTI DEVI W/O RAJIV KUMAR residing at C-536 POCKET 11 JANTA FLAT JASOLA VIHAR DELHI-110025 have changed my name to AARTI permanently.

**Name Change**
I, NEETA MANHAS Wife of No. 14834998M Rank-SEP/MT Name-NARDEV SINGH MANHAS Presently residing at VILL-GHO MANHASAN, PO- GHO-BRAHMANA, TEH-RAMGARH DISTT-SAMBA, JAMMU AND KASHMIR-184120, have changed my name from NEETA MANHAS to NEETA KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 28/06/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, SURATIYA mother of No. 15615720H Rank-HAV, Name-SIPAHI LAL R/o VILLAGE, GONAD, POST, RUKHAMA KHURD, TEH, KARWI, DIST, CHITRAKOOT, UP PIN 210205, have changed my date of birth from 01/07/1952 to 06/12/1940 for all future purposes. Vide affidavit No-IN-DL07095719943042W dated 22.06.2024. Public Notary Delhi.

**Name Change**
I,SANSAR son of Shri Ram Singh Yadav resident of House No. RZF-582, Raj Nagar-II, Palam Colony, Lal Bahadur Shastri Marg, Palam Village, South West Delhi-110045, have changed my minor son name from RISHI YADAV to RANVIJAY SINGH YADAV for all future purposes.

**Name Change**
I, VENKATAIAH Father of NO-16123638W Rank-NK Name-JALAM MALLESH R/O VILL- THUMMALAPALLY, PO- VANGOOR, DISTT-MAHABUB NAGAR, TELANGANA-509349 have changed my name from VENKATAIAH to JALAM VENKATAIAH for all future purposes vide Affidavit Dated 28/06/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, Prem Sancheti W/o-Madan Lal Sancheti R/o 492,Sainik Vihar pitampura, North Delhi have changed my name from Prem Sancheti to Prem Devi sancheti for all future purposes.

**Name Change**
I, BHAGYASHRI spouse of No. 2807460X Rank-HAV, Name-KALBHOR VIKRANT SHREERANG R/O VILLAGE - HARPALWADI, POST-PAL, TEL-KARAD, DIST-SATARA, STATE AHARASHTRA, PIN NO-415014, have changed my name from BHAGYASHRI to BHAGYASHRI VIKRANT for all future purposes. Vide affidavit No IN DL09557878231863W dated 27.06.2024 before Public Notary Delhi.

**Name Change**
It is for general information that I, RAJESH PRAKASH SEMWAL S/o BHAGWATI PRASAD SEMWAL, permanent R/o P.O Lambgaon, Jakhani, Tehri Garhwal, Uttrakhand-249165, and present R/o Qtr. No.99, Type-3, North West Moti Bagh, New Delhi-110021, declare that name of mine has been wrongly written as RAJESH PRAKASH in my service record. The actual name of mine is RAJESH PRAKASH SEMWAL, which may be amended accordingly

**Name Change**
I, Akshay Shree Kanitkar S/o Shree Kumar Kanitkar R/o Flat No-903,Tower-1,Unitech The Palms, South City-1, Sector-41, Gurgaon, Haryana-122001, Have Changed My Name To Akshay Kanitkar For Future Purpose.

**Name Change**
I, MADHUKAR KASHINATH D Father of No-15684117L Rank-HAV, Name-DIVEKAR YOGESH M Presently residing at VPO-KADETHAN, TEHSIL-DAUND, DISTT-PUNE, MAHARASHTRA-412215 have changed my name from MADHUKAR KASHINATH D to MADHUKAR KASHINATH DIVEKAR for all future purposes Vide Affidavit dated 28/06/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**
I, DIVEKAR MIRA M Mother of No-15684117L Rank-HAV, Name-DIVEKAR YOGESH M Presently residing at VPO-KADETHAN, TEHSIL-DAUND, DISTT-PUNE, MAHARASHTRA-412215 have changed my name from DIVEKAR MIRA M to MIRABAI MADHUKAR DIVEKAR for all future purposes Vide Affidavit dated 28/06/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**
I, ANJANA mother of No. 2809057K Rank-L/NK, Name- MOTE AMOL PANDURANG R/O VILLAGE TANALI, POST THAPHAKIRI SHETPHAL, THAL PANDHARPUR, DIST SOLAPUR, STET MAHARASHTRA, PIN CODE 413317, have changed my name from ANJANA to ANJANA PANDURANG MOTE and date of birth from 17/04/1968 to 01/06/1950 for all future purposes. Vide affidavit No IN DL08482014966124W dated 26.06.2024 before Public Notary Delhi.

**Name Change**
I, MANISHA spouse of No. 2809057K Rank-L/NK, Name- MOTE AMOL PANDURANG R/0 VILLAGE TANALI, POST THAPHAKIRI SHETPHAL, THAL PANDHARPUR, DIST SOLAPUR, STET MAHARASHTRA, PIN CODE 413317, have changed my name from MANISHA to MANISHA AMOL MOTE for all future purposes. Vide affidavit No IN DL08494254292101W dated 26.06.2024 before Public Notary Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्री अश्वनी मिश्रा खसरा संख्या में से 50 वर्ग गज की फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति संख्या आरजेडजी/डी-10 के मालिक हैं। 22/23 और 33/3, ग्राम डाबड़ी दिल्ली राज्य कॉलोनी के क्षेत्र में स्थित है जिसे सागरपुर पश्चिम, नई दिल्ली-110046 के नाम से जाना जाता है। सदाचार, पंजीकृत जीपीए और वसीयत दिनांक 18.09.2014 द्वारा दस्तावेज़ संख्या 1902, पुस्तक संख्या 4, खंड संख्या 1737, पृष्ठ संख्या 90 से 92, 18.09.2014 को, एसआरओ-IX, नई दिल्ली/दिल्ली। नीचे दिए गए श्रृंखला दस्तावेज़ में उल्लिखित दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं हैं यानी स्वर्गीय श्री इंदर नारायण का मृत्यु प्रमाण पत्र और एसएमसी, जिनकी मृत्यु 14.05.2009 को हुई थी, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और ऊपरी भूतल के बिना छत के अधिकार और श्रीमती सोनम कौर के नाम से बिकने जा रही है और इसे पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा- द्वारका दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

# समाधान शिविरों में आई शिकायतों का 30 जून तक होगा निपटारा : नायब सैनी

## सरकार को अल्पमत में बताने वाले हुड्डा पहले अपने विधायकों को करें एकत्रः सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि प्रदेश में जिला व उपमंडल स्तर पर शुरू किए गए समाधान शिविरों में अभी तक करीब बीस हजार समस्याएं आई हैं। जिनमें से 5500 से अधिक का निपटारा हो चुका है।

चंडीगढ़ में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश से आई प्रॉपर्टी आईडी तथा परिवार पहचानपत्रों संबंधी सभी शिकायतों का 30 जून तक निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हरियाणा दौरे को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता व नेता पूरी तरह से उत्साहित हैं। विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 29 जून को होने वाली इस बैठक में करीब तीन हजार



कार्यकर्ता व नेता भाग लेंगे। पार्टी के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान समेत तमाम वरिष्ठ नेता इस बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य एजेंडा तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाना होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैठक के बाद पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए फील्ड में उतर जाएंगे।हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सरकार को अल्पमत में बताने और राज्यपाल से सरकार भंग करने की मांग करने पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हुड्डा अब से नहीं पिछले कई वर्षो से सरकार गिराने के सपने देख रहे हैं। उनके द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव विधानसभा में गिर चुके हैं। सरकार पर कटाक्ष करने की बजाए बेहतर होगा हुड्डा अपने विधायकों को संभालें।

# नशा तस्कर पिता-पुत्र पर सिरसा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी**

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा जहां नशा तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है, वहीं पर जिला पुलिस की और से नशे के सौदागरों द्वारा अर्जित की गई काली कमाई तथा उनके द्वारा सरकारी जमीनों पर किए गए अवैध कब्जों पर भी जिला पुलिस ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से पीला पंजा चलाना शुरु कर दिया है। जिला पुलिस प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से गांव माधोसिंघाना निवासी नशा तस्कर मोनू उर्फ सोनू पुत्र लक्ष्मण सिंह व उसके पिता लक्ष्मण सिंह निवासी गांव माधोसिंघाना के द्वारा अवैध रूप से सरकारी जमीन कब्जा कर करीब 100 गज में बनाई गई दुकान पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिला पुलिस की और से नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह कार्रवाई की गई है,और भविष्य में भी नशा तस्करों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ा एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नशा तस्कर गांव माधोसिंघाना निवासी मोनू उर्फ सोनू के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत थाना सदर सिरसा,हिसार तथा राजस्थान के नोहर थाने सहित कुल तीन मामले दर्ज है । जबकि उसके पिता लक्ष्मण सिंह के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक अभियोग दर्ज है ।

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरीं

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सिज के लिए 30 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी के लिए होगी।

# हरियाणा पुलिस कर्मियों को मिलेगा बीस दिन का यात्रा भत्ता

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के करीब 50 हजार पुलिसकर्मियों को बड़ी राहत दी है। विभिन्न जांच के लिए बाहर जाने वाले पुलिसकर्मियों को अब 10 दिन के स्थान पर 20 दिन का सेवा भत्ता दिया जाएगा।मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त फैसला लिया गया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री सैनी ने पत्रकारों को बताया कि प्रदेश की तहसीलों में काम करने वाले स्टांप वेंडरों की मांग को पूरा करते हुए उनकी सीमा को बढ़ाकर बीस हजार कर दिया है। इससे प्रदेश में काम करने वाले हजारों स्टांप वेंडरों का लाभ मिलेगा। हरियाणा के डेंटल व नर्सिंग कालेजों में अनुबंध के आधार पर खाली पदों पर भर्तियां की जाएंगी। मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब तक नियमित पद नहीं भरे जाते, तब तक इन पदों पर अनुबंध आधार पर भर्तियां की जाएंगी, ताकि डेंटल व नर्सिंग कालेजों का कामकाज प्रभावित न हो सके।

# सीएम उड़न दस्ते ने जिला नागरिक अस्पताल में छापा मार की जांच

**यमुनानगर।** सीएम विंडों पर एंबुलेंस सेवाओं से संबंधित मिल रही शिकायतों के चलते मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने जिला नागरिक अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में छापा मारा। ड्यूटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार भी इस मौके पर तैनात रहे। टीम आने की खबर फैलते ही अस्पताल के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। यह जानकारी देते हुए मुख्य मंत्री उड़न दस्ते की टीम के जांच अधिकारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि सीएम विंडों पर आ रही शिकायतों के चलते आज सुबह से ही पूरे प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आज यहां के नागरिक अस्पताल में भी जांच के लिए टीम पहुंची है।

# सीएम फ्लाइंग की अस्पताल में रेड, एंबुलेंस का रिकॉर्ड कब्जे लिया

**कैथल।** सुबह-सुबह कैथल के नागरिक अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की। छापेमारी की सूचना मिलते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया और डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल में पहुंच गए। मौके पर पहुंचते ही टीम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए। साथ ही हाजिरी रजिस्टर को भी अपने कब्जे में ले लिया और रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया। सीएम फ्लाइंग जींद के सब इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में सुबह साढ़े नौ टीम ने जिला नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस की जांच की। टीम को एंबुलेंस के समय पर न पहुंचने समेत कई शिकायतें मिल रही थीं। जिसके चलते प्रदेश के कई जिलों में एक साथ सीएम फ्लाइंग ने रेड की।पिछले कई दिनों से एम्बुलेंस सेवाओं संबंधी शिकायत सीएम नायब सैनी के पास पहुंची थी।

# प्री मानसून की बारिश, रतिया-जाखल में जमकर बरसे बादल

**एजेंसी**

**फतेहाबाद।** जिले में प्री मानसून की बारिश हुई। जाखल और रतिया क्षेत्र में जम कर बादल बरसे। लंबे समय से गर्मी की मार झेल रही फसलों को संजीवनी मिली है। इससे आम जन को भी तपती गर्मी से राहत मिली। बड़ों के साथ-साथ बच्चों ने इस भी इस बरसात का जमकर लुत्फ उठाया। जाखल, नागपुर व रतिया क्षेत्र में 20 एमएम से भी ज्यादा बारिश हुई है। इस कारण शहरी क्षेत्र में भारी जल भराव हो गया। लोगों के घरों में भी पानी भर गया। सड़कों पर चारों तरफ पानी ही पानी नजर आया। फतेहाबाद शहर के लोगों को हल्की फुहारों से ही काम चलाना पड़ा। शहर में न के बराबर बरसात हुई लेकिन दिनभर मौसम सुहावना रहने से लोगों को गर्मी से जरूर राहत मिली। शहर की बाहरी सीमा में हल्की बरसात दर्ज की गई है। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि यह बारिश फसल के लिए बेहद फायदेमंद रहेगी। धान उत्पादक किसान 15 जून के बाद से



लगातार बारिश का इंतजार कर रहे थे। अब धान की रोपाई में जुटे किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का पानी नहीं खर्च करना पड़ेगा।

# सोनीपत में लगा समाधान शिविर, 84 शिकायतें हुई दर्ज



**एजेंसी**

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अगुवाई में समाधान शिविर का आयोजन कर समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। एक शिविर में 84 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया।इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में स्वयं भी शिकायतों की सुनवाई करते हैं। उन्होंने शिविर में समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर में डीसीपी नरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

# जिले में एक जुलाई को आधार मान कर बनाये जाएंगे नये वोट

**एजेंसी**

**फतेहाबाद**। भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई, 2024 को 18 वर्ष आयु को आधार तिथि मानते हुए फोटो युक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया है। 25 जुलाई से मतदाता पुनरीक्षण का काम शुरू होगा। इस विषय को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश कैप्टन परमेश सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रूप रेखा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोग की हिदायत अनुसार मतदान केंद्रों का रेशनेलाइजेशन भी किया जाना है। यदि इस संबंध में राजनीतिक दलों को कोई आपत्ति अथवा सुझाव है तो एक सप्ताह में जिला निर्वाचन कार्यालय या निर्वाचन पंजीयन अधिकारी को



लिखित रूप में प्रस्तुत करें।

नगराधीश कैप्टर परमेश सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 25 जून, 2024 से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य और मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करेंगे। त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना निर्धारित फार्म भरकर बीएलओ को दे सकते हैं ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

# हिसार की बेटी निशा बनी भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में वैज्ञानिक

**हिसार।** जिले के हांसी उपमंडल के गांव ढाणा खुर्द की बेटी भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (बीएआरसी) में वैज्ञानिक बन गई है। गांव की लाडली निशा का बीएआरसी मुंबई में चयन होने पर परिवार के साथ पूरे जिले में खुशी की लहर है। निशा ने बताया कि उसने दसवीं तक की पढ़ाई गांव के सरकारी स्कूल और 12वीं कक्षा की पढ़ाई पास के ही गांव सिकंदरपुर से पूरी की। उसके बाद एसडी महिला महाविद्यालय हांसी से बीएससी की। निशा ने इसके बाद गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी एमएससी केमिस्ट्री में दाखिला ले लिया। एमएससी पूरी होने पर फरवरी 2023 में मुझे यूट्यूब के माध्यम से बर्क साइंटिफिक ऑफिसर की वैकेंसी के बारे में पता चला। आखिर में उसने बीएआरसी का एग्जाम क्वालीफाई कर लिया और उसका चयन साइंटिस्ट के लिए हो गया।

# महिला की शिकायत पर वाइस चेयरपर्सन ने एफआईआर करने के निर्देश दिए

**एजेंसी**

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा राज्य महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए तत्पर है।

सोनीपत के रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिकायतों की सुनवाई के दौरान कहा कि महिला की शिकायत पर केस दर्ज करें और तुरंत कार्यवाही करें। शिकायतों की सुनवाई के दौरान, राई निवासी शालिनी मंगला ने बताया कि एक व्यक्ति उनके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस पर वाइस चेयरपर्सन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ राई थाना में एफआईआर दर्ज की जाए और सख्त कार्यवाही की जाए। इसके अलावा, अंबाला की पत्रकार सान्या सोबती ने शिकायत की कि एक कार्यक्रम के दौरान एक अन्य पत्रकार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस पर वाइस चेयरपर्सन ने अंबाला के बलदेव



नगर थाना के एसएचओ को निर्देश दिए कि अगले दो दिन में इस शिकायत की जांच कर रिपोर्ट आयोग को भेजें और संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और उत्थान के लिए बेहतरीन नीतियां लागू की हैं। महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में महिला पुलिस थाने खोले गए हैं और दुर्गा शक्ति वाहिनी का संचालन किया जा रहा है। महिला हेल्पलाइन को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। वाइस चेयरपर्सन ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया कि वे अन्याय के विरुद्ध चुप न बैठें और आयोग में अपनी शिकायत दर्ज कराएं। आयोग महिलाओं की हर शिकायत की गंभीरता से सुनवाई करता है। बलदेव नगर थाना के एसएचओ संदीप सिंह, एसआई सुलतान, एसआई देवेंद्र कौर, एएसआई सोनिया और युधवीर सहित अन्य अधिकारी और शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित




**एजेंसी**

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने गांव पट्टी मुसलमान के हलका पटवारी शांतनु को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान कर्मचारी का मुख्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना0) कार्यालय गोहाना निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारी को गुजारा भत्ता की अदायगी हरियाणा सिविल सेवाएं (सामान्य) नियमावली, 2016 के नियम 83 व 84 में वर्णित प्रावधान अनुसार की जाएगी। उन्होंने कहा कि भत्ता प्राप्त करने के लिए एक शपथपत्र देना होगा कि उसे निलंबन अवधि के दौरान कोई प्राइवेट कारोबार नहीं किया है। उपायुक्त ने सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करने की अपील की है। ड्यूटी के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही व अनुशासहीनता स्वीकार्य नहीं है। यदि ड्यूटी के प्रति लापरवाही अथवा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा सरकार ने गरीबों और सैनिकों को ठगा, सैकड़ों करोड़ हड़पेः कुमारी सैलजा

**सिरसा ।** बड़े-बड़े दावे और वायदे कर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार ने गरीबों व सैनिकों के साथ बड़ी ठगी की है। इनके सिर पर छत देने का वायदा करने वाले उन्हें आज तक फ्लैट नहीं दे पाए हैं।सांसद कुमारी सैलजा ने यह आरोप लगाते हुए जारी एक बयान में कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने साल 2014 में डिफेंस और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए फ्लैट स्कीम लॉन्च की थी। इनमें डिफेंस की 11 स्कीम और बीपीएल व ईडब्ल्यूएस की 07 स्कीम शामिल थीं। अपने घर की आस में लोगों ने इन स्कीमों में बढ़-चढ कर हिस्सा लिया लेकिन आज तक किसी को भी फ्लैट नहीं मिल पाया। लोकसभा सदस्य ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने लोगों से 200 करोड़ से अधिक रुपये एकत्रित कर लिए और इनका प्रयोग फ्लैट बनाने की बजाय किन्हीं अन्य कार्यों में ही कर लिया।

# प्रदेश में नए राशन डिपो खोलेगी सरकारः मूलचंद शर्मा

## खाद्य आपूर्ति मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

■ दिए सख्त निर्देश, डिपो आवंटन में एकाधिकार नहीं चलेगा

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जहां-जहां आवश्यकता है, शीघ्र डिपो खोले जाएं परंतु इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि डिपो आवंटन में किसी भी डिपो होल्डर का एकाधिकार न हो।

मूलचंद शर्मा विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जनता से जुड़ा एक अति महत्वपूर्ण विभाग है तथा इसकी साख को बनाये रखना सभी अधिकारियों की जिम्मेवारी है। मुख्यालय के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पीओएस मशीनों की खरीद की निविदा प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो। बैठक में जानकारी दी गई कि



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश में 2.92 लाख अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड तथा 43.33 लाख बीपीएल कार्ड हैं। वर्तमान में प्रतिमाह 98 लाख मीट्रिक टन अनाज की आवश्यकता होती है, जिसमें भारत सरकार 66,250 मीट्रिक टन गेहूं का आवंटन करती है, शेष 31,000 मीट्रिक टन गेहूं राज्य सरकार अपने खर्चे पर वहन करती है। अधिनियम के तहत अंत्योदय अन्न योजना परिवारों को 35 किलोग्राम गेहूं तथा बीपीएल परिवारों को प्रति सदस्य 5 किलोग्राम गेहूं दिया जाता है। परिवार पहचान पत्र के तहत सत्यापित 1 लाख 80 हजार रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों को राज्य सरकार की अंत्योदय आहार योजना के तहत 2 लीटर सरसों का तेल भी दिया जाता है। राज्य सरकार गेंहू पर 89 करोड़ रुपये, सरसों के तेल पर 95 करोड़ रुपये तथा चीनी पर 11.13 करोड़ रुपये मासिक खर्च करती है।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2023 -24 खरीफ सीजन् के दौरान हरियाणा ने केंद्रीय भंडारण में 58.94 लाख मीट्रिक टन धान तथा रबी सीजन् में 69.06 लाख मीट्रिक टन गेंहू का योगदान दिया। वर्ष 2021 -22 से खाद्यान्नों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर ई-खरीद पोर्टल से की जा रही है और पैसा सीधा किसानों के खातों में भेजा जाता है। मंत्री ने निर्देश दिए कि मंडियों में फसल खरीद का उठान समय पर सुनिश्चित किया जाये। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, निदेशक मुकुल कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बिजली संयंत्रों में नहरी पानी की जगह होगा उपचारित जल का उपयोग : मुख्य सचिव

## वाटर बॉडी की जियो टैगिंग और प्रबंधन के लिए केंद्र ने की हरियाणा की सराहना

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने सिंचाई, बिजली संयंत्रों और उद्योगों में उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल नीति लागू की है। दिसंबर 2024 तक बिजली संयंत्रों में नहरी पानी की जगह उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण प्रयासों को और बल मिलेगा।

टीवीएसएन प्रसाद ने 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाग लेने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के प्रयासों की अगुवाई कर रहा है, जिसका लक्ष्य इस नीति के तहत वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत और 2030 तक 80 प्रतिशत पुनः उपयोग दर हासिल करना है।

मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में वाटर बॉडी की



जियोटैगिंग और प्रबंधन के लिए हरियाणा सरकार की सराहना की है। अपनी स्थापना के बाद से, तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण ने 18,104 तालाबों को जियोटैग किया है और 852 तालाबों का सफलतापूर्वक कायाकल्प किया है। साथ ही 1,152 अतिरिक्त वाटर बॉडी को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। जियोटैगिंग की यह पहल हरियाणा के अमूल्य जल संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन और संरक्षण सुनिश्चित करती है।राज्य में जलशक्ति अभियान के सकारात्मक परिणामों का उल्लेख करते हुए प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2023 में 12 जिलों में जल स्तर 1.3 मीटर बढ़ा जबकि 2022 में 19 जिलों में जल स्तर 0.58 मीटर बढ़ा। उन्होंने कहा कि सभी 22 जिलों के लिए जिला जल संरक्षण योजनाएं तैयार की गई हैं और उन्हें जलशक्ति अभियान (जेएसए-सीटीआर), केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड किया गया है। ये योजनाएं सूक्ष्म स्तर की ग्राम योजनाओं से बनाई गई हैं और इनमें आपूर्ति और मांग तथा जल संरक्षण, सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता तथा विभागवार कार्य योजनाएं और रणनीति के लिए हस्तक्षेप तथा रणनीतिक कार्य योजनाएं शामिल हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि हरियाणा ने देश में अपनी तरह की पहली 'एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना' तैयार की है, जो जल अंतर को समझने और जल बचत हस्तक्षेप और आपूर्ति स्तर की योजना बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय जल योजना का संकलन है। एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना 2023-25 के तहत, राज्य ने दिसंबर 2023 तक 2.48 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी की बचत हासिल की है।

# गुरुग्राम व पिपली में पीपीपी मोड पर बनेंगे बस अड्डे

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रदेश के सभी बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन की तर्ज पर ग्रीनरी लगाकर और सफाई करके खूबसूरत बनाया जाएगा। गुरुग्राम और पिपली (कुरुक्षेत्र ) में पीपीपी मोड पर विशेष प्रकार के बस स्टैंड बनाये जाएंगे। राज्य में आवश्यकता अनुसार बस क्यू -शेल्टर भी बनाए जाएंगे। गोयल चंडीगढ़ में परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक में विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क तथा निदेशक सुजान सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य परिवहन विभाग के सभी डिपो और सब-डिपो में बस स्टैंड परिसर का रख-रखाव बेहतर होना चाहिए। साफ-सफाई के साथ-साथ खाली जगह को पार्क की तरह विकसित करें और वहां पर घास,पेड़-पौधे लगाकर ग्रीनरी बनायें ताकि बस स्टैंड का नजारा खूबसूरत लगे। उन्होंने सभी बस स्टैंड पर सुलभ-शौचालयों की सफाई-व्यवस्था दुरुस्त करने तथा जहां जरुरत हो वहां पर मरम्मत या नवनिर्माण भी करवाया जाए। परिवहन मंत्री ने कहा कि जनसंवाद पोर्टल पर बस क्यू - शेल्टर के निर्माण की मांग को लेकर 127 आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनका निर्माण शुरू करवाया जाए। असीम गोयल ने बताया कि अंबाला शहर में बस स्टैंड के सामने एक अंडरग्राउण्ड पार्किंग बनाई जाएगी जिसका फायदा कपड़ा मार्किट में आने वाले लोगों को अपने वाहन खड़ा करने के लिए होगा। परिवहन मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले गुरुग्राम तथा धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र के पास पीपली में विशेष प्रकार के बस स्टैंड बनाए जाएंगे। इनमे कमर्शियल दुकानें चलाने के लिए मॉल टाइप डिजाइन तैयार किया जा रहा है। उन्होंने हिसार समेत अन्य जिलों में भी नए बस स्टैंड के निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.33 फीसदी लुढ़ककर 84.97 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.40 फीसदी फिसलकर 80.58 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रो पदार्थ की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## टाटा फिर बना देश का सबसे मूल्यवान ब्रांड; इंफोसिस नंबर दो तो एचडीएफसी समूह तीसरे नंबर पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।**28.6 अरब डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ टाटा समूह एक बार फिर से भारत का सबसे मूल्यवान ब्रांड बन गया है। ब्रांड फाइनेंस ने 2024 की अपनी रिपोर्ट में देश के प्रतिष्ठित टाटा समूह को नंबर एक, सूचना तकनीक क्षेत्र की कंपनी इंफोसिस को नंबर दो और बैंकिंग व फाइनेंस क्षेत्र की एचडीएफसी समूह को तीसरे नंबर पर रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा समूह की ब्रांड वैल्यू पिछले साल के मुकाबले इस बार 9 फीसदी बढ़ी है। पहली बार भारत की किसी कंपनी का ब्रांड मूल्य 30 अरब डॉलर के करीब पहुंचा है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में लोगों की उम्मीद को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार इन्फोसिस की ब्रांड वैल्यू में भी 9 फीसदी की वृद्धि हुई है। खासबात यह है कि पूरी दुनिया में आईटी क्षेत्र में गिरावट के बावजूद इन्फोसिस ने यह उछाल दर्ज की है। उसका ब्रांड मूल्य 14.2 अरब डॉलर है। एचडीएफसी समूह को अपने बैंकिंग और फाइनेंस कंपनियों के एकीकरण का फायदा हुआ है और ब्रांड मूल्यांकन के मामले में 10.4 अरब डॉलर मूल्य के साथ यह तीसरे स्थान पर है। वैसे देश में अन्य बैंकों के ब्रांड मूल्य में भी जोरदार उछाल आया है। इस सेक्टर ने कुल मिलाकर 26 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की है और इसमें भी इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक व यूनियन बैंक का प्रदर्शन जोरदार रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक 61 फीसदी की वृद्धि टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों ने दर्ज की है और 26 फीसदी के साथ बैंकिंग दूसरे जबकि खनन, लोहा व इस्पात क्षेत्र ने 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। टेलीकॉम क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों जियो, एयरटेल व वीआई ने उपभोक्ताओं के उपभोग पैटर्न को ध्यान में रखकर अपने ग्रोथ को गति दी है। इसी प्रकार बैंकिंग क्षेत्र में नियामकीय सुधार ने ब्रांड वैल्यू बढ़ाने में मदद की है।

## 'वित्तीय प्रणाली में संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें', आरबीआई की रिपोर्ट में गवर्नर का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से कहा कि वे संचालन व्यवस्था को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' दें। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही ह दास ने कहा कि आरबीआई के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि गंभीर दबाव की स्थिति में भी बैंकों और गैर-बैंकिंग संस्थाओं के 'बफर' न्यूनतम विनियामक पूंजी स्तर से ऊपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई साइबर खतरों, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति सतर्क है। दास ने सभी पक्षों से संचालन व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा, ''संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कामकाज की मजबूत व्यवस्था वित्तीय प्रणाली में हितधारकों की मजबूती का मूल है।''

## संजय भसीन के खिलाफ SEBI की जांच, आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने जारी किया स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली ।** आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा कि संजीव भसीन अनुबंध के आधार पर सलाहकार के रूप में ब्रोकरेज कंपनी से जुड़े थे। शेयरों के भाव में कथित हेराफेरी में भूमिका को लेकर बाजार नियामक सेबी की भसीन के खिलाफ जांच की खबरों के बीच ब्रोकरेज कंपनी ने यह बात कही है। भसीन विभिन्न बिजनेस समाचार चैनल और डिजिटल मीडिया मंचों पर एक चर्चित नाम है। वह शेयर कारोबार के बारे में चर्चा करते हैं। ब्रोकरेज कंपनी ने बयान में कहा, ''भसीन आईआईएफएल सिक्योरिटीज के साथ अनुबंध के आधार पर सलाहकार के रूप में जुड़े थे।'' उनका कार्यकाल 30 जून, 2024 को समाप्त होना था। हालांकि, स्वास्थ्य कारणों से, उनका अनुबंध 17 जून, 2024 को समय से पहले समाप्त कर दिया गया है। बयान के अनुसार ''भसीन ने हमें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूछताछ के बारे में सूचित किया, लेकिन इसका ब्योरा हमें नहीं दिया गया। इसीलिए, हम इस बारे में टिप्पणी नहीं कर पाएंगे। यह ध्यान रखा जाए कि वह आईआईएफएल सिक्योरिटीज लि. या समूह की किसी अन्य कंपनी अथवा संबंधित इकाइयों के निदेशक मंडल में शामिल नहीं थे।'' मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेबी शेयर बाजार में गड़बड़ी को लेकर भसीन की कथित भूमिका की जांच कर रहा है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने स्वास्थ और शिक्षा क्षेत्र के साथ की बजट पूर्व चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में आगामी आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित आम बजट 2024-25 के लिए नौवें बजट पूर्व परामर्श बैठक में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। इन दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने वित्त मंत्री को अपने सुझाव दिए और विचार रखे।




बजट पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, राजस्व विभाग के सचिव के साथ उच्च शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम चुनाव से पहले चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था।

चुनाव के बाद एनडीए सरकार में उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट पेश करने के पहले उसकी तैयारी शुरू कर दी है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख, सोना और चांदी सस्ते हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर बाजारों में सोना और चांदी के भाव में आज गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट आज 72,650 रुपये से लेकर 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

# एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के आईपीओ को मिला 23.49 गुना अभिदान

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन 23.49 गुना अभिदान मिला है। ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एबीडी के शेयर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक 1,500 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर बिक्री में 3,93,71,669 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 92,49,01,092 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुई है।

कंपनी को पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 50.37 गुना अभिदान मिला है, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 32.35 गुना अभिदान मिला। वहीं, खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 4.42 गुना अभिदान मिला है।




ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एबीडी के आईपीओ में एक हजार करोड़ रुपये के नए शेयर और 500 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम से पहले एंकर निवेशकों से 449 करोड़ रुपये जुटाए थे। गौरतलब है कि एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को एबीडी के तौर पर जाना जाता है। मुंबई स्थित भारतीय निर्मित विदेशी शराब कंपनी के पोर्टफोलिया में व्हिस्की, ब्रांडी, रम और वोदका के 16 ब्रांडों के प्रोडक्ट शामिल हैं। इनमें ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, स्टर्लिंग रिजर्व और ऑफिसर्स चॉइस ब्लू सहित अन्य प्रमुख ब्रांड शामिल हैं, जिसका दुनियाभर के 22 देशों में निर्यात होता है।

# जियो ने मोबाइल सेवाओं का टैरिफ बढ़ाया, तीन जुलाई से लागू होंगी नई दरें

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी दूरसंचार प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी अपने मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 फीसदी की वृद्धि करेगी, नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। इन्हें सभी मौजूदा टचपॉइंट और चैनल से चुना जा सकता है।

जियो ने जारी बयान में कहा कि कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं। कंपनी के मुताबिक सबसे कम रिचार्ज की कीमत बढ़ाकर 19 रुपये की गई है। यह एक जीबी डाटा 'ऐड-ऑन-पैक' पैक है, जिसकी कीमत 15 रुपये से लगभग 27 फीसदी अधिक है। जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि 75 जीबी पोस्टपेड डेटा प्लान की कीमत अब 399 रुपये से बढ़कर 449 रुपये हो जाएगी। वहीं, जियो ने सभी दो जीबी प्रतिदिन और उससे अधिक प्लान पर अनलिमिटेड 5जी




84 दिन की वैधता वाले लोकप्रिय 666 रुपये वाले अनलिमिटेड प्लान की कीमत भी लगभग 20 फीसदी बढ़ाकर 799 रुपये कर दी है। इसके अलावा वार्षिक रिचार्ज प्लान की कीमतें भी 20-21 फीसदी बढ़कर 1,559 रुपये से 1,899 रुपये और 2,999 रुपये से 3,599 रुपये हो जाएंगी। कंपनी के मुताबिक अब डेटा उपलब्ध होगा। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम. अंबानी ने जारी एक बयान में कहा कि नई योजनाओं की शुरुआत उद्योग नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने के साथ 5जी और एआई प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल वृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

# महाराष्ट्र का आर्थिक सर्वेक्षण पेश, अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना

**मुंबइ।** बजट से पूर्व महाराष्ट्र के आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष की अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है, जो देश की अनुमानित वृद्धि 7.6 प्रतिशत के समान है। इसी तरह कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत और उद्योग क्षेत्र में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि सेवा क्षेत्र में 8.8 प्रतिशत का विस्तार दर्ज होने की संभावना है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार वित्त विभाग भी संभालते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा मानसून सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश किया। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष के 6.8 प्रतिशत की तुलना में 7.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। 2023-24 के लिए मौजूदा कीमतों पर राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी)



40,44,251 करोड़ रुपये और वास्तविक 24,10,898 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। अखिल भारतीय जीडीपी में राज्य का औसत हिस्सा सबसे अधिक 13.9 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के लिए प्रति व्यक्ति राज्य आय 2,52,389 रुपये थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 2,19,573 रुपये थी। जीएसडीपी में राजकोषीय घाटा 2.8 प्रतिशत है, जीएसडीपी में राजस्व घाटा 0.5 प्रतिशत है और जीएसडीपी में ऋण स्टॉक 17.6 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष में वार्षिक योजनाओं के लिए कुल अनुमानित व्यय 2,31,651 करोड़ रुपये है, जिसमें से 20,188 करोड़ रुपये जिला वार्षिक योजनाओं के लिए हैं। 2023-24 के लिए राजस्व प्राप्तियां 4,86,116 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 4,05,678 करोड़ रुपये थी।

सर्वेक्षण के अनुसार दी गई अवधि में महाराष्ट्र का राजस्व व्यय 5,05,647 करोड़ रुपये है, जबकि पिछले वर्ष यह 4,07,614 करोड़ रुपये था। 2023-24 के लिए राज्य के प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लिए वार्षिक ऋण योजना का आकार 6.51 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र की हिस्सेदारी 25.9 प्रतिशत और सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम और खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र की हिस्सेदारी 55.6 प्रतिशत है।

मध्य प्रदेश के बाद जैविक कृषि उत्पादन (27 प्रतिशत) में महाराष्ट्र भारत में दूसरे स्थान पर है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, देश में एफडीआई प्रवाह के मामले में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा है। 2022-23 के दौरान, राज्य से निर्यात ने देश के कुल निर्यात का 16 प्रतिशत योगदान दिया।

## इंडिया सीमेंट्स की 23 फीसदी हिस्सेदारी 1,885 करोड़ रुपये में खरीदेगी अल्ट्राटेक




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स में 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के 7.06 करोड़ स्टॉक्स को 267 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से अल्ट्राटेक खरीदेगी। इस सौदे की कुल कीमत करीब 1,885 करोड़ रुपये हो सकती है। अल्ट्राटेक सीमेंट्स ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। आज बाजार में कारोबार के दौरान इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 11.43 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। ये 292.63 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पिछले 5 दिन में इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 26.52 फीसदी और एक महीने में 37.06 फीसदी की तेजी देखने को मिली है।

# मोबाइल पर बात करना महंगा होगा, टैरिफ दरें बढ़ाने की तैयारी में टेलीकॉम कंपनियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2021 के बाद एक बार फिर देश में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। विभिन्न टेलीकॉम कंपनियां जुलाई के महीने में ही टैरिफ में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। ऐसा होने से मोबाइल फोन पर बात करना और महंगा हो जाएगा।

माना जा रहा है कि स्पेक्ट्रम की नीलामी खत्म होने के बाद टेलीकॉम कंपनियों ने टैरिफ दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। इसके पहले दिसंबर, 2021 में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ दरों में बढ़ोतरी की थी। इसके बाद से अभी तक हेडलाइन टैरिफ में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, बेस पैक प्लान में टेलीकॉम कंपनियां अपने हिसाब से बढ़ोतरी करती रही हैं।

जानकारों के मुताबिक जुलाई के पहले हफ्ते में ही टेलीकॉम कंपनियां हेडलाइन टैरिफ में 15 से 20 प्रतिशत तक का इजाफा कर सकती हैं। ये इजाफा प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों में किया जा सकता है। स्टॉक मार्केट में भी टेलीकॉम कंपनियों की चाल में तेजी नजर आई। भारती एयरटेल का शेयर आज




टेलीकॉम कंपनियों ने स्पेक्ट्रम की नीलामी में 11,340 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, ऐसे में कंपनियों के सामने अपने 5जी प्लान को मोनेटाइज करना जरूरी हो गया है।

मोबाइल टैरिफ में बढ़ोतरी होने की संभावना के कारण ही आज 16.30 रुपये यानी 1.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,475.80 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का शेयर 2.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18.52 रुपये के स्तर पर बंद होने में सफल रहा।

# वित्तीय प्रणाली मजबूत, बैंकों का कुल एनपीए 2.8 फीसदी पर आया: आरबीआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) का अनुपात मार्च के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 फीसदी पर आ गया है।रिजर्व बैंक ने जून, 2024 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई साल के निचले स्तर 2.8 फीसदी पर आ गया है, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च के अंत में 0.6 फीसदी रहा। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है।रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय




प्रणाली के सभी हितधारकों से संचालन व्यवस्था को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देने के लिए कहा है। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में शक्तिकांत दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

## एयर इंडिया के दो ए-350 विमान एक सितंबर से दिल्ली-लंदन मार्ग पर भरेंगे उड़ान

एजेंसी

**मुंबई।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली-लंदन मार्ग पर एक सितंबर से ए-350 विमान का उपयोग करेगा। इस मार्ग पर प्रतिदिन दो उड़ानों में ए-350-900 विमान को शामिल किया जायेगा।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एयर इंडिया आपके उड़ान अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। एक सितंबर से ए-350 विमान दिल्ली-लंदन (हीथ्रो) मार्ग पर पहली बार उड़ान भरेगा। ये उड़ानें हफ्ते में 14 बार होंगी। इसमें अपग्रेडेड केबिन और अपडेटेड सुविधाओं के साथ एयर इंडिया का नया अनुभव होगा। इस विमान में बिल्कुल नया प्रीमियम इकोनॉमी क्लास और बिजनेस क्लास भी होगा। एयर इंडिया के मुताबिक 17 में से 14 साप्ताहिक उड़ानों में इस समय बोइंग 777-300 ईआर और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन अब इन उड़ानों में ए-350-900 विमान जगह लेगा। इससे दिल्ली-लंदन हीथ्रों मार्ग पर हर हफ्ते अतिरिक्त 336 सीट उपलब्ध होंगी। एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने जारी एक बयान में कहा कि आंतरिक साज सज्जा से युक्त केबिन वाले हमारे प्रमुख ए-350 और बी777 विमानों का लंदन हीथ्रो तक संचालन एयर इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एयर इंडिया एयरलाइन लंदन हीथ्रो के लिए दिल्ली से 17 और मुंबई से 14 समेत कुल 31 साप्ताहिक उड़ानों का संचालन करती है। इसके साथ ही यह अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरु, गोवा और कोच्चि से लंदन गैटविक के लिए भी अपने उड़ानें संचालित करती है। इस मार्ग पर 17 साप्ताहिक उड़ान संचालित होती हैं। इसके अलावा एयरलाइन दिल्ली और अमृतसर से बर्मिंघम के लिए छह साप्ताहिक उड़ानें भी संचालित करती है।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा शेयर बाजार, सेंसेक्स 79 हजार और निफ्टी 24 हजार के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ मजबूती का सिलसिला आज लगातार तीसरे दिन जारी रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले और रिकॉर्ड ऊंचाई पर ही बंद होने में सफल रहे। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स पहली बार 79 हजार अंक के स्तर को और निफ्टी 24 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत और निफ्टी 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।आज के कारोबार के दौरान आईटी और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस, टेक और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर रियल्टी, पीएसयू बैंक, इंडस्ट्रियल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.17। प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 438.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 437.02 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.81 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,008 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,529 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,366 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,320 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 751 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,569 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84.42 अंक की मजबूती के साथ 78,758.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत में कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, जिसकी वजह से ये सूचकांक 206.91 अंक टूट कर 78,467.34 अंक तक गिर गया।

# मुंह में पानी भर देने वाले बनारस के लाजवाब Street Foods, जिन्हें नहीं खाया तो बहुत कुछ कर दिया मिस



**आध्यात्मिक नगरी बनारस की बात ही अलग है। पूरे साल यह जगह देशी- विदेशी पर्यटकों से भरी रहती है। कहते हैं यहां जाकर अलग ही शांति और सुकून का एहसास होता है। बनारस अपने पुराने और शानदार मंदिरों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है लेकिन यहां के जायकों के किस्से भी कुछ कम मशहूर नहीं। यहां आकर इन जायकों को नहीं चखा तो बहुत कुछ मिस कर दिया।**

बनारस की बात ही अलग है। सुबह- शाम होने वाली गंगा आरती का नजारा ऐसा होता है, जिसे देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता है, तो वहीं घाटों पर शांति से बैठकर कब पूरा दिन निकल जाता है पता ही नहीं चलता। बनारस देसी ही नहीं, विदेशी सैलानियों के बीच भी काफी लोकप्रिय है। तभी तो यह जगह पूरे साल पर्यटकों से भरी रहती है। बनारस के मंदिर, घाट तो अपनी एक अलग पहचान रखते ही हैं, लेकिन यहां के जायकों की भी अपनी अलग ठाट है। मीठे, नमकीन, तीखे, चटपटे हर तरह के जायके अपना एक अलग स्वाद लिए हुए हैं। कुछ एक तो ऐसे हैं, जिनके बिना बनारस का सफर ही अधूरा माना जाता है, तो जब कभी आपका बनारस का प्लान बने, यहां के इन मशहूर स्ट्रीट फूड्स को चखने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें।

**बनारस के मशहूर स्ट्रीट फूड्स**

**हींग कचौड़ी**

इसमें सबसे पहला नंबर है हींग की कचौड़ी का। जिसे यहां सब्जी के साथ सर्व किया जाता है। कचौड़ी से आने वाली हींग की खुशबू और इसका स्वाद ऐसा जबरदस्त होता है कि इसे खाकर बस पेट ही भरता है, मन नहीं। इसे खाने के लिए सुबह-सुबह ही दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुटने लगती है।

**मलाई टोस्ट**

इस सिंपल सी डिश के भी लोग ऐसे दीवाने हैं कि क्या कहना। ब्रेड को मस्त कोयले पर सेंका जाता है और उसके ऊपर सफेद मक्खन और थोड़ा सा मसाला डालते हैं। इसे लोग यहां चाय के साथ खाना पसंद करते हैं।

**ड्राई फ्रूट लस्सी**

लस्सी एक हेल्दी ड्रिंक है, जिसका एक ग्लास काफी है पेट भरने के लिए। बनारस में लस्सी को खूब सारे ड्राई फ्रूट्स के साथ सर्व किया जाता है, जो इसका स्वाद तो बढ़ाते ही हैं, साथ ही इसके फायदे भी बढ़ा देते हैं।

**टमाटर चाट**

भई ये यहां की सिग्नेचर डिश है। आलू और मटर की चाट तो आपने सुनी भी होगी और खाई भी होगी, लेकिन टमाटर की चाट, ऐसा स्ट्रीट फूड है, जिसे खाने के लिए लोग लंबी कतारों में इंतजार करते हैं। इसे ज्यादातर जगहों पर कुल्हड़ में परोसा जाता है, जो इसके स्वाद को और लाजवाब बना देता है।

**कचौड़ी सब्जी**

बनारस की कचौड़ी-सब्जी भी अपना एक अलग स्वाद लिए हुए है। बनारस की गलियों में सुबह-सुबह ही कचौड़ियां छननी शुरू हो जाती हैं, क्योंकि इनकी डिमांड ही इतनी है। सुबह ऐसा जायकेदार नाश्ता आपके दिन को बना देगा मजेदार, इसकी गारंटी है।

# संसद में आई नयी जान



संविधान का मुद्दा जनता के बीच ले जाने का कितना सकारात्मक असर हुआ है, इस बात को विपक्ष भली-भांति समझता है, इसलिए संसद के पहले दिन इंडिया गठबंधन के सभी सांसदों के हाथों में संविधान की प्रति थी और सदन में प्रवेश के पहले संविधान दिखाकर विपक्ष ने उद्घोष कर दिया कि इस बार सत्ता का तानाशाही रवैया नहीं चलेगा, प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को संविधान के अनुरूप ही कार्य करना पड़ेगा।18वींलोकसभा के लिए हुए चुनाव, 4 जून को आए चुनाव परिणाम और फिर 24 जून से शुरु हुए संसद के विशेष सत्र में जिस तरह के नजारे देखने मिल रहे हैं, उन्हें देखकर कहा जा सकता है कि भारत के लोकतंत्र में नयी जान फूंक दी गई है और वो भी संविधान के मंत्र को पढ़कर। पाठक जानते हैं कि इन चुनावों में संयुक्त विपक्ष ने संविधान बचाने को मुख्य मुद्दा बनाया और भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद इस मुद्दे को नहीं छोड़ा। भाजपा के स्टार प्रचारक के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने मुस्लिम लीग, मंगलसूत्र, भैंस, नल की टोंटी, सावन में मटन और मछली जैसी सारी बातें कीं, लेकिन जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर बात नहीं की। जब उन्हें लगा कि संविधान के नाम पर विपक्ष जनता के बीच बढ़त बना रहा है तो उन्होंने जुबानी जमाखर्च की तरह कह दिया कि संविधान को खुद बाबा साहेब भी खत्म नहीं कर सकते। लेकिन न उनके, न किसी और भाजपा नेता के चुनाव प्रचार में संविधान को सर्वोपरि रखने का भाव नजर आया। नतीजा यह हुआ कि इस बार विपक्ष को बड़ी जीत हासिल हुई। जिस विपक्ष को पिछले 10 सालों में सदन में एकदम उपेक्षित और काफी हद तक प्रताड़ित महसूस होता था, वह विपक्ष इस बार नयी उर्जा और ऊष्मा के साथ सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।संविधान का मुद्दा जनता के बीच ले जाने का कितना सकारात्मक असर हुआ है, इस बात को विपक्ष भली-भांति समझता है, इसलिए संसद के पहले दिन इंडिया गठबंधन के सभी सांसदों के हाथों में संविधान की प्रति थी और सदन में प्रवेश के पहले संविधान दिखाकर विपक्ष ने उद्घोष कर दिया कि इस बार सत्ता का तानाशाही रवैया नहीं चलेगा, प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को संविधान के अनुरूप ही कार्य करना पड़ेगा। नरेन्द्र मोदी को भी संविधान की इस ताकत का अहसास है, इसलिए इस बार जब उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए एनडीए की ओर से चुना जा रहा था तो इसके पहले उन्होंने संसद में रखी संविधान की प्रति को सिर माथे से लगाया। हालांकि जब 24 जून को श्री मोदी सांसद की शपथ ले रहे थे तो उसी दौरान राहुल गांधी, अखिलेश यादव जैसे कई सांसदों ने पहली पंक्ति में बैठकर संविधान की प्रति उन्हें दिखाई और तब श्री मोदी थोड़े से विचलित नजर आए। दरअसल विपक्ष ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब वो सदन में संविधान के उसूलों से भटककर कार्य करने की मोहलत सरकार को नहीं देगा। शायद नरेन्द्र मोदी के परेशान दिखने की यही वजह हो।

बहरहाल, 18वीं लोकसभा के संसद के इस विशेष सत्र को इसलिए भी बरसों-बरस याद रखा जाएगा, कि किस तरह सांसदों ने अलग-अलग अंदाज में शपथ ग्रहण की। संसद में इससे पहले कभी कोई सांसद साइकिल या बैलगाड़ी में पहुंचा या किसी ने पारंपरिक वेशभूषा धारण की, तो उसी की चर्चा हो जाया करती थी। लेकिन किस सांसद ने किस अंदाज में शपथ ली, इस पर शायद ही किसी का ध्यान गया हो। अब तक अमूमन सभी सांसद एक ही तरह से शपथ लेते आए हैं, बस भाषा या शैली का थोड़ा फेरबदल हो जाया करता था। इस बार संसद की यह परिपाटी भी बदल गई। नरेन्द्र मोदी को विपक्षी सांसदों ने उनके शपथग्रहण के दौरान संविधान की प्रति दिखाई, तो वहीं असम के धुबरी से रिकार्ड 10 लाख मतों से जीत हासिल करने वाले कांग्रेस सांसद रकीबुल हसन ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ली। इसके बाद और भी सांसदों ने ऐसा ही किया। इसके साथ ही इस बार विभिन्न सांसदों ने शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए, वो भी दिलचस्प रहे। इमरान मसूद ने शपथ लेने के बाद जय हिंद, जय भीम कहा, उनके बाद सपा के कई सांसदों ने ऐसा ही किया और समाजवाद जिंदाबाद, पीडीए जिंदाबाद कहा। फैजाबाद से जीते अवधेश पासी न केवल पहली बेंच पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के साथ बैठे, बल्कि उन्होंने शपथ लेने के बाद समाजवाद, अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव सभी के लिए जिंदाबाद कहा। महुआ मोईत्रा जब शपथ लेने आई तो सदन में उनके समर्थन में नारे लगने लगे, जो विपक्ष की ओर से सरकार को इस बात का जवाब था कि पिछली लोकसभा में जिस तरह अडानी पर तीखे सवाल दागने वाली महुआ मोईत्रा की संसद सदस्यता छीन ली गई थी, वैसा अब नहीं हो पाएगा। जनता ने महुआ मोईत्रा को जिताकर भाजपा को गलत साबित कर दिया है। राहुल गांधी ने जब शपथ ली तो उस दौरान सदन में भारत जोड़ो के नारे लगते रहे। राहुल गांधी के हाथ में भी संविधान की लाल कवर वाली प्रति थी। वहीं अखिलेश यादव ने संविधान की नीले कवर वाली प्रति हाथ में रखी थी। जब सपा सांसद जितेंद्र दोहरे शपथ लेने गए तो उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों से उनकी संविधान की प्रतियां लीं। अमेठी से स्मृति ईरानी को हराकर कांग्रेस की जीत दर्ज कराने वाले सांसद किशोर लाल शर्मा जब शपथ लेने उठे तो सदन में खुशी का शोर साफ सुनाई दे रहा था।

पहली बार सांसद चुने गए दलित नेता चंद्रशेखर आजाद बाबा साहेब की याद दिलाते हुए नीले रंग के बंद गले के सूट में शपथ लेने पहुंचे और इस दौरान उन्होंने डा.अंबेडकर की तस्वीर वाली संविधान की किताब हाथ में रखी थी। नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद के नारों के साथ उन्होंने शपथ ली और सत्ता पक्ष की ओर से किसी ने उन्हें टोका कि अब क्या भाषण देंगे तो उन्होंने कहा बिल्कुल देंगे, इसलिए तो यहां आए हैं। भाजपा सांसद और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान जब शपथ लेने उठे तो विपक्ष ने नीट-नीट का शोर किया। इधर पूर्णिया से निर्दलीय चुने गए सांसद पप्पू यादव का भी अलहदा अंदाज नजर आया। उन्होंने री नीट लिखी हुई टी शर्ट पहनी थी। संदेश बिल्कुल साफ था कि नीट परीक्षा में धांधली के कारण छात्रों के साथ जो नाइंसाफी हुई है, उसका जवाब सरकार को देना होगा और नीट की परीक्षा फिर से करवानी होगी। पप्पू यादव ने शपथ के बाद बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, सीमांचल जिंदाबाद और मानवता जिंदाबाद के साथ संविधान जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि मेहताब उन्हें जल्दी खत्म करने का आग्रह करते दिखे और इस दौरान सत्तापक्ष से संभवतः किरण रिजिजू ने उन्हें टोका तो पप्पू यादव थोड़ा तमक कर बोल पड़े कि आप हमको सिखाइयेगा.. और आप कृपा पर जीते हैं। मैं अकेला लड़ता हूं। चौथी बार निर्दलीय चुना गया हूं तो मुझे न बताएं।एआईएमआईएम के मुखिया और सांसद असदुदीन ओवैसी ने संविधान के साथ-साथ फिलीस्तीन के लिए भी जिंदाबाद कहा, जिस पर अब चर्चा चल रही है कि ऐसा करना ठीक था या नहीं। टीएमसी सांसद युसूफ पठान ने गुजरात और बांग्ला की जयकार की, क्योंकि वे मूलतः गुजरात से हैं और अब प.बंगाल से सांसद हैं। विपक्ष के कई सांसदों ने अपनी शपथ के बाद संविधान के साथ-साथ जय हिंद भी कहा। वहीं भाजपा के सांसदों में बरेली के छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिंदू राष्ट्र के साथ अपनी शपथ को खत्म किया। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के जिंदाबाद के नारे लगाए और जब इस पर विपक्ष ने शोर किया तो पलट कर आए और फिर डा.हेडगेवार जिंदाबाद का नारा भी लगाया। भाजपा सहयोगी अपना दल की सांसद अनुप्रिया पटेल ने जब शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष की ओर से मचाए जा रहे शोर और शपथ लेने के बाद की जा रही नारेबाजी पर अध्यक्ष से शिकायत की तो सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव ने उन्हें कहा कि अब आप सुनने की आदत डाल लीजिए।

भारत की संसदीय परंपराओं से वाकिफ लोगों को सदन में शपथग्रहण के वक्त लगाए गए नारों को देखकर थोड़ा अजीब लग रहा है और बहुत से लोग इसे ठीक नहीं मान रहे हैं। हालांकि विपक्ष इस नए अंदाज से भाजपा को यह संदेश दे रहा है कि वो लोकतंत्र की इस सबसे बड़ी पंचायत में किस तरह जनता की आवाज को मुखर करता रहेगा। बुधवार को जब ओम बिड़ला को ध्वनिमत से अध्यक्ष चुन लिया गया, तब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हें बधाई देते हुए यह उम्मीद जताई कि वे संविधान के अनुरूप काम करेंगे और इस सदन में विपक्ष की आवाज को दबने नहीं देंगे। पिछले दस बरसों में शूर्पणखा जैसी हंसी, बाथरूम में रेनकोट पहनकर नहाना, आंदोलनजीवी, एक अकेला सब पर भारी जैसे बयानों के अलावा, एक साथ सौ से अधिक सांसदों का निलंबन और विपक्षी सांसदों के भाषणों के दौरान माइक बंद करने जैसे कई कार्य हुए हैं, जिनसे असल में संसदीय परंपराएं और मर्यादा आहत हुई हैं। इस बार कम से कम संसद की शुरुआत संविधान की जयकार के साथ हुई है, तो उम्मीद बंधी है कि संविधान के साथ-साथ हम भारत के लोगों का अस्तित्व बना रहेगा, विपक्ष उसे बनाए रखेगा।

## संपादकीय

# लोकसभा में विपक्ष के नये तेवर

ध्वनिमत के आधार पर 18वीं लोकसभा में बुधवार को अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से ओम बिरला विराजमान हो गये हैं। निर्वाचन की बजाये सहमति में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने जब रुचि नहीं दिखाई तो संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया ने केरल के वरिष्ठ सांसद के. सुरेश से नामांकन तो भरवाया लेकिन बिरला की जीत को स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ नेता प्रतिपक्ष बने राहुल गांधी एवं संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने उन्हें ससम्मान अध्यक्ष पद की आसंदी पर ले जाकर बिठाया। इस घटनाक्रम एवं तत्सम्बन्धी प्रक्रिया के दौरान लोकसभा में विपक्ष का बदला हुआ अंदाज़ स्पष्ट दिखा। इसने बतला दिया कि आने वाले समय में मोदी एवं उनकी सरकार को न केवल एक मजबूत व एकजुट बल्कि बेहतर रणनीति बनाकर आये हुए विपक्ष के साथ भिड़ना होगा। 2014 एवं 2019 की भांति कमजोर प्रतिरोध कम से कम इस लोकसभा में मोदी-भाजपा के नसीब में नहीं होने जा रहा है।

पहले सत्ता दल ने कोशिश की थी कि विपक्ष अपना उम्मीदवार खड़ा न करे। इसके लिये इंडिया के प्रतिनिधियों ने भाजपा व उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस द्वारा अधिकृत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मंगलवार को मुलाकात कर प्रस्ताव रखा गया कि डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को मिलना चाहिये। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि वे इसके बारे में वे हाईकमान से चर्चा कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फोन करेंगे। वैसे उन्होंने यह भी आग्रह किया कि उपाध्यक्ष का मामला बाद में देखा जायेगा, पहले वे समर्थन घोषित करें। रात तक खरगे को इस बाबत कोई संदेश नहीं मिला तो के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया गया। बुधवार सुबह तक भी राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया तो साफ हो गया कि चुनाव होगा।निर्धारित समयानुसार सुबह 11 बजे ध्वनिमत से बिरला को प्रोटेम अध्यक्ष भर्तृहरि मेहताब ने घोषित किया। जब उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी तक लाया गया तो आदरपूर्वक मेहताब ने उन्हें पदभार सौंप दिया। यह तो पहले से तय था कि संख्या बल सत्ताधारी दल-गठबन्धन के साथ है फलतः बिरला की जीत तय है। इसलिये विपक्ष ने इस पर मतदान की कोई जोरदार मांग न कर बिरला की जीत स्वीकार कर ली। जब मेहताब ने मतदान की मांग को अस्वीकार कर दिया तो विपक्ष ने भी ज्यादा दबाव नहीं डाला। कहा जा सकता है कि इसके साथ ही सत्ता दल ने एक बाधा पार कर ली परन्तु सम्भवतः यह इंडिया की सोची-समझी चाल थी। प्रतीक स्वरूप प्रतिपक्ष ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया, मतदान की हल्के स्वरों में मांग की और भाजपा-एनडीए के मुकाबले अपनी कम सदस्य संख्या को उजागर होने से बचा लिया। कहने को तो अभी इंडिया मजबूत है लेकिन सांसदों-विधायकों की खरीद-फरोख्त में माहिर भाजपा को कोई भी ऐसी चाल चलने का अवसर नहीं छोड़ा गया जिससे इंडिया की कमजोरी दिख जाये। उसे एक संदेश देना था कि वह सत्ता पक्ष के किसी भी फैसले को अब आंख मूंदकर समर्थन नहीं देने जा रही है; और यह संदेश बहुत साफ शब्दों में चला गया। सम्भवतः यही कारण था कि आज मोदी एवं उनके मंत्री पिछली दो लोकसभाओं के मुकाबले कहीं अधिक विनम्र व शांत नज़र आ रहे थे। पीएम ने संसदीय परम्परा के अनुरूप बिरला से सम्मानपूर्वक हाथ मिलाया तथा कौन राहुल गांधी? पूछने वाले मोदी का राहुल गांधी के प्रति रवैया अपेक्षाकृत मृदु दिखा। दोनों एक साथ जिस प्रकार बिरला को आसंदी तक ले गये वह बतलाता है कि एक अकेला मोदी सब पर भारी अब नहीं रहा।लोकसभा की बदली तासीर की झलक बाद में सदस्यों के भाषणों में भी दिखी जो बिरला के सम्मान में व्यक्त किये गये। पक्ष-विपक्ष दोनों ही तरफ़ के ज्यादातर सदस्यों ने संसदीय परम्परा व गरिमा को ख्याल में रखते हुए बिरला की प्रशंसा करते हुए उनसे निष्पक्ष रहने का भरोसा तो जताया, लेकिन अनेक विपक्षी सदस्यों ने दो बातों की ताकीद कर दी- एक तो यह कि अठारहवीं लोकसभा पहले जैसी नहीं है (उनका आशय विपक्ष की बढ़ी हुई ताकत से था), दूसरे, अनेक सदस्यों ने बिरला को ध्यान दिलाया कि अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने विपक्ष को बोलने का अवसर कम दिया। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की तरह विपक्ष भी जनता की आवाज़ होता है और इस बार जनता की आवाज़ बड़ी बनकर सदन में उपस्थित हुई है। उन्होंने बिरला को याद कराया कि वे सदस्यों के अधिकारों के संरक्षक हैं और उनसे उम्मीद है कि वे प्रतिपक्ष की आवाज को दबने नहीं देंगे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए आशा जतलाई कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष का दबाव केवल विपक्ष पर नहीं चलेगा वरन सत्ता पक्ष पर भी बना रहेगा। कई वक्ताओं ने बिरला को उनके पिछले कार्यकाल की याद दिलाई जिस दौरान थोक में विपक्षी सदस्यों के निलम्बन हुए थे।लोकसभा का बदला स्वरूप इस लिहाज़ से भी नज़र आया कि जब तमाम विपक्षी सदस्य बिरला के पिछले कार्यकाल के दौरान किये गये पक्षपातपूर्ण निर्णयों के बाबत बोल रहे थे, तब उन्होंने बहुत कम लोगों को कहने से रोका।

# इंडिया ब्लॉक के लिए अगले तीन महीने महत्वपूर्ण

लोकसभा चुनाव में मिली सीमित सफलताओं से विपक्ष के पास आराम करने का समय नहीं बचा है। राज्य विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इन चुनावों के नतीजे मोदी सरकार की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस साल के अंत तक महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। इसके बाद 2025 में दिल्ली और बिहार में चुनाव होंगे।

24 जून को 18वीं लोकसभा का प्रथम सत्र शुरू हुआ, जिसमें तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी और एनडीए गठबंधन का नेतृत्व कर रही उनकी पार्टी भाजपा के लिए दो अशुभ संकेत मिले। पहला, देश के सभी क्षेत्रों के लाखों छात्रों से जुड़ी नीट परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने का बड़ा घोटाला और दूसरा अयोध्या में नये मंदिर की छत से पानी का रिसाव, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने इस साल 22 जनवरी को किया था। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने उसी दिन शिकायत की, जिस दिन प्रधानमंत्री अपने भाजपा संसद सदस्यों को नयी सरकार के कार्यक्रम के बारे में संबोधित कर रहे थे।विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए, पहला दिन भारतीय संविधान की प्रति लेकर मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन के रूप में चिह्नित किया गया था क्योंकि संविधान की रक्षा 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के घटकों के चुनाव अभियान का मुख्य बिंदु था। मौजूदा सत्र में भी विपक्षी दल नरेंद्र मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में हुए लोकतंत्र के पिछड़ने की प्रक्रिया को उलटने के लिए संघर्ष करेंगे। वास्तव में, संयुक्त विपक्ष के लिए, वर्तमान अवधि न केवल लोकसभा चुनावों में हासिल की गयी बढ़त को मजबूत करने के लिए बल्कि इंडिया ब्लॉक का विस्तार करने के लिए भी एक अच्छा समय है, जिसमें कुछ और राजनीतिक दल शामिल हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद खुद को भाजपा से दूर कर रहे हैं, भले ही वे हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करते थे।

तात्कालिक महत्व की पार्टी है ओडिशा का बीजू जनता दल (बीजेडी), जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों में लोकसभा में कोई सीट नहीं मिली और विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने उसे हरा दिया। बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक ने चुनाव के बाद की स्थिति की गहन समीक्षा की है। उन्होंने भाजपा के साथ अपनी पिछली सहमति को खत्म करने का फैसला किया है और अपने नौ राज्यसभा सांसदों को विपक्ष के साथ समन्वय करने और नीतियों पर नरेंद्र मोदी सरकार से लड़ने का निर्देश दिया है।यह इंडिया ब्लॉक के लिए एक सकारात्मक विकास है क्योंकि 2024 के चुनावों तक, नवीन पटनायक एनडीए के साथ समझ बनाये हुए थे, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी के साथ। बीजद





ने महत्वपूर्ण विधेयकों पर सरकार के पक्ष में मतदान किया। लेकिन 24 जून को, बीजद सुप्रीमो ने अपने पिछले रुख से एक तेज बदलाव का संकेत दिया और राज्यसभा सदस्यों से एक मजबूत और जीवंत विपक्ष के रूप में काम करने के लिए कहा, जो केंद्र को सभी मुद्दों पर जवाबदेह बनायेगा। बीजद सुप्रीमो के रुख में यह बदलाव मौजूदा सत्र में राज्यसभा में विपक्ष के कामकाज पर असर डालेगा। राज्यसभा में बीजद के नौ सदस्य हैं। वर्तमान में, 245 सदस्यों वाले सदन में इंडिया ब्लॉक के 85 सदस्य हैं। यदि बीजेडी सदस्य इसमें शामिल होते हैं, तो यह संख्या 94 हो जायेगी।इसके अलावा, वाईएसआरसीपी के पास राज्यसभा में 11 सदस्य हैं। वाईएसआरसीपी सुप्रीमो ने उनसे बात की है और उनसे भी इंडिया ब्लॉक के साथ सहयोग करने की उम्मीद है। उस स्थिति में, विपक्ष की ताकत 105 हो जायेगी। इससे वर्तमान राज्यसभा में विपक्ष की ताकत में काफी वृद्धि होगी। बीजेडी और वाईएसआरसीपी के सदस्यों ने पहले ही टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं से बात की है। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा में सीट रखने वाली कुछ और छोटी पार्टियां भी मौजूदा संसद सत्र में इंडिया ब्लॉक के साथ सहयोग करने में रुचि रखती हैं। कांग्रेस के बारे में कुछ मुद्दा है जिसे सुलझाना होगा। इंडिया ब्लॉक के बाहर की कुछ पार्टियों को राज्य से संबंधित मुद्दों के कारण अभी कांग्रेस से सीधे बात करने में संकोच है। इंडिया ब्लॉक टीएमसी और डीएमके जैसी किसी अन्य पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों को उनसे बात करने के लिए नामित कर सकता है। विपक्ष का उद्देश्य नये क्षेत्रों में अपना आधार बढ़ाना होना चाहिए, ताकि भाजपा से बेहतर तरीके से मुकाबला किया जा सके।

लोकसभा चुनाव में मिली सीमित सफलताओं से विपक्ष के पास आराम करने का समय नहीं बचा है। राज्य विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इन चुनावों के नतीजे मोदी सरकार की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस साल के अंत तक महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। इसके बाद 2025 में दिल्ली और बिहार में चुनाव होंगे। महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और बिहार में मजबूत विपक्षी गठबंधन होने के कारण चुनाव रणनीति पर काम करना होगा और चुनाव की तारीख से काफी पहले सीटों का बंटवारा पूरा करना होगा। चारों राज्यों में इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व वाली सरकारें चुनने की क्षमता है। दिल्ली में, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन न होने पर भी आप पर भरोसा किया जा सकता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगी।

भाजपा की चुनावी हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थोड़े हताश हैं। लेकिन इंडिया ब्लॉक को भाजपा के लिए बदलाव लाने की उनकी क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। प्रधानमंत्री की टीम ने पहले ही खामियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और राजनीतिक स्तर के साथ-साथ सरकारी स्तर पर भी सुधारात्मक उपाय करने का प्रस्ताव रखा है। उम्मीद है कि सरकार के कुछ उपाय जल्द ही सामने आयेंगे।

अगले महीने के आखिर में 2024-25 का बजट पेश किया जायेगा। नरेंद्र मोदी चुनावी और राजनीतिक रूप से थोड़े घायल हैं, लेकिन उनमें इस पर काबू पाने और मजबूत बनकर उभरने की अद्भुत शक्ति है। इंडिया ब्लॉक को यह बात ध्यान में रखनी होगी। इस तरह, अगले तीन महीने इंडिया ब्लॉक के लिए महत्वपूर्ण होने चाहिए। संसद में अन्य राजनीतिक दलों के साथ सहयोग के क्षेत्रों का विस्तार करने के अलावा, सदस्यों को इस साल 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन आपराधिक कानूनों को वापस लेने के लिए जोरदार लड़ाई लड़नी होगी। संसद में होने वाली बहसों में चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को वापस लेने की मांग प्रमुखता से उठनी चाहिए। एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित किसान आंदोलन की लंबित मांगों को उजागर किया जाना चाहिए। लेकिन सबसे ऊपर, रोजगार रहित विकास की वर्तमान आर्थिक नीति को उच्च रोजगार क्षमता वाले उद्योगों की स्थापना की नयी नीति के पक्ष में बदलने की बड़ी लड़ाई होनी चाहिए। 2024 के शेष महीनों के लिए विपक्ष के लिए कार्य निर्धारित हैं। इसका जवाब देना इंडिया ब्लॉक पर निर्भर है।



# मुंहासे युवा की समस्या



मेडिकल भाषा में मुंहासों को एक्ने कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जो त्वचा में सीबम का प्रोडक्शन प्रभावित होने पर होती है। आज का हर युवा मुंहासों की समस्या से परेशान है। युवावस्था में कदम रखते ही हर युवाओं को इस समस्या से जूझना पड़ता है। युवाओं के लिए यह किसी बीमारी से कम नहीं है। लेकिन अगर कुछ सामान्य बातों पर ध्यान दिया जाय तो इस समस्या से बचा जा सकता है।

### क्यों होते हैं मुंहासे

मेडिकल भाषा में मुंहासों को एक्ने कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जो त्वचा में सीबम का प्रोडक्शन प्रभावित होने पर होती है। त्वचा में सीबम का प्रोडक्शन ठीक से नहीं होने और उसके पूरी त्वचा पर न पहुंचने के कारण यह समस्या सामने आती है। सीबम वैक्सी आइल पदार्थ है, जो त्वचा को वाटरप्रूफ बनाए रखने में सहायता करता है। यह त्वचा की सतह पर मौजूद सेबासीयस ग्लैंड्स में बनता है। सेबासीयस ग्लैंड्स त्वचा से हेयर फॉलीस्लेस से जुड़े होते हैं। मृत त्वचा कोशिकाएं हेयर फॉलीस्लेस को ब्लॉक कर देती हैं, लेकिन सीबम का प्रोडक्शन जारी रहता है। इसके कारण ब्लॉकेज के स्थान पर सूजन आ जाती है। यह सूजन ही मुंहासे का रुप ले लेती है और इसमें मवाद भर जाता है। मुंहासे के फूटने पर यह मवाद पूरी त्वचा पर फैल जाता है, जिससे मुंहासों की समस्या और अधिक बढ़ने लगती है।

### मुंहासों के प्रकार

**ब्लैक हेड्स** - ये ब्लॉकड पोर होते हैं। पोर में एकत्र हुई मृत कोशिकाओं को ही ब्लैकहेड कहा जाता है।

**व्हाइट हेड्स** - ब्लॉकेज के पीछे बनने वाला सीबम लंप बन जाता है, जो त्वचा पर आसानी से दिखाई नहीं देता। पैपल्स - सीबम त्वचा की परतों पर फैल जाता है, जिससे त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। इसी के कारण दर्द भरे लाल मुंहासे होते हैं।

### कारण

हमारी त्वचा बहुत संवेदनशील होती है। मुंहासे उन स्थानों पर होते हैं, जहां पर सीबम का प्रोडक्शन अधिक होता है। मसलन चेहरा, गर्दन, छाती और पीठ इस मामले में संवेदनशील होते हैं। सेक्स हार्मोन भी सीबम का प्रोडक्शन बढ़ाते हैं। किशोरावस्था में सेक्स हार्मोन तेजी से बदलते हैं, इसीलिए इस उम्र में यह समस्या प्रमुखता से उभरकर आती है। इसके अलावा इस समस्या के लिए एक्स्ट्रा हार्मोन भी जिम्मेदार हैं। बॉडी बनाने के लिए कई युवा एनाबोलिक स्टेरोइड्स के रुप में एक्स्ट्रा हार्मोन लेते हैं। वहीं हार्मोन ट्रीटमेंट भी इस समस्या का कारण बन सकते हैं।

### क्यों बढ़ती है समस्या

प्रारंभ में मुंहासे इतने अधिक दर्द भरे नहीं होते हैं, लेकिन उचित देखभाल न होने से यह समस्या सामने आती है। मसलन यदि आप मुंहासों को दबाकर फोड़ दें या मसलें, तो उनसे निकलने वाला मवाद त्वचा में अन्यत्र फैलता है, जिसके कारण यह समस्या बढ़ती जाती है।

### क्या करें

मुंहासों से निजात के लिए कई लोग सुनी - सुनाई बातों को मानकर अपने आप ही इलाज करने लगते हैं, लेकिन ऐसा करना ठीक नहीं है। त्वचा रोग विशेषज्ञ इस बारे में विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। यदि आप मुंहासों की समस्या से ग्रसित हैं, तो निम्न बातों पर ध्यान दें:

- त्वचा की क्लींजिंग करते रहें। इसके लिए सॉफ्ट क्लींजर का प्रयोग करें। मुंहासों की समस्या शुरु न भी हुई हो तो त्वचा की उचित देखभाल हमेशा लाभप्रद ही होती है।
- त्ऑइल- फ्री या नॉन - कॉमेडोजेनिक स्किन केयर प्रोडक्ट ही उपयोग में लाएं, तो बेहतर है।
- त्शोधकर्ताओं के अनुसार मुंहासों को ठीक करने के लिए केवल बेंजोइल पेरॉक्साइड, एजेलाइक एसिड या फिर सल्फर युक्त क्रीम या लोशन ही उपयोग में लाएं।
- त्इस तरह की क्रीम या लोशन का उपयोग दिन में एक बार प्रभावित स्थान पर करें।
- त्टेट्रासाइक्लीन या इरीथ्रोमाइसिन जैसे एंटीबायोटिक्स भी बैक्टीरिया को मारकर मुंहासों से बचाते हैं।
- त्हर व्यक्ति की त्वचा अलग होती है, इसलिए त्वचा रोग विशेषज्ञ की सलाह से इलाज लेना ही उचित होगा।
- त्अगर आप इन छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें तो मुंहासों की समस्या आपके आस - पास भी नहीं फटकेगी।

# हेल्दी बनाए दीर्घकालीन डेटिंग

जहां डेटिंग संबंधों को बेहतर बनाने का काम करती है वहीं इससे संबंधों पर बुरा असर भी पड़ सकता है। यदि कुछ बातों का डेटिंग के दौरान ख्याल रखा जाए तो इससे संबंध दीर्घगामी भी हो सकते हैं।

डेटिंग एक-दूसरे को समझने और संबंधों को बेहतर बनाने का जरिया है। जहां डेटिंग संबंधों को बेहतर बनाने का काम करती है वहीं इससे संबंधों पर बुरा असर भी पड़ सकता है। यदि कुछ बातों का डेटिंग के दौरान ख्याल रखा जाए तो इससे संबंध दीर्घगामी भी हो सकते हैं। यहां कुछ ऐसे ही टिप्स बताए जा रहे हैं जो डेटिंग में काफी मददगार साबित हो सकते हैं-

अपने अतीत के बारे में अधिक न बताएं- हर व्यक्ति का एक अतीत होता है। आपके अतीत जैसा आपकी गर्लफ्रेंड का भी अतीत हो सकता है। एक सफल और दीर्घगामी डेटिंग के लिए जरूरी है कि आप अपने अतीत की अनावश्यक बातों की चर्चा डेटिंग के दौरान न करें। यदि आप अपनी कठिनाइयों और पुरानी डेटिंग के बारे में बताएंगे तो आपकी सहयोगी की आपमें दिलचस्पी कम हो जाएगी। ज्यादा उतावले न बनें- अक्सर देखा जाता है कि एक डेटिंग के बाद पुरूष अधिक उतालवे हो जाते हैं। यह उतावलापन अगली डेटिंग पर जल्दी जाने का होता है। चंद मुलाकातों के बाद पुरूष फोन कॉल्स की बरसात कर देते हैं। इस तरह का उतावलापन ठीक नहीं है। आपको अपनी गर्लफ्रेंड को कुछ आराम करने का समय भी देना चाहिए। आपका यह उतालवापन आपके संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है।

तारीफ करें- अपनी गर्लफ्रेंड को खुश करने के लिए उसकी तारीफ करते रहें। अगर आपकी गर्लफ्रेंड सुंदर लग रही हों तो उसकी सुंदरता की तारीफ करें। कुछ लड़कियों को समझने में समय लगता है, इसलिए यदि आपकी वर्तमान गर्लफ्रेंड की व्यवहार अन्यों से अलग हो तो उसे समाने की पूरी कोशिश करें।

अन्धानुकरण न करें- डेटिंग के दौरान अपनी सहयोगी के पदचिह्नों पर हमेशा चलना ठीक नहीं होता। उदाहरण के लिए यदि आप रेस्टोरेंट में बैठें हों तो अपनी गर्लफ्रेंड के कहने पर ही उठना जरूरी नहीं है। आपको कब उठना है और कब चलना है, इसके लिए अपने विवेक का प्रयोग करें।

अन्य महिलाओं की चर्चा न करें- डेटिंग के दौरान अपनी गर्लफ्रेंड के सामने किसी अन्य महिला का जिक्र न करें। इसके अलावा जब आप डेटिंग पर हों तो अन्य किसी महिला की ओर न देखें। यदि आप ऐसा करंगे तो आपकी सहयोगी आपको फ्लर्टी समझेगी। महिलाएं अपने सामने किसी दूसरी महिला की प्रशंसा भी पसंद नहीं करतीं, इसलिए अपनी डेटिंग को यादगार बनाने के लिए इन सबसे बचें।

पहले स्वयं न जाएं- डेटिंग में अपना वक्त गुजारने के बाद जब विदा लेने का समय आ जाए तो इसकी शुरूआत आप न करें। प्रतीक्षा करें कि आपकी सहयोगी डेटिंग खत्म करने की बात कहे। कुछ महिलाओं के साथ पुरूष सहज महसूस करते हैं और वे चाहते हैं कि उनके बीच बातचीत इसी तरह चलती रहे। जबकि कुछ पुरूष डेटिंग के दौरान असहज हो जाते हैं और वे डेटिंग खत्म करने की सोचने लगते हैं। यदि आप डेटिंग समाप्त करने की बात करेंगे तो आपकी साथी को लगेगा कि आप उन्हें गंभीरता से नहीं ले रहें हैं।

जल्दबाजी न करें- संबंधों को विकसित होने में पर्याप्त समय लगता है। कुछ पुरूष डेटिंग की शुरूआत में ही अपने संबंधों को चरम पर ले जाना चाहते हैं। वह पहली डेटिंग में ही अपनी सहयोगी को किस करना चाहते है और शीघ्र ही सेक्स संबंध भी स्थापित करना चाहते हैं। इस प्रकार की जल्दबाजी से बचना चाहिए।

# कहीं दवा तो नहीं बीमारी की वजह!

अगर आप डायबीटीज और हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं ले रहे हैं और आपको लगातार खांसी रहती है, तो सबसे पहले अपने फिजिशियन से संपर्क करें। आपकी दिक्कतों की वजह दवाएं भी हो सकती हैं। डॉक्टरों का मानना है कि कई नई दवाओं से कुछ लोगों में इस तरह के साइड इफेक्ट नजर आ रहे हैं। लेकिन जानकारी की कमी की वजह से लोग तरह-तरह के टेस्ट और दवाओं के चक्कर में पड़ जाते हैं। कई मरीज तो टीबी तक का इलाज कराना शुरू कर देते हैं।

दिल्ली डायबीटीज रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष डॉ. अशोक झिंगन कहते हैं कि हमारे पास ऐसे बहुत सारे मरीज आए हैं जो तीन-तीन महीने से परेशान थे। पचासों तरह के टेस्ट और तमाम बीमारियों की दवाएं खा चुके थे, मगर कोई फायदा नहीं हुआ। स्टेरॉयड देने से कई लोगों में डायबीटीज और बीपी की समस्या और बढ़ गई थी, तो कई मरीज अस्थमा या टीबी का इलाज शुरू कर चुके थे, जबकि इसकी वजह बीपी की कार्डिस, टेल्मा, एसी इनेबीटर और शुगर की गेल्वस और जिनोविया ग्रुप की दवाएं जिम्मेदार थीं। डायबीटीज के करीब 80 पर्सेंट मरीजों को बीपी की भी समस्या होती है और डायबीटीज के करीब 40 पर्सेंट मरीजों में इन दवाओं के साइड इफेक्ट देखे जा रहे हैं। हालांकि, दवा बदलने के 48 घंटों के अंदर ही दिक्कतें दूर हो जाती हैं। उनका कहना है कि ये दवाएं काफी असरदार हैं, मगर सारे मरीजों के लिए सही नहीं हैं। इनमें से कुछ से सूखी, तो कुछ से कफ वाली खांसी हो रही है। शाम और रात के समय परेशानी काफी ज्यादा बढ़ जाती है, जिसके चलते मरीज का सोना मुश्किल हो जाता है। इंडियन हार्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आर. एन. कालरा कहते हैं कि अगर किसी को ये दिक्कतें आती हैं, तो अपने फिजिशियन की सलाह से तुरंत दवाएं बदल दें, क्योंकि बीपी और डायबीटीज के लिए 10 से भी ज्यादा ग्रुप की दवाओं के विकल्प मौजूद हैं। गंगाराम हॉस्पिटल के सीनियर हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. आर. के. मंत्री के मुताबिक, यहां के मरीजों पर कई दवाओं के साइड इफेक्ट्स स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। ऐसे में, इनके इस्तेमाल को लेकर सतर्क रहना चाहिए।

# सही तरीके से करें मालिश

सामान्यत: बच्चे के जन्म के पहले हफ्ते के बाद से ही मालिश आरंभ कर देनी चाहिए। यह मालिश कम से कम 18 माह तक जारी रखनी चाहिए।

अगर आपका बच्चा ज्यादा कमजोर है तो आप उसकी मालिश तीन-चार साल तक भी कर सकते है। जिससे उसका शरीर हृष्ट-पुष्ट होगा।

सुबह एक बार बच्चे को नहलाने से पहले तथा शाम को उसके सोने से पहले मालिश करनी चाहिए।

मालिश से बच्चे के शरीर की थकी हुई मॉंसपेशियों को आराम मिलता है।

मालिश बच्चों को कई तकलीफों जैसे पसलियों का दर्द, थकान आदि से फायदा पहुँचाती है। इससे रक्त संचार बढ़ता है और बच्चे के शरीर का विकास तेजी से होता है।

घर में अगर नानी-दादी हों तो वे बच्चों की हर रोज मालिश करने की सलाह देती हैं। इससे बच्चे का शरीर मजबूत बनता है लेकिन आजकल की महिलाएँ तो बच्चों के थोड़ा-सा भी रोने पर घबरा जाती हैं व तरह-तरह की चिंताएँ करने लगती हैं। मालिश से बच्चे को कोई नुकसान नहीं होता पर इसके लिए आवश्यक है कि मालिश सही तरीके से की जाए।

# सेल्फ कांफिडेंस सेहत का आधार

आत्म विश्वास सेहत और सफलता का आधार है। कमजोर आत्म विश्वास से बहुत सारी शारीरिक और मानसिक बीमारियों का जन्म होता है। आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए शरीर और मन में स्वस्थ्य अनुभव करना जरूरी है। आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए कुछ योगा टिप्स।

**मौन :** योग में कहा गया है कि मौन से मन की शक्ति का विकास होता है। देखने और समझने की क्षमता बढ़ती है और संयम का जन्म होता है। दिन के 12 घंटे में सिर्फ एक घंटे के लिए मन के भीतर की प्रत्येक गतिविधि को रोक दें।

**ध्यान :** ध्यान का अभ्यास बहुत जरूरी है। यह मौन रहने में सहायक सिद्ध हो सकता है। यह अभ्यास प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट के लिए अवश्य करना चाहिए। ध्यान आपके भीतर आंतरिक शक्ति का विकास करता है साथ ही यह शरीर के संताप को कम कर रोगों से लड़ने की शक्ति को बढ़ाता है। इससे आपके भीतर का विजन पॉवर बढ़ता है।

**प्राणायाम :** प्राणायाम में तीन-चार आवर्तक भस्त्रिका कुम्भक करना चाहिए। अनुलोम-विलोम कुम्भक के साथ 1:2:4 के अनुपात में करना चाहिए। प्राणायाम से शरीर को भरपूर ऑक्सिजन मिलती है जो सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए जरूरी है।

**योगनिद्रा :** आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए 7 से 8 घंटे तक सोना आवश्यक है। यदि किसी चिंता के कारण नींद नहीं आ रही है तो योग निद्रा का अभ्यास करें।

**योगासन :** योगासन में ताड़ासन (आँखें बंद करके), संतुलित त्रिकोणासन, हनुमानासन, मेरुदंडासन, उत्कटासन, गरुड़ासन, बकासन, मयूरासन, उत्थितपद्मासन, पद्म मयूरासन, पद्म बकासन, धनुरासन, सर्वांगासन और चक्रासन का अभ्यास किसी योग प्रशिक्षक के सानिध्य में करना चाहिए।

**इसके लाभ :** उक्त सभी योगा टिप्स से आपके भीतर आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति बढ़ाने लगेगी। आत्मशक्ति के बल पर आप किसी भी कार्य में तो सफल रहेंगे ही साथ ही आपका व्यवहार भी संतुलित रहेगा। आत्म विश्वास से शरीर में प्रतिरोधक क्षमता का विकास भी होता है।



# ऐसे रहें चिर युवा

**एजिंग एक नेचुरल प्रोसेस है, लेकिन अच्छे फूड से, जिसमें एंटी ऑक्सीडेंट हों, आप उम्र के असर को थोड़ा डिले जरूर कर सकती हैं। उम्र का बढ़ना एक सहज प्रक्रिया है और समय के साथ-साथ इसका असर आपके चेहरे पर दिखाई देने ही लगता है। उम्र को आप बढ़ने से रोक नहीं सकते, लेकिन इस बात के प्रमाण मिले हैं कि आप एजिंग को डिले अवश्य कर सकते हैं। खासतौर पर ऐसे भोजन से, जिसमें एंटी ऑक्सीडेंट भरपूर मात्र में हो। यहां हम आपको ऐसे ही कुछ भोजन के बारे में बता रहे हैं, जिसको खाने से आप दिल की बीमारियों, हाइपर टेंशन और कैंसर जैसी बीमारियों से बच सकते हैं।**

### एंटी ऑक्सीडेंट रिच फूड

**डार्क चॉकलेट :** इसमें मौजूद कोको फ्री रेडिकल्स को प्रभावहीन बनाता है और ब्लड वैसल्स को आराम पहुंचाता है। साथ ही इससे ब्लड प्रेशर भी ठीक रहता है।

ओमेगा 3 रिच फिश : सैल्मॉन, मैक्रोल व टूना मछलियों में रिच ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने से रोकता है और हार्ट ब्लॉकेड को रोकता है।

बादाम : ये अनसेचुरेटेड फेट्स का बेहतरीन स्रोत है और साथ ही इनमें हाइपर टैंशन से लड़ने की भी क्षमता होती है।

फ्रैश फिग्स : अंजीर में एंटी ऑक्सीडेंट्स, बी कॉम्पलेक्स विटामिन्स, आयरन और मैग्नीज की भरपूर मात्र होती है। इससे अनीमिया और थकान जैसी चीजें दूर रहती हैं।

आंवला : आंवले को विटामिन सी का सबसे अच्छा स्त्रोत माना जाता है।

### कुछ पौष्टिक टिप्स

1. तला हुआ, मिर्च मसालों वाला भोजन कम खाएं और शुगर वाली चीजों में भी कमी करें।
2. फल, सब्जियां, अनाज और फलियां, गैर वसा वाला दूध तथा बिना चर्बी वाला मीट (जैसे मछली) खायें।
3. हर रोज कम से कम दस गिलास पानी पियें।
4. हरी सब्जियां खूब खायें और अदरक, लहसुन व प्याज खाएं।
5. पीले, संतरी और लाल रंग के फल और सब्जियां ज्यादा खाएं, जैसे टमाटर, गाजर, आम और संतरे।

## भाजपा ने कल्लाकुरिची अवैध शराब त्रासदी पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रतिनिधिमंडल ने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची अवैध शराब त्रासदी मुद्दे के संबंध में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की। शुक्रवार को भाजपा नेता अनिल एंटनी, अरविंद मेनन और सांसद जीके वासन ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना से मुलाकात की और कल्लाकुरिची (तमिलनाडु) अवैध शराब त्रासदी के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।मुलाकात के बाद भाजपा नेता अनिल एंटनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब के सेवन से लगभग 66 लोगों की मौत हो गई है और 150 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमिलनाडु में जहरीली शराब के सेवन से मरने वालों में से ज्यादातर अनुसूचित जाति समुदाय से हैं। उनमें से अधिकांश दैनिक वेतनभोगी हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इस तरह के हादसे कई बार होते रहे हैं लेकिन तमिलनाडु सरकार इस पर मौन है।

## उच्च स्तरीय समिति ने एनटीए में सुधार के लिए छात्रों-अभिभावकों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्र की उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और संभावित पुनर्गठन के बारे में छात्रों और अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किया है। परीक्षा निकाय एनटीए पर पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं का आरोप है। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति एक समर्पित वेबसाइट - इनोवेट इंडिया एग्जामिनेशन रिफॉर्म्स (https:nnovateindia.mygov.in/e&amination-reforms-nta/) के माध्यम से फीडबैक आमंत्रित कर रही है। इस पर 7 जुलाई तक अपने सुझाव दे सकते हैं। इस पर छात्र-अभिवावक आदि परीक्षा निकाय एनटीए में सुधार के लिए अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। एनटीए देशभर में नीट, जेईई, सीयूईटी और यूजीसी-नेट जैसी प्रमुख परीक्षाएं आयोजित करता है। उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।

## उद्यमिता से ही भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : के.आर.सुन्दरम

**लखनऊ।** स्वदेशी जागरण मंच की तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक शुक्रवार को लखनऊ के एसआर इंस्टीट्यूट के परिसर में शुरू हुआ। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक के.आर.सुन्दरम ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग उद्यमिता ही है। स्वावलंबी भारत अभियान का उद्देश्य भारत को नौकरी मांगने वालों के देश से नौकरी देने वाला बनाना है। उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक के आर.सुन्दरम ने कहा कि लोगों को स्वदेशी की ओर लौटने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वावलंबन समय की मांग है। बेरोजगारी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि देश के युवाओं को स्वावलम्बी बनाने की जरूरत है। भारत का युवा अगर धैर्य व साहस के साथ तय कर ले तो कुछ भी असंभव नहीं है।

## हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'अभ्यास' ड्रोन के सभी छह परीक्षण पूरे

**नई दिल्ली।** हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) 'अभ्यास' ने सभी छह विकासात्मक परीक्षण पूरे कर लिये हैं। अब इसके बाद पहचान की गई एजेंसियों के साथ 'अभ्यास' उत्पादन के लिए तैयार है। अभ्यास एक ड्रोन है, जिसे विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन के लिए एक लक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। आखिरी दो परीक्षण गुरुवार को देर रात किये गए, जिसमें न्यूनतम रसद के साथ 30 मिनट के अंतराल में दो बार लॉन्च किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।



## ममता ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, नीट खत्म कर पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर नीट खत्म कर पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। बनर्जी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी यानी नीट) खत्म कर राज्य सरकार द्वारा परीक्षा आयोजित करने की पिछली प्रणाली को बहाल करने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा प्रणाली में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। पत्र में उन्होंने लिखा, पेपर लीक, कुछ लोगों और परीक्षाओं के संचालन में शामिल अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने, कुछ छात्रों को परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम चालू करने, ग्रेस मार्क्स आदि के आरोप जो गंभीर मुद्दे हैं, जिन पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है। इनकी गहन, स्वच्छ और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। ऐसी घटनाएं लाखों छात्रों के करियर और आकांक्षाओं को खतरे में डालती हैं जो इन मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने की उम्मीद करते हैं।

# प्राकृतिक बालू, मोरम का बेहतर विकल्प होगा 'एम-सैंड', शीघ्र घोषित होगी नीति

एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में रेत और मोरम के स्थान पर 'एम-सैंड' (मैन्युफैक्चर्ड सैंड) को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार अतिशीघ्र एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत, मोरम के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी।

शुक्रवार को खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण एवं नदियों के इकोसिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टनेबल विकास को गति दी जाए। इस दृष्टि से 'एम-सैंड' एक बेहतर माध्यम है। नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के



दृष्टिगत एम-सैंड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

नई नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 'एम-सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें जीवन और संपत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम-सैंड' निर्माता अपने उत्पाद के लिए बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। नोडल विभाग के रूप में खनन विभाग 'एम-सैंड' के शीघ्र उत्पादन हेतु राज्य, जिला स्तर पर अनुज्ञप्तिधारकों और हितधारकों से समन्वय स्थापित कराए। आम जनता को 'एम-सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके तथा 'एम-सैंड' की कीमत प्राकृतिक मोरम, बालू के सापेक्ष कम हो, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए। इससे जुड़ी इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खनन पट्टा धारकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रपत्र जारी करने की प्रक्रिया जनपद स्तर से ही होनी चाहिए। इसके लिए एक समय सीमा तय होनी चाहिए। निदेशालय से इसकी मॉनीटरिंग की जाए। वर्तमान में खनिज परिवहन से जुड़े वाहनों की ओवरलोडिंग को सफलतापूर्वक रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने जनपदों में टास्क फोर्स को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## मुस्लिम समुदाय के 35 लोगों ने अपनाया सनातन धर्म

एजेंसी

**इंदौर।** शहर में मुस्लिम समुदाय के करीब 35 लोगों ने सनातन धर्म अपना लिया है। आयोजन शुक्रवार को स्थानीय खजराना गणेश मंदिर में हुआ। इसके लिए विधि-विधान से खजराना गणेश मंदिर में पूजन-पाठ और हवन किया गया। वैदिक पद्धति से सभी का शुद्धिकरण कराया गया। सनातन धर्म से प्रभावित होकर इन लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया है। जानकारी के अनुसार कानूनन धर्मांतरण के लिए इन लोगों ने इंदौर कलेक्टोरेट में आवेदन दिया था। इसके बाद यह आयोजन किया गया। इनकी लीगल प्रोसीडिंग करने वाले एडवोकेट अनिल नायडू और राहुल राठौर ने इसकी पुष्टि की है। इन सभी लोगों ने विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत के प्रमुख संतोष शर्मा के नेतृत्व में इस्लाम छोड़ कर हिन्दू धर्म अपनाया है।

## अमेरिका अपने नस्ल और वर्ण भेद की करे चिंता, देश के आंतरिक मुद्दों को उठाने में विपक्ष सक्षम : कांग्रेस

एजेंसी

**लखनऊ ।** अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने कहा है कि अमेरिका हमारे मामले में दखल न दे। वह अपने यहां नस्ल भेद, वर्ण भेद की चिंता करे। हमारे लोकतंत्र में विपक्ष मजबूत है। उन्होंने कहा कि भारत में किसी तरह की परेशानी है तो उसके लिए राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। हमारा विपक्ष मजबूत है। भारत के आंतरिक मामले में अमेरिका की दखलअंदाजी की कोई जरूरत नहीं है। हम अपने मामलों को उठाने और सुलझाने में सक्षम हैं।

उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार में सरकारी नौकरी बंद है। नौजवानों को नौकरियां मिल नहीं रही हैं। पेपर लीक हो जाते हैं, अयोग्य लोगों को नौकरियां मिल जाती हैं। रोजगार को लेकर सरकार का आंकड़ा कुछ और कहता है, आज दो तिहाई नौकरी खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने दो



बार इन्वेस्टर समिट किया। 40 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का दावा किया गया। आपको बताना चाहिए कि कितनी नौकरियों का सृजन हुआ। कितने कल-कारखाने लगे। कितने एमएसएमई खुले। योगी सरकार केवल और केवल जुमलेबाजी के आधार पर चल रही है।

ओपी राजभर का वीडियो सामने आने के बाद सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त कर जेल में डालना चाहिए। अगर नहीं करते हैं तो ये माना जाएगा कि सरकार भी इसमें शामिल है। उनके पास ऐसी कौन सी जादू की छड़ी है। इतना कुछ होने के बाद उन्हें पार्टी में रखा गया है तो बताना होगा क्या यही एनडीए है।दरअसल नीट पेपर लीक मामले में सुभासपा विधायक बेदी राम का नाम सामने आने के बाद सियासी हलचल तेज है। बेदी राम के पेपर लीक कबूलनामे का वीडियो सामने आने के बाद ओपी राजभर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें राजभर लोगों से कह रहे हैं कि अगर कोई कॉल लेटर आ जाता है तो बेदी राम से संपर्क कर लेना। वे नौकरी दिलाने में माहिर हैं, वो जुगाड़ बना देंगे।

## दिल्ली में बारिश के बाद नगर निगम की व्यवस्था पर भाजपा ने खड़े किए सवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में भीषण गर्मी के बाद शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को काफी राहत दी। तापमान में गिरावट आई और मौसम बहुत सुहाना हो गया, लेकिन सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई है। मानसून से पहले शहर की नगर निगम व्यवस्था को लेकर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने महरौली-बदरपुर रोड से एक वीडियो जारी कर आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई नहीं हुई है, जिसकी वजह से प्री मानसून में सरकार के दावे की पोल खुल गई है। आप के नेता, विधायक और मंत्री जनता के बीच से गायब हैं।

जल मंत्री आतिशी बिस्तर पर आराम कर रही हैं और शहर का यह हाल है। लोग जलभराव की समस्या से परेशान हैं, मैंने आज दिल्ली सरकार की पोल खोल दी है। कहां है आपके भ्रष्टाचारी नेता संजय सिंह ? मुझे तो यहां पर नजर नहीं आ रहे हैं। कहां हैं स्वाति मालीवाल। सीएम केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन जेल में बंद हैं।भाजपा सांसद ने दिल्ली की जनता से सड़कों पर आने का आह्वान भी किया। अगर आपको अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखना है तो सड़को पर आ जाइए नहीं तो यह सरकार दिल्ली को बर्बाद कर देगी।

उन्होंने कहा, जेई और एई को आप सस्पेंड नहीं करेंगे तो ये सड़कें बर्बाद हो जाएगी। मुझे आज संसद जाना था, लेकिन मैंने सोचा पहले जिस क्षेत्र की जनता ने



मुझे जिताया है, वहां जाकर उनकी समस्या को उठाऊं।उन्होंने दिल्ली सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कल तक इन नालों की सफाई नहीं हुई तो मैं इसी पानी के अंदर धरना देने के लिए बैठ जाऊंगा। देखिए सड़कों की हालत क्या है ? यातायात जाम है। अरविंद केजरीवाल की सरकार को शर्म आनी चाहिए।

# कानून व्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में सक्षम नए कानून

एजेंसी

**चूरू।** एक जुलाई से लागू हो रही भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर आमजन में जागरुकता की दिशा में जिला परिषद सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन एवं अभियोजन विभाग की ओर से आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि बदलते समय के साथ अपराध के तरीकों एवं तकनीकों में हुए बदलाव के मध्येनजर सरकार ने विधि में परिवर्तन की आवश्यकता समझते हुए नए कानून लागू किए जा रहे हैं। इससे कानून अधिक प्रभावी ढंग से अपना काम कर सकेगा और हम अधिक बेहतर एवं अपराधमुक्त समाज की रचना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को लेकर अधिक से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए तथा लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरुक किया जाए। उन्होंने कहा कि विधिक रूप से



जागरुक समाज में अपराध की संभावनाएं कम हो जाती हैं।

एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने कहा कि वर्तमान समय ही ज्ञान और शिक्षा का है। ?से में नए कानूनों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरुकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी ब्रिटिश समय से ही प्रचलित अनेक कानून प्रभाव में हैं, जिनमें से कई ?से हैं, जिनकी प्रासंगिकता ही खत्म हो गई है। इन्हीं सब बातों को देखते हुए भारत सरकार की ओर से यह बदलाव किए गए हैं। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि हम इनसे एक बेहतर और अपराधमुक्त समाज की रचना कर पाएंगे। उपनिदेशक (अभियोजन) दिलावर सिंह ने नए कानूनों की प्रमुख बातों को रेखांकित किया और विभिन्न प्रावधानों के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर अभियोजन अधिकारी गोरधन सिंह ने भारतीय दण्ड संहिता के स्थान पर लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता की प्रमुख धाराओं तथा प्रावधानों में हुए बदलाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता की कुल 511 धाराओं को भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराओं में समायोजित कर दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में संगठित अपराध, मॉब लिंचिंग, हिट एण्ड रन, आतंकवादी कार्यकलाप, अलगाववाद जैसे 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है। आईपीसी में परिभाषित दस्तावेज शब्द में डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को मुख्यतः शामिल किया गया है। बीएनएस 2023 में आईपीसी के 19 प्रावधानों को विलोपित कर दिया गया है। 33 प्रकार के अपराधों में कारावास की अवधि तथा 83 प्रकार के अपराधों में जुर्माना राशि को बढाया गया है।

## दौसा में मानसून की धमाकेदार एंट्री, जिला मुख्यालय पर 2 इंच बरिश हुई ,मोरेल बांध में आया 9.5 फुट पानी



एजेंसी

**दौसा।** दौसा में मानसून की धमाकेदार एंट्री हुई। तेज अंधड़ के साथ हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया और खेत लबालब हो गए।जिला मुख्यालय पर 51 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश से मोरेल बांध में 9.5 फुट पानी की आवक हुई है। रात करीब 12:00 बजे तेज अंधड़ के साथ बारिश शुरू हुई, जो करीब 1 घंटे तक जारी रही। इससे सड़कों पर पानी भर गया। गांधी तिराहा, मानगंज, रेलवे ओवरब्रिज के नीचे पानी भर गया। इसी तरह बीएसएनएल कार्यालय से लेकर जिला परिषद तक सड़क लबालब हो गई। जिला परिषद और सदर थाने में भी पानी भर गया। सड़कों पर तेजी से पानी बहता रहा। अंधड़ के साथ आई बारिश से कलेक्ट्रेट में एक पेड़ भी गिर गया। आसपास के गांवों में खेत लबालब हो गए। जिले में मानसून आने से बुवाई में तेजी आ गई है। करीब 25 हजार हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी है। अब किसान बुवाई में पूरी तरह जुट गया है। सिंचाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिला मुख्यालय पर 51 मिमी बारिश दर्ज हुई। इसी तरह रेडियो डेम पर 48, सैंथल में 30, लालसोट में 26, मोरेल डेम पर 20, सिकराय में 12, महवा में 7 और बांदीकुई में तीन मिलीमीटर बारिश हुई।

## संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री ने किया मनरेगा कार्यों का शुभारंभ

एजेंसी

**जोधपुर।** संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य और विधि परामर्शी कार्यालय एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर जिले की ग्राम पंचायत कुड़ी भगतासनी में व्यास कॉलेज रोड़ पर स्थित भोमियाजी नाडी पर पूजन के साथ मनरेगा कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के तहत आमजन को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे है। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस स्थल को मनरेगा के तहत रमणीय स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही, इस नाडी की बाउंड्री वॉल बनाकर इसे संरक्षित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस स्थल का विकास स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण से जहां स्थानीय जॉब कार्ड धारक श्रमिकों को रोजगार मुहैया होगा, वहीं इसके बनने से गांव के विकास में चार चांद लग जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने



कुड़ी होद मुख्य पंप स्टेशन पहुंच कर ऑफिस का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से टैंकरों की जीपीएस ट्रैकिंग, टैंकरों से की जा रहे पानी सप्लाई की जानकारी प्राप्त कर, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, कार्यालय की साफ सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने डिमांड के आधार टैंकर की सप्लाई के भी निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने राजस्थान आवासन मण्डल वृत प्रथम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

## अवधेश प्रसाद को 'राजा अयोध्या' कहने पर संजय निषाद ने साधा अखिलेश यादव पर निशाना

एजेंसी

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने फैजाबाद से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद को 'राजा अयोध्या' कहा है। इसके बाद भाजपा और उसके सहयोगी दल हमलावर हो गए हैं।

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी सरकार में मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद ने निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र में किसी को राजा कहना न्यायोचित नहीं है। देश के संवैधानिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधि जनसेवक होता है। राजा आदेश देता है, जनसेवक सेवा करता है। भगवान राम ने कमजोरों को गले लगाया, दुख को खत्म कर सुख देने की नीति बनाई। जिस पार्टी ने कमजोरों के आरक्षण का बिल फाड़ दिया हो, सामाजिक न्याय की रिपोर्ट का विरोध किया हो, ये कौन से राजा और किस प्रकार के न्याय की बात करते है? आज के लोकतंत्र में राजा किसी को कहना उचित नहीं है। अखिलेश



यादव की ओर से यूपी की कानून-व्यवस्था को फेल बताए जाने पर संजय निषाद जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पर उनकी ओर से दिया गया बयान शोभा नहीं देता। अराजकता की बात वो न करें। अखिलेश यादव का अपना समय देखना चाहिए, तब कितना अपराध होता था। योगी सरकार में अपराध पर लगाम लगा है, हम जीरो टॉलरेंस पर काम कर रहे हैं। सपा कार्यकाल के मुकाबले भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बेहतर है।संजय निषाद ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पार्टी पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आपातकाल किससे प्रेरित होकर लगाया गया था, वो राजनीति से प्रेरित था। हम इस दिन को काला दिवस के तौर पर मनाते हैं और वो हमेशा मनाया जाएगा। उस समय जिसने भी जनता की आवाज उठाई, सभी को जेल में बंद कर दिया गया। कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। आपातकाल लोकतंत्र की हत्या थी, आने वाली पीढ़ी इसे काले दिन में रुप में याद रखेगी।अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि हम भी अमेरिका पर आरोप लगाते हैं कि अमेरिका ने भारत के चुनाव को प्रभावित किया। सोशल मीडिया के तमाम तंत्र विदेशी देशों के हैं। उनका नियम है कि जो गलत काम करेगा, उसे बंद कर दिया जाएगा। आरक्षण, संविधान को लेकर मोदी और अमित शाह का जब गलत वीडियो चला तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई, क्यों तत्काल प्रभाव से उसे बंद नहीं किया गया ? हम चाहेंगे कि ऐसे वीडियो की जांच हो और जांच के बाद ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो।

## रांची में व्यवसायी की हत्या के बहुचर्चित केस में पांच को उम्रकैद

एजेंसी

**रांची ।** रांची के व्यवसायी मनोज कुमार साहू की पत्थरों से कूचकर और लाठी से पीटकर हत्या के बहुचर्चित केस में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने दोषी पाए गए पांच अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें एक महिला मानकी देवी के अलावा मोहन उरांव, शनिचरवा उरांव, बबलू कच्छप उर्फ डैनी और रंजन फोगला शामिल हैं। अदालत ने पांचों पर जुर्माना भी लगाया है। वारदात वर्ष 2018 के अप्रैल महीने की है। रांची के अपर बाजार निवासी मनोज कुमार साहू कांके ब्लॉक के बुकरू रोड में खरीदी गई जमीन पर चहारदीवारी निर्माण कराने गए थे। इस दौरान कुछ लोगों से हुए विवाद के बाद उन्हें पीट-पीटकर मार डाला गया था।

# जदयू की दिल्ली में अहम बैठक शनिवार को, कई बड़े फैसले लिए जाने की संभावना

एजेंसी

**पटना ।** एनडीए में शामिल महत्वपूर्ण घटक दल जनता दल यूनाइटेड की शनिवार को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से दिल्ली रवाना हो गए हैं।

लोकसभा चुनाव के बाद होने वाली इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस बैठक में कई बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। जदयू के सूत्रों की मानें तो इस बैठक में अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी और उसे लेकर कुछ बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं।

हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। पिछले साल दिसंबर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद नीतीश कुमार ने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए थे, जिसमें महागठबंधन से नाता तोड़ना और भाजपा के नेतृत्व वाले



एनडीए के समर्थन से बिहार में सरकार बनाना शामिल है। जदयू के नेता और मंत्री मदन सहनी भी बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। दिल्ली जाने के पहले उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, ÷पार्टी में बैठकें होती रहती हैं। यह बड़ी बैठक है, कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। अभी नहीं कहा जा सकता कि क्या निर्णय लिए जाएंगे। इधर, जदयू के एक नेता की मानें तो बैठक में पार्टी को मजबूत करने के अलावा पार्टी के विस्तार समेत कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद पैदा हुए हालात पर भी चर्चा की जाएगी। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू अब 12 लोकसभा सांसदों के साथ केंद्र में एनडीए की अहम सहयोगी है। साथ ही पार्टी बिहार में लोकसभा की सीटों की संख्या में आई गिरावट पर भी चर्चा कर सकती है। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में जदयू 16 सीटें जीती थी। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की इस बैठक में पार्टी के सभी विधायक, सांसद और प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है।

कहा जा रहा है कि इस बैठक में जदयू अपनी आगे की रूपरेखा तय करेगी, साथ ही कई सियासी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। इस बैठक की अध्यक्षता जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार करेंगे। सूत्र बताते हैं कि जेडीयू संगठन में कई उलटफेर हो सकते हैं।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले जदयू प्रवक्ता ने तेजस्वी यादव पर साधा निशाना

एजेंसी

**पटना ।** दिल्ली में शनिवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने वाली है। कयाश लगाए जा रहे हैं कि इस बैठक में पार्टी कोई बड़ा फैसला ले सकती है। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने शुक्रवार को यहां बताया कि बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा होगी। उन्होंने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के बारे में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और तेजस्वी यादव पर भी जमकर निशाना साधा। आईएएनएस से बात करते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य बिंदु क्या होगा यह राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में तय होता है। हालांकि उन्होंने इतना जरूर कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव और पार्टी की कार्यनीति पर बैठक में चर्चा की जाएगी।



चित्रकूट का अर्थ है कई 'आश्चर्यों का पर्वत'। विंध्य पर्वत श्रृंखला में फैला चित्रकूट दो भागों में बंटा हुआ है। एक भाग मध्यप्रदेश के सतना जिले का चित्रकूट है, जो कि एक तहसील है और दूसरा भाग उत्तरप्रदेश का चित्रकूट जिला है।

एक भाग मध्यप्रदेश के सतना जिले का चित्रकूट है जो कि एक तहसील है और दूसरा भाग उत्तरप्रदेश का चित्रकूट जिला है। महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने चौदह वर्ष के वनवास में से साढ़े ग्यारह वर्ष का समय यहां पर व्यतीत किया था।

# श्रीरामजी की भूमि चित्रकूट



भारत में कई ऐसे स्थान हैं, जो कि ऐतिहासिक होने के साथ ही साथ धार्मिक रूप से भी महत्वपूर्ण हैं। ऐसे ही स्थानों में से एक चित्रकूट है, भगवान श्रीराम का वनवास स्थल। चित्रकूट का अर्थ है 'कई आष्चर्यों का पर्वत'। विंध्य पर्वत श्रृंखला में फैला चित्रकूट दो भागों में बंटा हुआ है। एक भाग मध्यप्रदेश के सतना जिले का चित्रकूट है जो कि एक तहसील है और दूसरा भाग उत्तरप्रदेश का चित्रकूट जिला है। महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने चौदह वर्ष के वनवास में से साढ़े ग्यारह वर्ष का समय यहां पर व्यतीत किया था। इसी कारण से चित्रकूट पर्यटन स्थल होने के साथ ही साथ एक आध्यामिक महत्व भी रखता है, एक ऐसा स्थान जहां के कण-कण में श्रीराम बसते हैं। इसके साथ ही चित्रकूट कई महान ऋषियों की कर्मभूमि भी रही है, जैसे, अत्रि, सती अनुसूया, दत्तात्रेय, मार्कण्डेय, सरभंग, सुतीक्ष्ण। इसके साथ ही चित्रकूट रामचरितमानस के रचियता संत तुलसीदास की जन्मभूमि भी रही है, जिनका जन्म चित्रकूट के राजापुर नामक गांव में हुआ था। संत तुलसीदास द्वारा लिखित रामचरितमानस आज भी उनके वंशजों के पास यहां सुरक्षित रखी है।



## क्या देखें

वैसे तो पूरा चित्रकूट ही घूमने लायक हैं, लेकिन अगर आप चित्रकूट जा रहे हैं, तो किस भी हालत में इन स्थानों पर जाना न भूलें।

## रामघाट

अगर आप चित्रकूट जा रहे हैं, तो रामघाट में स्नान करना न भूलें, जिसके लिये यह माना जाता है कि अपने वनवास के दौरान चित्रकूट आने पर इसी स्थान पर श्रीराम, सीता और लक्ष्मण ने मंदाकिनी नदी में स्नान किया था। साथ ही ऐसा भी माना जाता है कि चित्रकूट के इसी घाट पर बैठकर संत तुलसीदास ने भगवान राम से चंदन लगवाया था, और फिर हनुमान ने उनका परिचय देते हुए कहा था कि :

चित्रकूट के घाट में भई संतन की भीर।  
तुलसीदास चंदन घिसैं तिलक देत रघुवीर।।

रामघाट के पास कुछ अन्य महत्वपूर्ण स्थान भी हैं, जैसे कि, राघव प्रयाग घाट, मतगजेंद्रेष्वर स्वामी, पाम कुटी और यज्ञ वेदी।

## कामदगिरि

कामदगिरि चित्रकूट का मुख्य दर्शनीय स्थल है। कामदगिरि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है 'सभी इच्छाओं से परिपूर्ण पर्वत'। ऐसा माना जाता है कि वनवास के दौरान राम, सीता और लक्ष्मण इसी पर्वत पर रहते थें। कामदगिरि और चित्रकूट के भगवान कामतानाथ का मंदिर भी यहीं स्थित है, जहां से कामदगिरि की 5 किलोमीटर लंबी परिक्रमा आरंभ होती है। परिक्रमा के इस पथ का निर्माण सन् 1725 में बुंदेल के महाराज छत्रसाल की पत्नी रानी प्रताप कुंवारी द्वारा करवाया गया था। परिक्रमा पथ के दौरान कई अन्य मंदिर भी स्थित हैं, जैसे, भारत मिलाप जहां पर भरत की मुलाकात राम, सीता और लक्ष्मण से हुई थी।

मटगजेंद्रेश्वर स्वामी : यह मंदिर रामघाट पर स्थित है। पुराणों के अनुसार इस स्थान पर सतयुग में भगवान ब्रह्मा ने तपस्या की थी और फिर शिवलिंग की स्थापना की थी। यहां पर मंदिर की स्थापना पन्ना के महाराज अमन सिंह के द्वारा की गई थी।

## जानकी कुंड

जानकी का अर्थ है राजा जनक की पुत्री अर्थात् सीता। ऐसा माना जाता है कि वनवास के दौरान सीता जी इस कुंड का प्रयोग स्नानागार के रूप में करती थी। जानकी कुंड के आसपास कई चैरिटेबल संस्थाएं स्थित है, जैसे कि जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय, ब्लाइंड स्कूल आदि।

## अत्रि-अनुसूया आश्रम

यह आश्रम रामघाट से 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि सती अनुसूया ऋषि अत्रि के साथ यहीं रहती थी और इसी आश्रम में उन्होंने त्रिदेवों को बालकों के रूप में परिवर्तित कर दिया था। इसी आश्रम के पास परमहंस आश्रम भी स्थित है।

## हनुमान धारा

हनुमान धारा रामघाट से पूर्व की ओर 4 किमी की दूरी पर विंध्य के आरंभ पर स्थित एक अत्यंत रमणीय स्थल है। ऐसा माना जाता है कि लंका दहन करने के कारण अयोध्या लौटने तक हनुमान जी के शरीर में जलन हो रही थी। भगवान राम को अपनी यह समस्या बताने पर उन्होंने उन्हें चित्रकूट के इस पर्वत पर जाने के लिये कहा और यह भी कहा कि यहां पर उनपर ठंडे जल की एक धारा प्रवाहित होगी, जिस कारण से उनकी जलन समाप्त हो जाएगी। आज भी हनुमान जी की मूर्ति पर यह धारा प्रवाहित होती है और उसके बाद कहां अदृष्य हो जाती है, यह पूर्णत : रहस्य है।

गुप्त गोदावरी : चित्रकूट के दक्षिण-पष्चिम में करीब 18 कि.मी. की दूरी पर एक पहाड़ पर स्थित यह स्थान अत्यंत रमणीय ओर रहस्यमय है। गुप्त गोदावरी का आष्चर्य यहां पर स्थित दो गुफाएं हैं।

## रामशय्या

सीतापुर से चलने पर भरत कूप से पहले एक और दिव्य स्थल है, जिसे रामशय्या कहते हैं। इस स्थान को परिक्रमा मार्ग से भी देखा जा सकता है। यह एक चट्टान है, जिसके लिये यह माना जाता है कि वनवास के दौरान राम और सीता इस चट्टान पर आराम करते थे।

एक बड़ी सी शिला पर दो चिन्ह भी बने हुए हैं, जिनका निर्माण राम और सीता के लेटने के कारण हुआ था। इनके अतिरिक्त भी चित्रकूट और इसके आसपास के क्षेत्र में कई दर्शनीय स्थल हैं, जैसे कि, राघव-प्रयाग घाट, यज्ञ वेदी, स्फटिक शिला, मयूरध्वज आश्रम, लक्ष्मण चौकी, वाल्मीकि आश्रम, भरत कूप, लक्ष्मण पहाड़ी, सुतीक्ष्ण आश्रम, गणेश बाग, कालिंजर दुर्ग आदि।

## कैसे पहुंचे

**सड़क द्वारा :** मध्यप्रदेश से चित्रकूटके लिये रीवा, सतना, पन्ना, मैहर, सागर, छतरपुर आदि स्थानों से और उत्तरप्रदेष से मिर्शापुर, इलाहाबाद, बांदा, कानपुर, लखनऊ, महोबा, अतरा, नरैनी, झांसी से निरंतर बस सेवाएं उपलब्ध रहती है।

**रेल द्वारा :** निकटतम रेलवे स्टेषन चित्रकूट धाम कर्वी है, शो कि मानिकपुर-झांसी रेलवे लाइन में स्थित है।

**वायुयान द्वारा :** चित्रकूट के लिये निकटतम एयरपोर्ट खजुराहो है, जो कि चित्रकूट से 175 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

### आइस स्कीइंग के लिए मशहूर

# खूबसूरत औली

**बद्रीनाथ धाम के निकट नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के पास स्थित है गढ़वाल का मशहूर औली क्षेत्र। यहां पर घने जंगलों के साथ ही खूबसूरत पहाड़ तथा मखमली घासों से ढंके हुए मैदान फैले हुए हैं। देश का सबसे नया आइसस्कीइंग केंद्र भी यहीं पर मौजूद है। यहां पर आप बर्फ पर फिसलने का भरपूर आनंद उठा सकते हैं। बर्फ की चादरों से ढंकी यहां की खूबसूरत ढलानें एशिया की खूबसूरत ढलानों में भी गिनी जाती हैं। यहां से आप नंदा देवी, हाथी गौरी पर्वत, ऐरावत पर्वत तथा नीलकंठ पर्वत का नजारा भी बखूबी देख सकते हैं।**

सबसे पहले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने इसे आइसस्कीइंग खेल मैदान के रूप में तलाशा था फिर गढ़वाल मंडल विकास निगम ने स्कीइंग को बढ़ावा देने की मंशा से यहां स्कीइंग केंद्र की स्थापना की। यहां पर रोपवे भी है जोकि औली के आकर्षण में अनूठा साबित हुआ है। रोपवे की रोमांचक यात्रा सैलानियों को आनंदविभोर कर देती है। जब पर्यटक इसमें बैठकर जंगल, खेत और गांवों के ऊपर से गुजरते हैं, तो उनका मन झूम उठता है। दर्शनीय स्थलों की बात करें तो आप सबसे पहले गुरसौं बुग्याल देखने जा सकते हैं। ओक और कोनिफर के जंगलों से घिरा हुआ और खूबसूरती से भरापूरा यह मैदान सैंकड़ों मीलों तक फैला हुआ है। औली से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरसौं बुग्याल में गर्मियों के मौसम में असंख्य फूल भी खिलते हैं।




आप क्वांरी बुग्याल भी घूमने जा सकते हैं। यह एक मनोरम स्थल है। यहां पर दूर-दूर तक फैली हुई खूबसूरत ढलानें देखते ही बनती हैं। इन ढलानों पर ट्रैकिंग का आनंद भी लिया जा सकता है। जोशीमठ भी औली के सर्वश्रेष्ठ दर्शनीय स्थलों में शुमार है। औली से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित जोशीमठ में आप मठों, स्मारकों के दर्शन कर सकते हैं। यहां पर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा पौराणिक महत्व के कई सारे मठ व मंदिर मौजूद हैं साथ ही आप यहां पर्वतारोहण भी कर सकते हैं। इस स्थान की सबसे खास बात यह है कि इसे बदरीनाथ और फूलों की घाटी का प्रवेशद्वार भी माना जाता है।

सेलधार तपोवन को देखने का अपना अलग ही मजा है। क्योंकि यहां पर गरम पानी के अनेक सोते हैं, जिन्हें देखते ही बनता है। यहां पर आप अधिक उबलते गरम पानी के फव्वारे और सोते को देख कर दंग रह जाएंगे। इसी प्रकार चिनाब झील भी देखी जा सकती है। यह झील प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जगह जोशीमठ के पास स्थित है। लेकिन कठिन चढ़ाई होने के कारण अभी इस स्थल का पर्याप्त विकास नहीं हो सका है।

वंशीनारायण कल्पेश्वर भी देखने योग्य जगह है, खासकर गर्मियों में। क्योंकि गर्मियों में यह पूरी घाटी फूलों से ढंकी हुई नजर आती है। इस मनोरम दृश्य को देखकर सभी पर्यटक आकर्षित हुए बिना नहीं रहते। यदि आप औली की यात्रा करने का मन बना चुके हैं तो आपको बता दें कि यहां तक आपको सीधी रेल सेवा नहीं मिल पाएगी। यहां से निकटतम रेलवे स्टेशन ऋषिकेश है। आप ऋषिकेश स्टेशन से औली के लिए बस ले सकते हैं। ऋषिकेश से औली लगभग 253 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

चाहें तो ऋषिकेश से जोशीमठ तक के लिए बसों तथा टैक्सियों व जीपों का भी प्रयोग कर सकते हैं और जोशीमठ से औली तक की यात्रा रोपवे से भी तय कर सकते हैं। जहां तक बात यहां पर ठहरने की है, तो आपको बता दें कि औली में आपको गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा बनवाए गए हट्स और फाइबर हट्स में रहने की सुविधा आराम से मिल सकती है।

## टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा लंदन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होगा। ग्लोबल शतरंज लीग, अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के बीच का एक संयुक्त पहल है। पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद, लीग का लक्ष्य दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक में एकजुट करना है। शीर्ष खिलाड़ियों से सजी 10-दिवसीय अनूठी शतरंज लीग 3 से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन के केंद्र में स्थित फ्रेंड्स हाउस में आयोजित होगी। दुनिया भर के फैन्स से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, यूरोपीय क्षेत्र में शतरंज के लिए तेजी से बढ़ते फैन बेस और उत्साह से जुड़ने के लिए ही दूसरे संस्करण के लिए लंदन को मेजबान के रूप में चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा, उद्घाटन संस्करण को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हम दुनिया भर में शतरंज की पहुंच का विस्तार करने और शतरंज प्रशंसकों के लिए नए अनुभव लाने के अपने मिशन को जारी रखने के लिए उत्साहित हैं। आधुनिक शतरंज इको सिस्टम में एक नए युग की शुरुआत करने के लिए टेक महिंद्रा की प्रतिबद्धता सराहनीय है, और हमें विश्वास है कि लीग का दूसरा संस्करण खेल को और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सही मंच और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है : राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।'

## सुपरबेट चैस क्लासिक शतरंज : गुकेश नें जीत से खोला खाता

**बुखारेस्ट , रोमानिया।** ग्रांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव सुपरबेट चैस क्लासिक के पहले राउंड में भारत के डी गुकेश नें शानदार जीत के साथ अपना खाता खोल लिया है , गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रोमानिया के बोगदान डेनियल को मात दी । फीडे कैंडिडैट के विजेता बनने के बाद गुकेश का यह पहला क्लासिकल मुक़ाबला था । वहीं एक और जीत मिली यूएसए के फबियानों करूआना को उन्होने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देते जीत दर्ज की । अन्य मुकाबलों में भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से , रूस के यान नेपोमनिशी नें फ्रांस के मकसीम वारचेर लागरेव से और यूएसए के वेसली सो नें नीदरलैंड के अनीश गिरि से ड्रॉ खेला । अगले राउंड में गुकेश का मुक़ाबला नेपोमनिशी से और प्रज्ञानन्दा का सामना मकसीम वारचेर लागरेव से होगा । 26 जून से 5 जुलाई तक खेले जाने वाले इस 9 राउंड के राउंड रॉबिन क्लासिकल टूर्नामेंट की पुरुस्कार राशि कुल 350000 डॉलर है ।

## भारतीय एथलीट किरण पहल ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 400 मीटर वर्ग में हासिल किया कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला एथलीट किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। किरण ने सेमीफाइनल में 50.92 सेकेंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिकके लिए क्वालिफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालिफाइंग मार्क 50.95 सेकेंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रहीं। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकेंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।

## लंदन में होगा वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन, एफआईडीई के अध्यक्ष ने की पुष्टि

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। एफआईडीई के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने बयान में कहा, 'इस प्रतियोगिता के पहले सत्र को मिली अपार सफलता के बाद हम शतरंज का दुनिया भर में विस्तार करने और शतरंज प्रेमियों को नया अनुभव दिलाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं।

# टी20 विश्व कप : दक्षिण अफीका के खिलाफ फाइनल मैच के लिए बारबाडोस पहुंची टीम इंडिया

**एजेंस**

**ब्रिजटाउन।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के लिए शुक्रवार को बारबाडोस पहुंच गई। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर भारतीय टीम ने इस बड़े इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और सात अंकों के साथ ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर रही। रोहित



शर्मा की टीम 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से आईसीसी ट्रॉफी के लिए भारत के सूखे को खत्म करने और दक्षिण अफ्रीका में 2007 के उद्घाटन संस्करण के बाद से अपना पहला टी 20 विश्व कप जीतने के लिए उत्सुक होगी।

# जोस बटलर ने मानी गलती, कहा- स्पिन-फ्रैंडली पिच पर मोइन से गेंदबाजी करानी चाहिए थी

**एजेंस**

**प्रोविडेंस।** भारत के खिलाफ आईसीसी टी 20 विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उन्होंने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में स्पिन-फ्रेंडली पिच पर स्पिनर मोइन अली को गेंदबाजी नहीं कराने की गलती की थी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड पर 68 रनों की शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

भारतीय स्पिनरों - अक्षर पटेल और कुलदीप यादव - ने गुयाना की स्पिन-फ्रेंडली सतह पर पूरी तरह से दबदबा बनाया और छह विकेट चटकाए। इंग्लैंड के लिए, मोईन अली ने एक भी ओवर नहीं फेंका, जबकि आदिल राशिद ने अपने 4 ओवर में 25 रन देकर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का सबसे कीमती विकेट हासिल किया। भारतीय स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी की बदौलत 172 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही गत चैंपियन इंग्लिश टीम 103 रनों पर ढेर हो गई। बटलर ने मैच के बाद कहा, हमारे दो खिलाड़ियों (राशिद और लिविंगस्टोन) ने अच्छी




गेंदबाजी की। पीछे मुड़कर देखें तो मोईन को भी इस सतह पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, हम सभी के प्रयास पर वास्तव में गर्व महसूस कर रहे हैं। हम एकजुट रहे, जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब हमने अच्छा प्रदर्शन किया।

# कोपा अमेरिकाः पनामा ने यूएसए को हराकर क्वार्टर फाइनल की उम्मीदें बरकरार रखी

**एजेंसी**

**अटलांटा।** जोस फजार्डो के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की बदौलत पनामा ने संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) को 2-1 से हराकर कोपा अमेरिका क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।

मेजबान अमेरिकी टीम मर्सिडीज़-बेंज स्टेडियम में 18वें मिनट में मैदान पर 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई, जब टिमोथी वीह को रॉड्रिक मिलर को धक्का देने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। इस झटके के बावजूद, यूनाइटेड स्टेट्स ने चार मिनट बाद 22वें मिनट में फोलारिन बालोगुन के ज़रिए बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने एंटोनी रॉबिन्सन के साथ



मिलकर बाएं पैर से शॉट मारकर गेंद को ऊपरी-दाएं कोने से गोल पोस्ट में डाल दिया। मैच के 26वें मिनट में राइट बैक सीजर ब्लैकमैन ने 18 गज की दूरी से बेहतरीन गोल कर पनामा को 1-1 से बराबरी दिला दी।

पनामा ने गेंद पर लगभग 75त्न नियंत्रण रखा और संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक पास पूरे किए। मैच के 83वें मिनट में फजार्डो ने अब्दिएल अयार्ज़ा के पास पर 12 गज की दूरी से गोल करके पनामा को 2-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

इश जीत के साथ ही थॉमस क्रिस्टियनसेन की पनामा टीम अब ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर है, उरुग्वे और संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर अंक हैं, लेकिन गोल अंतर कम है।

## टी20 विश्व कप 2022 सेमीफाइनल का बदला पूरा, भारत इंग्लैंड को हराकर फाइनल में

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आखिरकार टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने क्रिकेट इतिहास की अपनी दो बड़ी हार का बदला ले ही लिया। वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया तो 2022 टी20 विश्व कप के



सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार को भारतीय दर्शक भूले नहीं थे। लेकिन इस विश्व कप के दौरान रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इन दोनों बड़े देशों से अपना बदला ले लिया। टीम इंडिया ने सुपर 8 में पहले ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व कप से बाहर किया तो उसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को हरा दिया। गुयाना के मैदान पर भारतीय टीम ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा के 57 तो सूर्यकुमार यादव के 47 रनों की बदौलत 171 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी इंग्लैड की टीम 103 रन ही बना पाई और 68 रनों से मुकाबला गंवा दिया।

# मैं यदि अपना 100 प्रतिशत दूँ, तो पेरिस में देश के लिए पदक जीत सकती हूँ : मीराबाई चानू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टोक्यो में अपने रजत पदक के अलावा एक और ओलंपिक पदक जीतने को उत्सुक भारोत्तोलक मीराबाई चानू पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में अपने दिल तोड़ने वाले अनुभव की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सावधानी बरत रही हैं।

पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई के लिए, पिछले एशियाई खेलों में, जहां उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान अपने दाहिने कूल्हे को घायल कर लिया था और कुल स्कोर दर्ज नहीं कर सकी थीं, सीखने का अनुभव था। मीराबाई ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान कहा, मैं अपने प्रशिक्षण के दौरान चोट न लगने का ध्यान रखती हूं। मैं अपनी तकनीक, शक्ति (प्रशिक्षण) और आहार के बारे में सावधान रहती हूं। मैं क्या खाती हूं और रिकवरी क्या है, यह महत्वपूर्ण है। मैं कौन से व्यायाम करती हूं और किन मांसपेशियों पर ध्यान केंद्रित करती हूं, यह भी महत्वपूर्ण है। एशियाई खेलों के बाद शीर्ष भारोत्तोलक ने पांच महीने तक पुनर्वास किया और अप्रैल में फुकेट में आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में भाग लिया, जिसमें उन्होंने 184 किलोग्राम सफलतापूर्वक उठाया। यह टोक्यो खेलों में उनके कुल वजन से 18 किलोग्राम कम था और पेरिस में




पदक जीतने की संभावना को बढ़ाने के लिए उन्हें 200 किलोग्राम से अधिक वजन उठाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, अब मैं 80 से 85 प्रतिशत (जितना मैं उठाने में सक्षम हूँ) उठा रही हूँ। खेलों में एक महीना बाकी है, मैं धीरे-धीरे अपना वजन बढ़ाऊँगी।

29 वर्षीय भारोत्तोलक, जो उत्साह से लेकर चिंता, तनाव और घबराहट तक के मिश्रित भावों से गुजर रही है, खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिए 7 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना होने वाली हैं। उन्होंने कहा, पिछले तीन सालों में चोटों के कारण मुझे बहुत कुछ झेलना पड़ा है। प्रतियोगी बदल गए हैं। मुझे आश्चर्य है कि क्या मैं फिर से पदक जीत पाऊँगी। लेकिन अगर मैं अपना 100 प्रतिशत दूँ, तो मैं देश के लिए पदक जीत सकती हूँ।उन्होंने कहा, ओलंपिक से पहले पेरिस में प्रशिक्षण का अवसर पाकर मैं गौरवान्वित हूं। मैं साई और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं।

मीराबाई ने अपने कोच विजय शर्मा को उनके मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया। मीराबाई ने अपने कोच के साथ एक और सफल ओलंपिक अभियान की उम्मीद करते हुए कहा, मैं विजय सर के साथ हर बात पर चर्चा करती हूं। वह मुझे अपनी बेटी की तरह मानते हैं। 2014 में उनके साथ जुड़ने के बाद मेरी जिंदगी बदल गई।

# रोहित ने विराट कोहली का किया समर्थन, कहा- फॉर्म कभी समस्या नहीं होती

**एजेंसी**

**प्रोविडेंस।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नहीं लगता कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म कोई समस्या है, बल्कि उनका मानना है कि उनका इरादा सही है और वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में खेल सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ शानदार प्रदर्शन करने के बाद, कोहली इस बड़े इवेंट के पूरे संस्करण में अपने बल्ले से रन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सात मैचों में इस अनुभवी बल्लेबाज ने 10.71 की औसत से केवल 75 रन बनाए हैं।

ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल उनके लिए वापसी करने और फाइनल से पहले अपनी फॉर्म हासिल करने का सही मंच था। उन्होंने गेंद को मिड-विकेट के ऊपर से एक छक्का भी मारा, जिससे क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहने का संकेत मिला। लेकिन जब कोहली ने रीस टॉपली को लेग स्टंप पर शॉट मारने की कोशिश की, वह बोल्ड हो गए।

कोहली के निराशाजनक सीजन के बावजूद, भारतीय कप्तान कोहली के फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं और उन्होंने फाइनल में कोहली के खेलने का समर्थन किया। रोहित ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, कोहली एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोई भी खिलाड़ी इससे गुजर सकता है। हम उनकी क्लास को समझते हैं और इन सभी बड़े मैचों में उनकी अहमियत को समझते हैं। फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। जब आप 15 साल तक क्रिकेट खेलते हैं, तो फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। वह अच्छा खेल रहे हैं, वह शायद फाइनल के लिए खेल बचा रहे हैं। भारत ने 2022 विश्व कप सेमीफाइनल की यादों को भुलाते हुए इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को 16.4 ओवर में 103 रनों पर समेट दिया। अक्षर और कुलदीप दोनों ने 3-3 विकेट लिए।




रोहित का मानना है कि फाइनल में विजयी होने का मंत्र अपराजित प्रोटियाज के खिलाफ अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। रोहित ने कहा, हम एक टीम के तौर पर बहुत शांत रहे हैं। हम इस मौके (फाइनल) को समझते हैं। शांत रहने से आपको अच्छे फैसले लेने में मदद मिलती है। इससे हमें मैच जीतने में मदद मिलेगी। आपको अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। हम फाइनल में यही करना चाहते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे, बस इतना ही कह सकता हूं। टीम अच्छी स्थिति में है, वे अच्छा खेल रहे हैं। मैं बस यही उम्मीद कर सकता हूं कि फाइनल में वे एक और अच्छा प्रदर्शन करें।

# राहुल द्रविड़ के लिए टी20 विश्व कप जीते टीम इंडिया : वीरेंद्र सहवाग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ जब तक टीम इंडिया में बतौर बल्लेबाज रहे वह आईसीसी ट्रॉफी से दूर रहे। 2002 चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रही थी। इसके बाद 2003 में वनडे विश्व कप फाइनल खेला लेकिन ट्रॉफी हाथ नहीं आई। 2007 वनडे विश्व कप में वह कप्तान थे लेकिन टीम इंडिया पहले ही दौर में बार हो गई थी। 2011 वनडे विश्व कप में द्रविड़ खेले नहीं। यह विश्व कप भारत के हाथ लग गया। ऐसे में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम इंडिया से अपील की है कि वह विश्व कप खिताब अपने दिग्गज प्लेयर राहुल द्रविड़ के लिए जीते। सहवाग ने कहा कि मौजूदा भारतीय टीम में हर किसी को द्रविड़ के सम्मान में ट्रॉफी जीतने के लिए प्रेरित होना चाहिए। वह भारत की अब तक



की सबसे महान प्रतिभाओं में से एक हैं और सहवाग चाहते हैं कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अच्छा प्रदर्शन करे और उन्हें विश्व चैंपियन कहलाने का मौका दे। सहवाग ने कहा कि हमने 2011 विश्व कप सचिन तेंदुलकर के लिए खेला था। तो ये टी20 वर्ल्ड कप राहुल द्रविड़ के लिए हो सकता है. सहवाग ने क्रिकबज से कहा, कम से कम एक कोच के रूप में उन्हें विश्व कप जीतने और विश्व कप विजेता होने का तमगा हासिल करने का मौका मिलता है, जो उन्हें एक खिलाड़ी के रूप में नहीं मिला। द्रविड़ ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और आईपीएल खेलना जारी रखा लेकिन वहां भी इस दिग्गज क्रिकेटर को सफलता नहीं मिल सकी। फिर द्रविड़ कोचिंग में शामिल हुए और भारत की अंडर19 टीम के मुख्य कोच के रूप में भारी सफलता हासिल की, लेकिन सीनियर टीम में वह अपनी सफलता दोहरा नहीं सके। हालांकि उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला लेकिन वहां इंग्लैंड से हार झेलनी पड़ी। इसी तरह 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और उसके बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी। अब बतौर कोच उनके लिए टी20 विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हैं।

# बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल देव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाए तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। कपिल ने कहा कि बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक



चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं।

भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। उत्कृष्ट हैं। वे अधिक फिट हैं। वे बहुत अधिक मेहनती हैं। वे शानदार हैं। बहरहाल, टीम इंडिया अभी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी कर रही है।

गुयाना के मैदान पर बारिश ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। हालांकि टीम इंडिया को एक फायदा यह भी हो सकता है कि अगर मैच न हुआ तो वह अपने ग्रुप में पहले नंबर पर रहने के साथ अपने आप ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। फिलहाल गुयाना के मैदान पर क्रिकेट फैंस मैच के इंतजार में है। इसके लिए दोनों टीमें भी तैयार हैं।

# क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

**एजेंसी**

**कोलंबो।** क्रिस सिल्वरवुड ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने गुरुवार को घोषणा की। सिल्वरवुड का इस्तीफा पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। जयवर्धने, जो पिछले जनवरी से एक साल के अनुबंध पर थे, ने छह महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया। इस बीच, सिल्वरवुड ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब है प्रियजनों से लंबे समय तक दूर रहना। अपने परिवार के साथ लंबी बातचीत और भारी मन से, मुझे लगता है कि अब मेरे लिए घर लौटने और उनके साथ कुछ अच्छा समय बिताने का समय आ गया है। सिल्वरवुड ने श्रीलंका क्रिकेट और अन्य विभागों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अप्रैल 2022 में मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद से उनके साथ काम किया। उन्होंने कहा, 'मैं श्रीलंका में अपने कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों, कोचों, बैकरूम स्टाफ और एसएलसी के प्रबंधन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। आपके समर्थन के बिना, कोई भी सफलता संभव नहीं होती। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा बनना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है और मैं कई प्यारी यादें अपने साथ ले जाऊँगा।'

उनके कार्यकाल में, श्रीलंका ने 2022 में टी20 एशिया कप जीता और 2023 एशिया कप में उपविजेता भी रहा। इसके अतिरिक्त, टीम ने घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर कई द्विपक्षीय श्रृंखलाएँ जीतीं। इनमें 50 ओवर के प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला जीत और बांग्लादेश पर दो टेस्ट सीरीज जीत शामिल है। एसएलसी ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट क्रिस सिल्वरवुड को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ देता है और उनके कार्यकाल के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देता है। मुख्य कोच और सलाहकार कोच दोनों के इस्तीफे टीम के टी20 विश्व कप अभियान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आए, जिसमें वे सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। श्रीलंका ने नीदरलैंड के खिलाफ केवल एक जीत दर्ज की, जबकि दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा तथा ग्रुप चरण में नेपाल के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

# इंग्लैंड को सेमीफाइनल में हराकर रोने लगे रोहित शर्मा, विराट कोहली ने संभाला

**एजेंसी**

**प्रोविडेंस।** भारत ने इंग्लैंड को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया और इसी के साथ ही टीम इंडिया का एडिलेड में 10 विकेट से हार का बदला भी चुकता हो गया। इस जीत के बाद रोहित शर्मा रोते हुए नजर आए जिसके बाद विराट कोहली ने उन्हें सांत्वना दी। भारत ने एकतरफा मुकाबले में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर सात महीने में अपने दूसरे विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। रोहित ने धैर्य बनाए रखा। भारत ने 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 103 रनों पर ढेर कर दिया और हाथ मिलाने और एक-दूसरे से बातचीत करने के बाद रोहित चुपचाप ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठ गए और अपने विचारों में खो गए। रोहित के साथी विराट कोहली ने अपने कप्तान के चहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रोहित उस कुर्सी पर बैठ गए, उनका ध्यान पहले से ही शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल पर था। पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कमेंट्री में भारतीय कप्तान के मूड को पूरी तरह से व्यक्त करते हुए कहा, 'आप रोहित शर्मा के चेहरे पर राहत देख सकते हैं। उस कुर्सी पर बैठे हुए। वह क्या सोच रहे होंगे? मैं आपको बताता हूं... वह पहले से ही ब्रिजटाउन की ओर देख रहे हैं।

# दीपिका पादुकोण

## सहित इन 8 अभिनेत्रियों ने प्रेग्नेंसी में शूट की फिल्म, जया बच्चन ने कैमरे से इस तरह छुपाया बेबी बंप



एक तरफ जहां पहले ये धारणा थी कि महिलाएं प्रेग्नेंसी में रेस्ट करती हैं या फिर कोई काम करने नहीं जाती। ये सोच अब पूरी तरह से बदल गई है। बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया में, जहां फिजिकल एपियेरेंस को सेंटर में रखा जाता है इन एक्ट्रेसेज ने साबित कर दिया कि वो कुछ भी कर सकती हैं। इन एक्ट्रेसेज ने प्रेग्नेंसी के टाइम पर भी अपने प्रोजेक्ट्स बीच में छोड़े नहीं बल्कि उन्हें पूरा किया।

**दीपिका पादुकोण**

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है दीपिका पादुकोण का। पिछले दिनों दीपिका का एक वीडियो काफी वायरल हुई थी जिसमें वो अपने बेबी बंप के साथ फिल्म कल्कि 2989 एडी को प्रमोट करती नजर आई थीं। इसके अलावा दीपिका ने रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग भी प्रेग्नेंसी में भी की थी।

**ऋचा चड्ढा**

ऋचा चड्ढा जल्द ही अपने पहले बच्चे का वेलकम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने प्रेग्नेंसी के 7वें महीने में अपनी वेब सीरीज हीरामंडी का प्रमोशन किया था।

**यामी गौतम**

आर्टिकल 370 के प्रमोशन के दौरान यामी गौतम ने अपने अपीयेरेंस से सभी को चौंका दिया। एक्ट्रेस को उस समय पहली बार बेबी बंप के साथ देखा गया था। तब पता चला था कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग प्रेग्नेंसी में ही की थी।

**आलिया भट्ट**

आलिया भट्ट ने हाल ही में खुलासा किया था कि उन्हें फिल्म के सेट पर पता लगा था कि वो प्रेग्नेंट हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उस मोमेंट में वो बहुत ही ज्यादा इमोशनल और सरप्राइज हो गई थीं। आलिया ने हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन बेबी बंप के साथ शूट की थी।

**करीना कपूर**

करीना कपूर खान ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी में आमिर खान के साथ फिल्म 'लाल सिंह चड्डा ' के दौरान प्रेग्नेंट थी। ये वो दौर था जिस समय कोरोना अपने चरम पर था।

**नेहा धूपिया**

नेहा धूपिया दूसरी बार प्रेग्नेंट थी और उन्हें लग रहा था कि ऐसे में उन्हें कोई रोल ऑफर नहीं करेगा। इस स्थिति में निर्देशक बेहजाद खंबाटा ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए नेहा को प्रेग्नेंट कॉप का रोल ऑफर किया। नेहा ने 'ए थर्सडे'में ये किरदार निभाया था और उनके रोल के लिए स्क्रिप्ट में बदलाव किया गया था।

**काजोल**

काजोल जब वी आर फैमिली की शूटिंग कर रही थीं तब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट थीं। उस समय युग होने वाला था। काजोल ने उस समय ना सिर्फ फिल्म की शूटिंग की बल्कि प्रमोशन भी किया।

**जया बच्चन**

कल्ट क्लासिक फिल्म शोले की शूटिंग के दौरान जया बच्चन प्रेग्नेंट थीं। उस समय श्वेता बच्चन होने वाली थीं। शूटिंग के दौरान जया बच्चन 3 महीने की प्रेग्नेंट थीं। उन्होंने व्हाइट साड़ी के पीछे अपना बेबी बंप छुपाया था।

## नाना महेश भट्ट से मिलने पहुंची Raha Kapoor, ब्लू फ्रॉक में आलिया भट्ट की बेटी दिखीं बेहद क्यूट




आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी राहा कपूर भी बॉलीवुड के पॉपुलर स्टार किड्स में शामिल हो चुकी हैं। नन्ही राहा की भी फैन फॉलोइंग बढ़ती ही जा रही है। सोशल मीडिया पर जब भी उनका कोई वीडियो आता है तो तेजी से वायरल होने लगता है इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। गुरुवार की सुबह राहा का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी नैनी के साथ नाना के हाउस जाती नजर आ रही हैं। हमेशा की तरह इस बार भी आलिया भट्ट की बेटी बेहद क्यूट अंदाज में नजर आई।

**नाना महेश भट्ट से मिलने पहुंची राहा**

राह कपूर उन बच्चों में से हैं जो नाना-नानी के साथ वक्त बिताना पसंद करते हैं। आलिया अक्सर अपनी लाडली को वीकेंड पर उनके फैमिली से मिलवाने लेकर जाती रही हैं। अब इस बार भी कुछ ऐसा ही रहा। गुरुवार को राहा सुबह सुबह नाना महेश भट्ट के घर उनसे मिलने पहुंची।

**ब्लू फ्रॉक में क्यूट दिखीं राहा**

इस दौरान उन्होंने ब्लू एंड व्हाइट कलर की फ्लोरल फ्रॉक पहनी हुई थी, जिसमें बहुत प्यारी लग रही थी। इसी के साथ राहा का डबल-ट्रबल हेयरस्टाइल भी देखने को मिला। इस उनके साथ उनकी दो नैनी भी नजर आईं जो उन्हें महेश भट्ट की बिल्डिंग के अंदर लेकर जाती हैं।राहा ने देखा अपना नया घर बीते दिनों राहा मम्मी-पापा के साथ अपना नया घर देखने पहुंची थी। इस मौके पर आलिया बैज कलर के टॉप और मैचिंग पैंट में दिखाई दी थी। तो वहीं, राहा प्रिंटेड बीज आउटफिट और ब्लैक शूज में नजर आई थीं।

**पेरेंट्स को सुबह उठाती हैं नन्ही राहा**

बीते दिनों न्यूज18 शोशा को एक इंटरव्यू में आलिया ने बताया था कि उनका सुबह का पूरा रूटीन पूरा बदल गया है। अब राहा ही हमें जगाने आती है। सबसे पहला काम उसे देखना और उसे गले लगाना है।

## मैंने उसे उस दिन बहुत मारा..., जब Kartik Aaryan की मां ने कर दी थी उनकी सैंडल से पिटाई



द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का फिनाले एपिसोड काफी धमाकेदार था। इसका पूरा क्रेडिट जाता है कार्तिक आर्यन की मां माला को, जिन्होंने एक्टर के बचपन के कई सारे किस्से और कहानियां फैंस के लिए शेयर कीं।दरअसल, कार्तिक आर्यन अपनी मां के साथ द ग्रेट इंडियन कपिल शोके ग्रैंड फिनाले में आए थे। उन्होंने ऑडियंस और कपिल से कई सारी बाते शेयर कीं और बताया कि बचपन में कार्तिक आर्यन कितने शरारती हुआ करते थे।

शो के दौरान कार्तिक आर्यन की मां माला ने खुलासा किया कि कार्तिक आर्यन कोचिंग क्लास बंक किया करते थे और इस वजह से एक दिन उन्होंने गुस्से में आकर एक्टर को सैंडल से बहुत पीटा था। एक्टर की मां ने खुद को स्ट्रिक्ट पेरेंट बताया और कहा कि उन्होंने कार्तिक को रंगे हाथों पकड़ लिया था।

**मां ने किया कार्तिक आर्यन का पीछा**

चंदू चैंपियन एक्टर की मां ने बताया कि वो कार्तिक को पढ़ाती थीं। इस वजह से एक्टर पर नजर रखने के लिए वह कई बार उसका पीछा भी करती थीं।

उन्होंने बताया कि जब कार्तिक 10वीं या 12वीं कक्षा में थे तो उन्हें कार्तिक की एक टीचर का फोन आया था, जिन्होंने बताया कि वह एक या दो क्लास मिस कर रहे हैं। इस वजह से अगले दिन जब कार्तिक कोचिंग क्लास के लिए निकले तो उनकी मां चुपचाप उनका पीछा करने लगीं।

मां ने देखा कि कार्तिक कोचिंग छोड़कर अपने दोस्तों के साथ बाजरा पीसने की दुकान के पीछे चले गए। वहां बच्चों ने बड़ी स्क्रीन लगा रखी थी और वीडियो गेम खेल रहे थे। कार्तिक आर्यन अपनी मां को देखकर डर गए और मां उन्हें तुरंत घर ले आईं।

**सैंडल से हुई कार्तिक की पिटाई**

कार्तिक पूरे रास्ते भर नहीं मम्मी, नहीं मम्मी करते रहे। घर पहुंचकर उनकी मां इतने गुस्से में थीं कि वो कार्तिक को मारने के लिए कोई चीज ढूंढ़ने लगीं। इतने में मां के हाथ में सैंडल आ गई और उन्होंने उसी से कार्तिक की पिटाई कर दी।

## Shatrughan Sinha ने शेयर किया Sonakshi Sinha और जहीर इकबाल की शादी का वीडियो, मंत्रोच्चार के बीच हुईं ये रस्में

शत्रुघ्न सिन्हा अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी के बाद बेहद खुश हैं। उन्होंने फैंस के लिए सोशल मीडिया पर वेडिंग के अनदेखे वीडियो और फोटो शेयर किए हैं। इसके साथ ही अभिनेता ने बधाई देने के लिए लोगों को का शुक्रिया अदा किया और इसे सदी की शादी कहा। वीडियो में सबसे ज्यादा ध्यान रीति रिवाजों ने खींचा।



मशहूर अभिनेता और राजनीतिज्ञ शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी की खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। बेटी की शादी की खुशी के मौके पर शत्रुघ्न सिन्हा ने फैंस और चाहने वालों को वेडिंग अनदेखी झलकियां दिखाते हुए आशीर्वाद देने के लिए शुक्रिया अदा किया।

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून को सिविल मैरिज की। जहां उनके परिवार के साथ करीबी दोस्त शामिल हुए।

**सोनाक्षी के शादी के अनदेखे पल**

शत्रुघ्न सिन्हा बेटी सोनाक्षी सिन्हा शादी के दो वीडियो और दो तस्वीरें शेयर की हैं। जहीर और सोनाक्षी की रजिस्टर्ड मैरिज शत्रुघ्न सिन्हा के मुंबई स्थित घर रामायण में हुई। इसके बाद शाम को कपल ने होटल बास्टियन में रिसेप्शन का ग्रैंड फंक्शन रखा, जिसकी इनसाइड इमेज भी शत्रुघ्न सिन्हा ने शेयर की है।

**सिविल मैरिज के साथ रीति-रिवाज**

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने भले सिविल मैरिज की, लेकिन इस दौरान कुछ रीति- रिवाज भी किए। शत्रुघ्न सिन्हा के शेयर किए पहले वीडियो में दूल्हा- दुल्हन परिवार के साथ हाथ जोड़े बैठे हैं और पंडितजी मंत्र पढ़ते हुए दिख रहे हैं। वहीं, दूसरे वीडियो में सोनाक्षी की ब्राइडल एंट्री शामिल है, जिसमें एक्ट्रेस के दोस्त चादर वाली रस्म अदा करते हुए दिखे। इनमें एक्टर साकिब सलीम भी नजर आए।

**बेटी- दामाद पर लुटाया प्यार**

शत्रुघ्न सिन्हा ने रिसेप्शन की भी झलक दिखाई। पहली फोटो में न्यूली वेड कपल गेस्ट के साथ पोज करते हुए दिखा। वहीं, दूसरी फोटो में सोनाक्षी और जहीर, शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा के साथ पोज करते दिखे। पोस्ट को शेयर करते हुए एक्टर ने बेटी की शादी को सदी की शादी बताया

**शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा सदी की शादी**

शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, हमारे साथ हमारे खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए हम सभी का आभार व्यक्त करना चाहते हैं। आपकी गर्मजोशी, प्यार और मैसेज के साथ हमारी प्यारी बेटी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी सदी की शादी जैसी लगती है, क्योंकि वे अपने जिंदगी के खूबसूरत सफर में एक नया चैप्टर शुरू कर रहे हैं।